सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 14 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 130, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 50 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। } 10

बीजिंग पहुंचे राष्ट्रपति ट्रंप, कई मुद्दे पर करेंगे चर्चा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर चीन पहुंचे। इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ ईरान युद्ध सहित कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। } 12

सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ा

सरकार ने आयात पर अंकुश लगाने व रुपये को सहारा देने के लिए उठाया कदम

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण तेल एवं उर्वरक की अधिक खरीद से विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ रहे दबाव को रोकने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के लिए सोने तथा चांदी पर आयात शुल्क बुधवार को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद यह घोषणा की गई है।

भारत बहुमूल्य धातुओं का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है जिनकी कीमतों में हाल के महीनों में निवेश सहित मांग में निरंतर वृद्धि के कारण उछाल आया है। कच्चे तेल के बाद सोने का भारत के आयात में दूसरा बड़ा हिस्सा है और बढ़ती खरीद से विदेशी मुद्रा का इस्तेमाल बढ़ा है जिससे रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया है। उच्च शुल्क के कारण सोने और चांदी की ...शेष पृष्ठ 10 पर

अमूल व मदर डेयरी ने बढ़ाये दूध के दाम

नयी दिल्ली। अमूल और मदर डेयरी ने बुधवार को बढ़ती लागत के कारण पूरे भारत में दूध की कीमतें दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने की घोषणा की। नई दरें कल यानी 14 मई से लागू होंगी। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन अमूल ...शेष पृष्ठ 10 पर

मुलायम के छोटे पुत्र प्रतीक यादव का असामयिक निधन

○ लखनऊ के पिपराघाट में आज होगा अंतिम संस्कार ○ पीएम रिपोर्ट के अनुसार फेफड़ों की धमनियों में खून का बड़ा थक्का जमने से मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह लखनऊमें निधन हो गया। वह लगभग 38 वर्ष के थे। अखिलेश यादव ने प्रतीक के निधन पर शोक व्यक्त किया और मामले की जांच कराए जाने के बारे में पूछने पर कहा कि परिवार जो फैसला करेगा, उसी के अनुरूप काम किया जाएगा।

वहीं, सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने मामले की जांच उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराने की मांग की। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, तबीयत खराब होने पर प्रतीक को सुबह सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रतीक के शव का किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में पोस्टमार्टम किया गया। उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, प्रतीक की जब मौत हुई तब अपर्णा उत्तर प्रदेश से बाहर थीं और पति की मौत की खबर मिलने के बाद वह दोपहर में अपने आवास पर पहुंची। दोपहर में पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद, प्रतीक के शव को केजीएमयू से विक्रमादित्य मार्ग पर स्थित उनके आवास पर ले जाया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा सपा मुखिया अखिलेश यादव, उनकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएम योगी ने दिवंगत आत्मा को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के घर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने उनके पति प्रतीक यादव के निधन पर शोक प्रकट करते हुए पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि दी। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

सीबीएसई : 12वीं का परिणाम घोषित

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस साल 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परिणाम से पता चलता है कि पिछले साल के मुकाबले इस साल उत्तीर्ण होने वाले छात्रों का प्रतिशत तीन प्रतिशत से अधिक कम हो गया है। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि 85 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कुल 94,028 बच्चों (कुल विद्यार्थियों का 5.32 प्रतिशत) ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, वहीं 17,113 बच्चों (कुल विद्यार्थियों का 0.97 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि 1,63,800 अधिक विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है, जो पिछले साल के मुकाबले करीब दो प्रतिशत ज्यादा है। पिछले साल 1,29,095 विद्यार्थी इस श्रेणी में थे।

पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत चार को उम्रकैद

प्रयागराज। जिले की एक विशेष अदालत ने 46 वर्ष पुराने हत्या के मामले में बाहुबली पूर्व विधायक विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने बुधवार को विजय मिश्रा, जीत नारायण, संतराम मिश्रा और बलराम मिश्रा को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत कठोर आजीवन कारावास तथा एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसके अलावा अदालत ने सभी आरोपियों को आईपीसी की धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष के कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने से भी दंडित किया। अदालत ने चारों आरोपियों को एक दिन पहले ही दोषी करार दिया था।

मोदी ने शुरू किया ईंधन बचाओ अभियान

○ अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या घटायी ○ प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बरकरार

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईंधन से चलने वाले वाहनों के उपयोग में कमी लाने और मितव्ययिता उपाय अपनाने की अपील करने के कुछ दिन बाद अपने काफिले में शामिल वाहनों की संख्या काफी कम कर दी है। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो रेल सेवाओं का उपयोग करने, कार पूलिंग अपनाने, इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक इस्तेमाल, पार्सल ढुलाई के लिए रेलवे सेवाओं का उपयोग करने और वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) को बढ़ावा देने का सुझाव दिया था।

प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद कई भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह का कदम उठाया है और अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या कम कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की हालिया घरेलू यात्राओं के दौरान उनके काफिले में शामिल वाहनों की संख्या कम की गई है। हालांकि, विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) के प्रोटोकॉल के अनुसार आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों को बरकरार रखा गया है। सूत्रों के अनुसार, हैदराबाद में रविवार को मितव्ययिता उपायों के संबंध में दिए गए प्रधानमंत्री के भाषण के तुरंत बाद गुजरात और असम में उनके काफिले में कारों की संख्या को कम कर दिया गया। सूत्रों ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने जहां संभव हो, बिना नए वाहन खरीदे अपने काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी अपने काफिले में वाहनों की संख्या घटा दी। सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री यादव ने मंत्रिपरिषद के सदस्यों से राष्ट्रीय हित में पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने की अपील की और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री के काफिले में अब पहले के 13 वाहनों की तुलना में केवल आठ वाहन शामिल होंगे। अधिकारी ने बताया कि उनके दौरों के दौरान वाहन रैलियां भी आयोजित नहीं की जाएंगी। सभी मंत्री अपनी यात्राओं के दौरान न्यूनतम वाहनों का उपयोग करेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी मंत्रियों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

ईंधन का संरक्षण राष्ट्रीय दायित्व : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आह्वान करते हुए शासन में मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और जनप्रेरक आचरण की नई कार्यसंस्कृति विकसित करने का संदेश दिया है। उन्होंने मंत्रीगणों से अपनी वाहन फ्लीट को 50 प्रतिशत तक कम करने का भी आह्वान किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने अगले छह माह तक प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर विदेश यात्राओं से परहेज करने के निर्देश दिए हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सम्पन्न विस्तारित मंत्रिमंडल की पहली बैठक में मुख्यमंत्री ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक उत्तरदायी, अनुशासित और संसाधन-संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल और डीजल की खपत को न्यूनतम रखने संबंधी आह्वान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल को स्वयं आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रीगण सप्ताह ...शेष पृष्ठ 10 पर

नीट पेपर लीक : देशभर में चला तलाशी अभियान

सीबीआई ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार, कई अन्य की तलाश जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और देश भर में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चला रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने जयपुर से तीन, गुरुग्राम से एक और नासिक से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि कई अन्य संदिग्धों से विभिन्न शहरों में पूछताछ की जा रही है और उन्हें बाद में गिरफ्तार किया जा सकता है।

राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने 2022 की स्कूल प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में एक डमी (फर्जी) अभ्यर्थी को मदद पहुंचाने के लिए सरकारी रिकॉर्ड में कथित तौर पर हेरफेर करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गये लोगों में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) ...शेष पृष्ठ 10 पर

जगह-जगह हुआ प्रदर्शन

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने नीट-यूजी 2026 का प्रश्नपत्र लीक होने और अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद परीक्षा रद्द किए जाने के खिलाफ बुधवार को दिल्ली में एनटीए के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी की और कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में व्यापक पारदर्शिता बरतने की मांग भी की। विरोध प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी के सदस्यों ने एनटीए ...शेष पृष्ठ 10 पर

धामी कैबिनेट ने लिए कई अहम फैसले

वर्क फ्रॉम होम, नो व्हीकल डे और ईवी नीति पर सरकार का फोकस

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। वैश्विक तनाव और आर्थिक अस्थिरता के बीच उत्तराखंड सरकार ने ऊर्जा संरक्षण, स्वदेशी प्रोत्साहन और संसाधनों के प्रभावी उपयोग को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिनका उद्देश्य राज्य में ऊर्जा बचत को जनआंदोलन का स्वरूप देना है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कोविड महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था लगातार दबाव में है। रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन, खाद्यान्न और उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि हुई है, जिसका सीधा असर आम जनजीवन और आर्थिक व्यवस्था पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप नागरिकों को छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण और स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सरकार ने प्रशासनिक ढांचे में तकनीक आधारित सुधारों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। सरकारी बैठकों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का अधिक उपयोग किया जाएगा, जबकि निजी क्षेत्र में वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और सप्ताह में एक दिन नो व्हीकल डे लागू किया जाएगा। राज्य सरकार ने सरकारी एवं प्रशासनिक स्तर पर वाहनों के उपयोग में संयम बरतने का निर्णय लिया है। मंत्रियों और अधिकारियों के अनावश्यक वाहन उपयोग को सीमित किया जाएगा तथा संसाधनों के अधिकतम एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

○ संग्रहालयों में दो माह तक नि:शुल्क प्रवेश (पृष्ठ-02)
○ गोमती समेत कई छोटी नदियों का पुनरुद्धार शुरू (पृष्ठ-02)
○ रुपया 95.67 प्रति डॉलर पर हुआ बंद (पृष्ठ-10)
○ भविष्य निधि से पैसा निकालना होगा आसान (पृष्ठ-10)
○ सोने की तस्करी पर निगरानी होगी तेज (पृष्ठ-10)

विशेष खबर — सरकार ने कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की योजना को दी मंजूरी

सरकार ने धान का एमएसपी 72 रुपये बढ़ाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 72 रुपये बढ़ाकर 2,441 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। इसके साथ सरकार ने दलहन, तिलहन और कपास के एमएसपी में भी बढ़ोतरी

○ केन्द्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों से किसानों में खुशी की लहर सूरजमुखी बीज में सर्वाधिक 622 रुपये की वृद्धि
○ सरकार ने कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी
○ मंत्रिमंडल ने अहमदाबाद व धोलेरा के बीच 134 किलोमीटर लंबी सेमी-हाई स्पीड रेललाइन को मंजूरी दी

का फैसला किया। आयात पर निर्भरता घटाने और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए इन फसलों के एमएसपी में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में बुवाई शुरू होने से पहले 14 खरीफ फसलों के एमएसपी को मंजूरी दी गई। वहीं एक अन्य निर्णय में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के अहमदाबाद और धोलेरा के बीच 134 किलोमीटर लंबी सेमी-हाई स्पीड वाली दोहरी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी। इस पर लगभग 20,667 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह भारतीय रेलवे का पहला सेमी-हाई-स्पीड गलियारा होगा जिसे स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक के साथ बनाया जाएगा। कोयले से गैस बनाने वाली परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 37,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी।

इसका उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाना और एलएनजी, यूरिया एवं मेथनॉल जैसे आयातित उत्पादों पर निर्भरता को कम करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी दी गई। यह योजना सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए लाई गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना के लिए 37,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और इसके जरिये करीब 2.5 से तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। इसके तहत 7.5 करोड़ टन कोयले के गैसीकरण से जुड़ी परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। खरीफ फसलों की बुवाई आमतौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है। इस फैसले के तहत, खरीफ सत्र के धान की सामान्य और ए-ग्रेड किस्मों का एमएसपी ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में किसानों को सब्सिडी पर मिलेगी गोबर की जैविक खाद

विशेष संवाददाता

○ 7500 गो आश्रय स्थलों पर तैयार होगी जैविक खाद
○ डीएपी-यूरिया के साथ मिलेगा 50 किलो का पैकेट

लखनऊ। प्रदेश सरकार गोपालकों, स्वयं सहायता समूहों और किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। सरकार अब प्रदेश के लगभग 7500 गो आश्रय स्थलों पर गोबर से बड़े पैमाने पर जैविक खाद तैयार कराएगी, जिसे किसानों को सब्सिडी पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसे गोसंरक्षण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने की दिशा में योगी सरकार का बड़ा और दूरगामी कदम माना जा रहा है। इस योजना के तहत तैयार होने वाली जैविक खाद को 50 किलो के पैकेट में उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि हर किसान तक इसे आसानी से पहुंचाया जा सके। कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्रों और एजेंसियों के माध्यम से इसकी टेस्टिंग व खरीद की जाएगी। इससे ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं, पशुपालकों और स्वयं सहायता समूहों के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। गोबर से खाद तैयार करने के लिए बाकायदा ट्रेनिंग देकर प्रशिक्षक तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब गोसंरक्षण, प्राकृतिक खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

संग्रहालयों में दो माह तक मिलेगा निःशुल्क प्रवेश

'विजिट माय स्टेट' अभियान से यूपी पर्यटन को मिलेगी नयी उड़ान, हेरिटेज स्थलों पर डेस्टिनेशन वेडिंग बढ़ाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वैश्विक अनिश्चितताओं के मौजूदा दौर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में बुधवार को पर्यटन निदेशालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक हुई। मीटिंग में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को 'आपदा में अवसर' बताते हुए पर्यटन क्षेत्र को नई संभावनाओं से जोड़ने पर बल दिया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में राज्य के हेरिटेज स्थलों, ईको साइट्स, किलों समेत अन्य स्थलों को डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में बढ़ावा देने तथा 'विजिट माई स्टेट' अभियान शुरू करने के निर्देश दिए।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'पर्यटन विभाग 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से काम करेगा। उन्होंने 'विजिट माय स्टेट' अभियान के तहत संग्रहालयों में आगामी दो माह तक निःशुल्क प्रवेश सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही, वाराणसी, आगरा, मथुरा, लखनऊ, प्रयागराज, मिजार्पुर और अयोध्या जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के लिए आकर्षक और अनुभवपरक टूर पैकेज तैयार करने के लिए टूर ऑपरेटर्स के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

- वाराणसी, आगरा, मथुरा, लखनऊ, प्रयागराज, मिजार्पुर और अयोध्या जैसे स्थलों के लिए बनाएं आकर्षक टूर

पर्यटन मंत्री ने कहा, 'प्रदेश सरकार प्रशासनिक कार्यों में मितव्ययिता, संसाधनों के समुचित उपयोग और बेहतर समन्वय को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। इसी क्रम में अधिकारियों को सरकारी वाहनों के उपयोग को न्यूनतम रखने, आपसी समन्वय स्थापित कर एक ही वाहन से कार्यालय आने तथा विभागीय फ्लीट में शामिल गाड़ियों की संख्या कम करने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन विभाग की ओर से संचालित राही पर्यटक आवासों में पर्यटकों को 25 प्रतिशत तक की रियायत प्रदान कर घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी विदेश यात्राओं के बजाय उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहरों का भ्रमण करें। साथ ही, पर्यटकों को गोशालाओं, प्राचीन मंदिरों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए विशेष पर्यटन व्यवस्थाएं विकसित किए जाने पर भी जोर दिया गया, जिससे आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ग्रामीण और सांस्कृतिक पर्यटन को भी नई गति मिल सके।

साथ ही, पर्यटन महानिदेशक को निर्देश दिए कि वे रेस्टोरेंट एसोसिएशन से समन्वय स्थापित कर पर्यटकों को भोजन एवं अन्य सेवाओं पर विशेष छूट उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर कार्य करें। पर्यटन मंत्री ने स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, कि नागरिक, वेडिंग प्लानर एवं आयोजनकर्ता डेस्टिनेशन वेडिंग सहित अन्य पारिवारिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए प्रदेश के भीतर उपलब्ध विरासत स्थलों को प्राथमिकता दें। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के हेरिटेज स्थल, प्राचीन किले, ईको टूरिज्म साइट्स और सांस्कृतिक परिसर डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए अत्यंत उपयुक्त हैं। मंत्री ने मिजार्पुर स्थित ऐतिहासिक चुनार किला एवं राजधानी लखनऊ की छतर मंजिल को शीघ्र तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित, अनुशासित और प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि विभिन्न जनपदों के क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, वरिष्ठ अधिकारियों की पूर्व अनुमति के बिना निदेशालय आने से बचें। आवश्यक बैठकों एवं समन्वय कार्यों के लिए वर्चुअल माध्यमों का अधिकतम उपयोग करें। उन्होंने ये भी कहा कि इस व्यवस्था से समय और संसाधनों की बचत के साथ प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। बैठक में महानिदेशक पर्यटन वेदपति मिश्रा, निदेशक पर्यटन (इको टूरिज्म) पुष्प कुमार के०, यूपीएसटीडीसी एमडी आशीष कुमार सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

लीड्स 2025 रैंकिंग में यूपी को एक्सेम्पलर अवार्ड

लॉजिस्टिक्स व इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में देश का अग्रणी राज्य बना यूपी

नई दिल्ली/लखनऊ। लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर उत्तर प्रदेश ने देश में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए लॉजिस्टिक्स ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स लीड्स 2025 रैंकिंग में लैंडलॉक्ड राज्यों में सर्वोच्च एक्सेम्पलर पुरस्कार प्राप्त किया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला लैंडलॉक्ड राज्य बनकर उभरा है। पिछले तीन साल (2022 से 2024) तक लगातार अचीवर रहने के बाद, इस साल शीर्ष पायदान पर राज्य की यह छलांग यहां के बेहतरीन कनेक्टिविटी नेटवर्क और प्रभावी नीतिगत सुधारों का सीधा परिणाम है।

यह सम्मान आज केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में आयोजित लीड्स रिपोर्ट एवं लीप्स पुरस्कार समारोह के दौरान प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश की ओर से यह पुरस्कार इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने प्राप्त किया।

वर्ष 2018 में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईटी) की ओर से शुरू की गई लीड्स पहल राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन का आकलन करने के लिए एक राष्ट्रीय बेंचमार्किंग फ्रेमवर्क है। इस रैंकिंग में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाएं, नियामकीय व्यवस्था तथा परिचालन दक्षता जैसे महत्वपूर्ण मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। इन्वेस्ट यूपी के एसीईओ ने इस सफलता पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप लॉजिस्टिक्स सेक्टर को राज्य की 'वन ट्रिलियन डॉलर' अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार बनाया गया है। उन्होंने जोड़ देकर कहा कि 'उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति 2022' के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश का लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम अभूतपूर्व रूप से मजबूत हुआ है। राज्य सरकार ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप सिटी लॉजिस्टिक्स मास्टर प्लान विकसित किए हैं, जिनका उद्देश्य एकीकृत एवं कुशल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तैयार करना है।

इन पहलों से परिवहन लागत में कमी, अंतिम छोर तक बेहतर कनेक्टिविटी और सप्लाई चेन दक्षता में सुधार सुनिश्चित हो रहा है। उत्तर प्रदेश लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिंग सुविधाओं, ग्रामीण गोदामों और कोल्ड-चेन इंफ्रास्ट्रक्चर में निजी निवेश एवं पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल को बढ़ावा देकर लॉजिस्टिक्स विकास को गति दे रहा है। एक्सप्रेसवे, फ्रेट कॉरिडोर और आगामी हवाई अड्डों के आसपास रणनीतिक लॉजिस्टिक्स हब विकसित किए जा रहे हैं, जिससे उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख लॉजिस्टिक्स पावरहाउस के रूप में उभर रहा है।

गोमती समेत कई छोटी नदियों का पुनरुद्धार शुरू

विलुप्त हो रहीं नदियां को वास्तविक स्वरूप में लौटाने को कार्य जारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार 'एक जिला-एक उत्पाद' की वैश्विक सफलता के बाद अब 'एक जिला-एक नदी' अभियान के जरिए जल संरक्षण और पर्यावरण पुनरुद्धार की नई इबारत लिख रही है। इसके जरिए नदियों को साफ करने, विलुप्त हो चुकी जलधाराओं को पुनर्जीवित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी तंत्र में सकारातमक बदलाव लाने का काम किया जा रहा है।

स्वच्छ गंगा मिशन के तहत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने कई विभागों के साथ मिलकर प्रदेशभर में छोटी नदियों के पुनरुद्धार के लिए परिवर्तनकारी पहल की है। पीलीभीत में 16 ग्राम पंचायतों में फैली 47 किलोमीटर के क्षेत्र में गोमती नदी का पुनरुद्धार किया गया।

कई जगहों पर नहर को चौड़ा व गहरा किया गया। साथ ही 23 तालाबों का जीर्णोद्धार करने और घाटों के निर्माण के माध्यम से नदी ने अपना निरंतर प्रवाह फिर से प्राप्त कर लिया है। इससे 1,53,000 से अधिक मानव-दिवस का रोजगार सृजित हुआ, जबकि 500 से अधिक किसानों ने प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को अपनाया। घाटों पर शाम की आरती और योग सत्रों ने गोमती को एक पवित्र और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में पुनः स्थापित किया है।

बुलंदशहर में वीबी-जी राम जी के जरिए 29 किलोमीटर में नीम नदी का पुनरुद्धार किया गया। इसमें किसानों ने भी स्वेच्छा से सहयोग किया। इस पहल की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में सराहना भी की थी। इसके साथ ही कारवान नदी और काली नदी का भी पुनरुद्धार किया गया, जहां दर्जनों ग्राम पंचायतों में गाद निकालने, पौधरोपण और सामुदायिक भागीदारी से घाटों पर सिंचाई, जैव विविधता और सांस्कृतिक प्रथाओं को बहाल किया गया। इसी तरह छोटे-छोटे नालों में बदल चुकी संभल की सोत नदी को जनभागीदारी से जीवनदान दिया गया। रामपुर में रेवती, नाहल और नीली, तीन मौसमी धाराओं को पुनर्जीवित किया गया। यहां नहरों की सफाई, रिचार्ज पिट (वर्षा जल संचयन), फिल्टर कक्ष और पौधरोपण से बड़ा बदलाव आया।

राज्य स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना निदेशक जोगिन्द्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में छोटी नदियों के जीर्णोद्धार से शानदार परिणाम सामने आए हैं। ये नदियां जो कभी लगभग विलुप्त हो चुकी थीं, अपने वास्तविक रूप में लौट रही हैं। इससे बाढ़ नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। साथ ही सिंचाई के लिए जिलों में बेहतर जल धाराएं उपलब्ध हुई हैं। इन छोटी नदियों और जल संसाधनों को पुनर्जीवित एवं संरक्षित करने के लिए प्रशासनिक विभागों के साथ वीबी-जी राम जी को भी जोड़ा गया। इससे रोजगार सृजन से ग्रामीण आजीविका मजबूत हुई। इन जलस्त्रोतों के जरिए किसानों को आस-पास के क्षेत्र में प्राकृतिक खेती करने में भी मदद मिल रही है।

नदियों के पुनरुद्धार के साथ घाटों पर सांस्कृतिक परंपराओं का भी पुनर्जीवन हो रहा है। लगभग सभी जगहों पर अब दैनिक आरती और योग सत्र भी हो रहे हैं। सीएम योगी के विजन 'एक जिला-एक नदी कार्यक्रम' के बेहतरीन परिणाम जल्द ही पूरे उत्तर प्रदेश में देखने को मिलेंगे।

इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता रैंकिंग दिलाने की तैयारी

स्टेट क्वालिटी फ्रेमवर्क लागू, इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक, एनआईआरएफ और एनबीए मानकों को लेकर अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और तकनीकी विश्वविद्यालयों को नैक मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए व्यापक सुधार अभियान चलाया जा रहा है।

सरकार का लक्ष्य केवल डिग्री आधारित शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीकी संस्थानों को अकादमिक उत्कृष्टता, रिसर्च, नवाचार और रोजगारपरक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करना है।

तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लागू किए गए स्टेट क्वालिटी फ्रेमवर्क (एसक्यूएफ) को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस फ्रेमवर्क के माध्यम से प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए नैक, एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) और एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिएशन) आधारित गुणवत्ता मानकों को व्यवस्थित रूप से लागू किया जा रहा है। इससे तकनीकी संस्थानों की रैंकिंग, शैक्षणिक गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में सुधार आने की उम्मीद है।

प्रदेश में वर्तमान समय में 14 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, एचबीटीयू, एमएमएमयूटी और एकेटीयू जैसे प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ 771 निजी इंजीनियरिंग एवं फामेर्सी संस्थान संचालित हो रहे हैं। इतने बड़े नेटवर्क को एक समान गुणवत्ता ढांचे से जोड़ना सरकार की तकनीकी शिक्षा सुधार नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है।

सरकार की रणनीति केवल नीतिगत घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संस्थानों को व्यावहारिक रूप से तैयार करने पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में कॉलेजों के लिए सेल्फ-असेसमेंट प्रोफॉर्मा तैयार किया गया है, ताकि संस्थान स्वयं अपनी शैक्षणिक और प्रशासनिक गुणवत्ता का मूल्यांकन कर सकें। इसके अलावा इंजीनियरिंग कॉलेजों को एसआईआरएफ (स्टेट इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा रहा है, जिससे डेटा आधारित मूल्यांकन और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेशभर में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने की भी तैयारी की गई है। इन कार्यशालाओं के जरिए संस्थानों को नैक की आवश्यकताओं, दस्तावेजीकरण, रिसर्च आउटपुट, फैकल्टी डेवलपमेंट और छात्र सुविधाओं से जुड़े मानकों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही कॉलेजों में उपलब्ध डेटा और नैक दिशा-निर्देशों के बीच अंतर का भी मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि कमियों को समय रहते दूर किया जा सके। विभाग से जुड़े अधिकारियों के अनुसार योगी सरकार का यह प्रयास प्रदेश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है।

लंबे समय तक उत्तर प्रदेश के कई तकनीकी संस्थान केवल सीट भरने तक सीमित माने जाते थे, लेकिन अब सरकार उन्हें गुणवत्ता आधारित शिक्षा मॉडल की ओर ले जाने का प्रयास कर रही है। नई शिक्षा नीति के अनुरूप तकनीकी संस्थानों में रिसर्च, इनोवेशन, इंडस्ट्री कनेक्ट और स्किल डेवलपमेंट पर बढ़ते फोकस को भी इस पहल से मजबूती मिलने की संभावना है। सरकार का उद्देश्य ऐसे तकनीकी संस्थान विकसित करना है जो केवल डिग्री न दें, बल्कि छात्रों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार करें।

सरकार की यह पहल एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य से भी जुड़ी मानी जा रही है। बेहतर तकनीकी शिक्षा, कुशल मानव संसाधन और उद्योगों के लिए प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति दे सकती है।

डिप्टी सीएम समेत कई मंत्रियों ने गाड़ियों की संख्या घटाई

संसाधन बचाने के लिए वर्चुअल बैठकें, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। वैश्विक परिस्थितियों और संसाधनों के संयमित उपयोग को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील का असर उत्तर प्रदेश सरकार में दिखाई देने लगा है। बुधवार से कई मंत्रियों ने अपनी फ्लीट कम कर दी है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को अपने साथ चलने वाली गाड़ियों की संख्या आधी करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

वहीं, मत्स्य मंत्री डा. संजय निषाद ने भी अपना काफिला घटा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपने दौरे भी फिलहाल सीमित कर दिए हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अपने साथ चलने वाली चार गाड़ियों में से दो गाड़ियां हटाने का निर्णय लिया है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने भी अपनी फ्लीट का एक वाहन कम कर दिया है। सरकार के इस कदम को प्रशासनिक सादगी और संसाधनों की बचत से जोड़कर देखा जा रहा है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। उन्होंने अधिकतर बैठकें और कार्यक्रम वर्चुअल माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वर्क फ्राम होम और वर्चुअल मीटिंग से ईंधन के साथ समय और संसाधनों की भी बचत होगी।

प्रदेश में स्टांप तथा पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने वाहनों की संख्या को सीमित करते हुए केवल एक एस्कॉर्ट वाहन का उपयोग करने का निर्णय लिया है। रवींद्र जायसवाल ने आज बनारस से जौनपुर, प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर और बाराबंकी होते हुए लखनऊ पहुंचने के दौरान इन सभी पांचों जिलों के प्रशासन की ओर से बॉर्डर-टू-बॉर्डर सुरक्षा प्रदान करने वाले वाहनों के बड़े काफिले को साथ लेकर चलने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि इससे ईंधन की पर्याप्त बचत होगी तथा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। वहीं, उत्तर प्रदेश विधान सभा की विभिन्न संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम भी अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिए गए हैं।

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश पर प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे ने बुधवार को इसके आदेश जारी कर दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने संसदीय समितियों के अध्ययन भ्रमण किये स्थगित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के निर्देश पर विधानसभा की विभिन्न संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित अध्ययन भ्रमण कार्यक्रमों को अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 मई को की गई अपील के मद्देनजर लिया गया है। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी कार्यालय-ज्ञाप के अनुसार, देशहित एवं वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संसदीय समितियों के सभी अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का सम्मान करते हुए विधानसभा की ओर से यह निर्णय लिया गया है, ताकि राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी संसाधनों एवं व्यवस्थाओं का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं संस्थाओं की यह जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रहित के प्रत्येक आह्वान में सहभागी बनें और परिस्थितियों के अनुरूप संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का परिचय दें। विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

- प्रधानमंत्री मोदी की अपील के मद्देनजर लिया गया निर्णय

खरीफ फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ने से किसानों में खुशी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्र सरकार की ओर से खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में की गई वृद्धि का स्वागत किया है। उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय किसानों की आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक बड़ा कदम है। कृषि मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि समर्थन मूल्य में इस ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी से प्रदेश के किसानों की आय में भारी वृद्धि होगी और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आएगा।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2013-14 की तुलना में वर्ष 2026-27 के लिए घोषित समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। सामान्य श्रेणी के धान का समर्थन मूल्य अब 2,441 रुपये प्रति कुंतल हो गया है, जो वर्ष 2013-14 की तुलना में 1,131 रुपये अधिक है। इसी प्रकार ग्रेड-ए धान के मूल्य में 1,116 रुपये की वृद्धि के साथ इसे 2,461 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

मोटे अनाजों में ज्वार (हाइब्रिड) के मूल्य में वर्ष 2013-14 के मुकाबले 2,523 रुपये की वृद्धि करते हुए इसे 4,023 रुपये प्रति कुंतल किया गया है। बाजरा 2,775 रुपये और मक्का 2,410 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। रागी के मूल्य में 3,705 रुपये की बड़ी वृद्धि के साथ अब यह 4,886 रुपये प्रति कुंतल हो गया है। दलहन और तिलहन फसलों के मूल्यों में भी केंद्र सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया गया है। अरहर (तुअर) के मूल्य में 4,150 रुपये की भारी वृद्धि की गई है, जिससे इसका नया मूल्य 8,450 रुपये प्रति कुंतल हो गया है। मूँग 8,780 रुपये और उर्द 8,200 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीदे जाएंगे।

तिल के समर्थन मूल्य में 5,846 रुपये की रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी के साथ इसे 10,346 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। सूरजमुखी के मूल्य में 4,643 रुपये की वृद्धि की गई है, जिससे इसका नया भाव 8,343 रुपये प्रति कुंतल होगा। सोयाबीन और मूँगफली के दाम क्रमशः 5,708 रुपये और 7,517 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किए गए हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह समर्पित है।

एकेटीयू की कार्य परिषद की बैठक में लिए गये महत्वपूर्ण फैसले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में 55वीं कार्य परिषद् की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सहयुक्त संस्थान राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मिजार्पुर, बस्ती, गोंडा एवं प्रतापगढ़ के शैक्षणिक पद सह-आचार्य एवं आचार्य पदों पर हुई भर्ती प्रक्रिया में चयनित हुए अभ्यर्थी के नामों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय के घटक संस्थान आईईटी, लखनऊ, सीएएस, लखनऊ, एफओएपी, लखनऊ एवं यूपीआईडी, नोएडा के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर चयन एवं प्रोन्नति पर चयन समिति की संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, मिजार्पुर, बस्ती, गोंडा एवं प्रतापगढ़ के ऑडीटोरियम के निर्माण हेतु निर्माण एजेंसी की चयन को हरी झंडी प्रदान की गयी। साथ ही कानपुर इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कानपुर, एक्यूरेट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ग्रेटर नोएडा एवं अन्य के शैक्षिक स्वायत्ता के प्रकरण पर विचार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए संस्तुति की गयी। कार्य परिषद् द्वारा विद्या परिषद्, वित्त समिति, कैब और पीएमयू के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

स्वदेशी उन्नत गोवंश से समृद्ध उत्तर प्रदेश बना रही सरकार

14 मई को आगरा में होगा समागम, किसान, निवेशक, गोपालक, दुग्ध उत्पादक, उद्यमी होंगे शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार स्वदेशी उन्नत गोवंश से समृद्ध उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रही है। दुग्ध विकास विभाग ह्यस्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागमह्व का आयोजन कर निवेशकों, लाभार्थियों, पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व उद्यमियों आदि से संवाद स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में 14 मई को आगरा के आरबीएस कॉलेज के राव कृष्णपाल सिंह ऑडिटोरियम में आगरा व अलीगढ़ मंडल के पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व उद्यमियों से संवाद होगा। यह कॉन्क्लेव यूपी में डेयरी क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देने का अभियान है। समागम का शुभारंभ पशुधन, दुग्ध विकास व राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह करेंगे।

- दुग्ध विकास विभाग को प्राप्त हुए पांच हजार करोड़ निवेश प्रस्ताव

समागम का उद्देश्य दुग्ध विकास विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और डेयरी क्षेत्र को बढ़ावा देना है। 'स्वदेशी उन्नत गोवंश, समृद्ध निवेश, सुरक्षित भविष्य खुशहाल उत्तर प्रदेश' थीम पर आधारित इस आयोजन में आगरा- अलीगढ़ मंडल के किसान, पशुपालक, निवेशक आदि एक मंच पर जुटेंगे। समागम में स्वदेशी गायों की उन्नत प्रजातियों, गोपालन से जुड़े क्षेत्रों में निवेश के अवसरों, किसानों-गोपालकों के सुरक्षित भविष्य और इस क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलने वाले बल पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। आगरा में प्रस्तावित समागम में किसान, गोपालक, दुग्ध उत्पादक, उद्यमी व निवेशक आदि मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री स्वदेशी गोसंवर्धन योजना की लाभार्थी पशुपालकों को अपनी सफलता की कहानी से अवगत कराएंगी। निवेशक व उद्यमी यहां डेयरी प्लांट, गोशाला, बायोगैस आदि के क्षेत्र में अपनी संभावनाएं तलाशेंगे। वहीं दुग्ध उत्पादक भी सरकार की योजनाओं से जीवन में आए बदलाव के जरिए अन्य पशुपालकों को प्रेरित करेंगे। दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दुग्ध विकास विभाग को अब तक लगभग 28 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसमें से आगरा व अलीगढ़ मंडल से ही पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत दोनों मंडलों के 762 लाभार्थियों को 500 लाख रुपये से अधिक की अनुदान राशि उपलब्ध कराई जा चुकी है। दुग्ध आयुक्त के मुताबिक प्रदेश के सभी मंडलों में 'स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम' का आयोजन होगा। 14 मई को आगरा व अलीगढ़ मंडल में यह आयोजन होगा। इसके बाद जून में मुरादाबाद-बरेली मंडल, जुलाई में लखनऊ मंडल, अगस्त में अयोध्या-देवीपाटन मंडल, सितंबर में कानपुर-झांसी मंडल, अक्टूबर में गोरखपुर-बस्ती मंडल, नवंबर में प्रयागराज-चित्रकूट तथा दिसंबर में वाराणसी, आजमगढ़ व विंध्याचल मंडल में यह समागम प्रस्तावित है।

समान विचारधारा के लोगों को अपने साथ जोड़ेगी कांग्रेस : संदीप दीक्षित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय नेहरू भवन में रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि रचनात्मक कांग्रेस विभाग समान विचारधारा रखने वाले कांग्रेस के बाहर के सामाजिक संगठनों, समुदायों और आंदोलन संगठनों को जोड़ने का काम करेगा।

रचनात्मक कांग्रेस विभाग आगामी विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस इंडिया गठबंधन को जिताने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद और रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप दीक्षित के साथ प्रमुख रूप से वार रूम प्रभारी संजय दीक्षित, मीडिया वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, वरिष्ठ प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रवक्ता अलीमुल्लाह खान और प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता उपस्थित रही।

संदीप दीक्षित ने रचनात्मक कांग्रेस की वर्तमान समय में आवश्यकता और कांग्रेस के बाहर के संगठनों, समुदायों, आंदोलन संगठनों के जोड़ने पर विस्तार से बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव देश के तमाम अलग-अलग संगठनों समुदायों और संविधान की प्रति विचारधारा रखने वालों के साथ जुड़ाव रखती रही है, सरकार में रहते हुए हमने जब भी नीतियां बनाई तो सभी संगठनों समुदायों से राय- मशविरा किया है, वही काम कांग्रेस पार्टी विपक्ष में रहकर भी कर रही है जिसका काम रचनात्मक कांग्रेस के तहत मुख्य रूप से लोगों को जोड़ने का होगा। संदीप दीक्षित ने कहा कि समाज के अलग-अलग वर्गों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनके विचार, सुझाव एवं अनुभव सुने।

संक्षेप

एसएसपी ने सुनी जन फरियाद

सिद्धार्थनगर। डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 15 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद का 1, मारपीट के 2, पारिवारिक विवाद के 2 तथा अन्य 10 मामले शामिल रहे। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

नाबालिग से रेप के दोषी को 20 साल का कठोर कारावास

सिद्धार्थनगर- बुधवार को एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने उस पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। यह मामला डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भटगवां गांव निवासी बबलू गौड़ के खिलाफ दर्ज किया गया था। 6 साल पहले 15 साल की किशोरी के साथ 35 साल के आरोपी बबलू ने दरिंदगी की थी। 2020 में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वीरेंद्र कुमार की अदालत में चल रही थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष गवाहों, दस्तावेजों और अन्य साक्ष्यों को प्रस्तुत किया। अदालत ने सभी तथ्यों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपी को दोषी पाया। विशेष न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार ने आरोपी बबलू गौड़ को 20 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस मामले में जिला मॉनिटरिंग सेल की सक्रिय भूमिका रही। अभियोजक पवन कुमार पाठक, न्यायालय पैरोकार आरक्षी राजू (थाना डुमरियागंज) ने गवाहों की जल्द उपस्थिति कराने में सहयोग किया।

चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर के कपिलवस्तु थाना पुलिस ने चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी कृष्ण चन्द कसौधन को गौरी बंध के पास से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए मारुति कार के दो पहिया रिम बरामद किए गए। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर थाना प्रभारी मान सिंह के नेतृत्व में की गई। आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

जनगणना-2027 को लेकर जिला अस्पताल और सीएचसी में हुआ प्रशिक्षण

श्रावस्ती। भारत सरकार द्वारा कराई जा रही जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए बुधवार को जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पताल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल जनगणना और स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि जनगणना-2027 देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी। इसमें लोग पोर्टल के माध्यम से घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर से अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इससे जनगणना प्रक्रिया आसान, पारदर्शी और समय की बचत वाली होगी। प्रशिक्षण में पोर्टल संचालन, ऑनलाइन डेटा भरने की प्रक्रिया, डेटा सुरक्षा और आम लोगों को जागरूक करने के तरीके बताए गए। अधिकारियों को बताया गया कि डिजिटल व्यवस्था से कागजी कार्य कम होगा और आंकड़ों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने पोर्टल और स्व-गणना से जुड़े सवाल भी पूछे, जिनका प्रशिक्षकों ने विस्तार से जवाब दिया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को तैयार करने के साथ-साथ लोगों में जनगणना के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

बस की टक्कर से दो छात्रों की मौत

सिद्धार्थनगर- संतकबीरनगर जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक सड़क हादसे में खेसरहा थाना क्षेत्र के दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक बाइक से नंदौर बाजार अपनी दुकान का सामान लेने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, अमथरी मोड़ के पास उनकी बाइक रोडवेज बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बखिरा थाना प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि मृतकों की पहचान खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा निवासी राजकुमार गुप्ता पुत्र राजेंद्र गुप्ता (25 वर्ष) और प्रवीण विश्वकर्मा पुत्र रामदीन विश्वकर्मा (21 वर्ष) के रूप में हुई है। राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल प्रवीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहदावल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार रात करीब 8 बजे हुआ। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, दहेज प्रताड़ना का आरोप

सिद्धार्थनगर- डुमरियागंज थाना क्षेत्र के पचउथ गांव में बुधवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 24 वर्षीय मनीषा के रूप में हुई है, जिसकी शादी लगभग दो महीने पहले गांव निवासी देवदत्त मौर्य से हुई थी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया गया है कि बुधवार को मनीषा की तबीयत अचानक बिगड़ी, जिसकी सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही डुमरियागंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि शादी के बाद से ही मनीषा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मनीषा के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। मृतका की मां ने न्याय की मांग की है। इस घटना के बाद से मायके पक्ष में आक्रोश है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच हर पहलू को ध्यान में रखकर की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। डुमरियागंज के प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी दी कि तहरीर मिलने के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह आत्महत्या का मामला है या हत्या का। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ससुराल की साड़ी पसंद न आने पर दुल्हन का शादी से इनकार, लौटी बारात

बलिया। जिले में ससुराल पक्ष की लायी साड़ी पसंद नहीं आने पर दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट और बारात बिना शादी के लौट गयी। पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बुधवार को बताया कि दोकटी थाना क्षेत्र के दलनछपरा गांव के निवासी अजय गोंड की बेटी कुमारी निक्की का विवाह सहतवार थाना क्षेत्र के महादनपुर गांव के पवन गोंड के बेटे विशाल गोंड से तय हुआ था। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रेवती थाना क्षेत्र के गायघाट गांव के पंचरुख देवी मंदिर पर वर और वधू पक्ष गत 11 मई को शादी के लिए पहुंचे और शाम को मंदिर प्रांगण में विवाह कार्यक्रम के दौरान ही दुल्हन को ससुराल पक्ष की ओर से लायी गयी साड़ी पसंद नहीं आई और उसने शादी से इनकार कर दिया। कुरैशी ने बताया कि इस बात को लेकर वर व वधु पक्ष के लोगों के बीच विवाद हो गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई, जिसमें वधु के भाई जीत नाथ गोंड, उसकी मां उमरावती देवी व एक अन्य महिला लक्ष्मी देवी घायल हो गयीं। इस घटना के बाद बारात लौट गयी।

कुरैशी ने बताया कि इस मामले में वधु के पिता अजय गोंड की तहरीर पर दूल्हे विशाल और ससुराल पक्ष के पवन, मनोज, हेराम तथा चार से छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मामले की जांच की जा रही है।

ई-रिक्शा पर पलटा ट्रक, दो की मौत

हमीरपुर। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर बुधवार को ई-रिक्शा पर एक ट्रक के पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना हमीरपुर-सागर मार्ग पर कुंडरा गांव के पास उस समय हुई, जब ट्रक हमीरपुर से महोबा की ओर जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, चालक कथित तौर पर तेज गति के कारण ट्रक पर से नियंत्रण खो बैठा और सामने आ रहे ई-रिक्शा पर पलट गया। सुमेरपुर के बड़ा कछार इलाके के रहने वाले ई-रिक्शा चालक बलिराम निषाद (35) और उनकी पत्नी संतोषी निषाद (32) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बांदा जिले के जसपुरा निवासी चांदनी, उसका पांच वर्षीय पुत्र अभि, सुरौली बुजुर्ग निवासी शिवकुमार निषाद तथा डंपर चालक काकू निवासी नवाबगंज, उन्नाव गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में कानपुर रेफर किया गया है।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में आइंस्टीन पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम

प्रतापगढ़। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में धधुआ गाजन स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय के इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम के तहत मेधावी शशांक मिश्र ने कॉमर्स संकाय विषय में 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, गणित संकाय में श्रेया मौर्या 92.4 के तहत द्वितीय एवं शिखा शुक्ला 89.6 व अशद अहमद 86.4 के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बायो संकाय में साक्षी शुक्ला 86.4 प्रथम, अनन्या जायसवाल 85.8 द्वितीय तथा आस्था मिश्रा 85 व पीयूष मिश्रा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। निदेशिका श्रुति शुक्ला ने परीक्षा परिणाम को विद्यालय के पठन पाठन के परिवेश की मजबूती का प्रतीक ठहराया। सरंक्षक विभवभूषण शुक्ला ने सफल मेधावियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर गरिमा मिश्रा, आन्द्रे डिसिल्वा, महेन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

सीबीएसई इण्टरमीडिएट में पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने किया नाम रोशन

प्रतापगढ़। सीबीएसई इण्टरमीडिएट की परीक्षा में अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के मेधावियों ने शत प्रतिशत सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बुधवार को जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ शत प्रतिशत सफलता को लेकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। सिद्धार्थ सिंह ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। सफल मेधावियों को संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, प्रबंधक सुनीता मिश्रा, संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा व सीमा मिश्रा ने मुंह मीठा कराकर हौंसला आफजाई की। प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने मेधावियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ0 पूनम त्रिपाठी, राहुल सिंह, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, नारायण मुकेश, हिमांशु शुक्ला, श्याम शंकर मिश्र, राजीव रत्न त्रिपाठी, मनोज शुक्ल, रवीन्द्र शुक्ल, प्रदीप शुक्ल, विवेक पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, रितेश सिंह व दुर्गेश सिंह तथा अनिल आदि मौजूद रहे।

शिव बारात में महादेव का गूंजा जयघोष, हुआ मंगलगान

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड में मां चतुर्भुजी देवी मंदिर के समीप नवनिर्मित भगवान भोलेनाथ धाम में भगवान शंकर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को निकली शिव बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए दिखे। शिव बारात में शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी भी शामिल हुए। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के संयोजन में निकली शिव बारात में श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल उड़ाते हर हर महादेव का शंखनाद भी किया। शिव भक्त बारात में नाचते गाते देवाधिदेव महादेव का जयघोष लगाने में आनंदित दिखे। वहीं भगवान शिव दरबार की झांकी पर राहगीरों व भक्तों को रास्ते भर पुष्पवर्षा भी करते देखा गया। शिव बारात चतुर्भुजी देवी धाम से संगम चौराहा होते हुए प्रतापगढ़ रोड पर शिव मंदिर व श्रीहनुमत निकेतन धाम से रायबरेली रोड पर श्रीहरिहरमंदिरम पहुंची। यहां पूजन अर्चन के बाद इनहन भवानी धाम के विश्वनाथ मंदिर से होते हुए बारात बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची।

संघर्ष और साधना के बीच वैष्णवी ने रचा इतिहास

- गुरुकृपा, आत्मबल और परिश्रम से बेटी ने बढ़ाया गोंडा का मान

जिला संवाददाता

सरइयां नन्हू, गोंडा। कुछ सफलताएं केवल अंकों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि संघर्ष, संस्कार और आत्मविश्वास की प्रेरणादायी गाथा बन जाती हैं। सरइयां नन्हू गांव की रहने वाली वैष्णवी सिंह ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 20 वर्षों से प्रधान पद पर आसीन हेमंत सिंह की पुत्री वैष्णवी की इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। इससे पहले उन्होंने हाईस्कूल में भी 94 प्रतिशत अंक हासिल किए थे।

वह सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हैं। वैष्णवी की यह सफलता इसलिए भी विशेष बन गई क्योंकि परीक्षा से मात्र चार दिन पहले उनके दादा जी का निधन हो गया था। घर का माहौल शोकमय था और मन पूरी तरह विचलित। संयोग ऐसा कि दादा जी की तेरहवीं के दिन ही उनका एक महत्वपूर्ण पेपर था। ऐसे कठिन समय में भी उन्होंने अपने आत्मबल को टूटने नहीं दिया।

वैष्णवी बताती हैं कि उस दौर में उनके लिए सबसे बड़ा सहारा गुरुदेव भगवान स्वामी श्री अड़गड़ा नंद जी महाराज के प्रति उनकी अटूट आस्था बनी। गुरुस्मरण और आध्यात्मिक विश्वास ने ही उन्हें मानसिक शक्ति प्रदान की। रिजल्ट आने के बाद वैष्णवी सबसे पहले मंदिर पहुंचीं और भगवान का आभार व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने अपने पिता को फोन कर सफलता की जानकारी दी, क्योंकि वह उस समय घर पर मौजूद नहीं थे। बेटी की सफलता सुनकर पिता हेमंत सिंह कुछ पल के लिए निशब्द रह गए, जबकि मां लक्ष्मी सिंह भावुक होकर रो पड़ीं। वैष्णवी ने बिना किसी कोचिंग के केवल स्वाध्याय के माध्यम से यह उपलब्धि हासिल की। वह प्रतिदिन लगभग 9 से 10 घंटे पढ़ाई करती थीं। सुबह, दोपहर और शाम तीन-तीन घंटे अध्ययन करने के साथ रात में एक घंटा पुनरावृत्ति के लिए निर्धारित रहता था। उनका मानना है कि अनुशासन और समय का सही विभाजन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं को ही अपना सबसे बड़ा प्रतियोगी मानती हैं। उनके माता-पिता ने कभी उनकी तुलना किसी अन्य छात्र से नहीं की, बल्कि हमेशा खुद से बेहतर करने की प्रेरणा दी। यही सोच उन्हें लगातार आगे बढ़ने की शक्ति देती रही। राजनीति विज्ञान उनका प्रिय विषय है। समाज, लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों में उनकी विशेष रुचि है। भविष्य में वह राजनीति विज्ञान से स्नातक कर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी करना चाहती हैं। उनका सपना प्रशासनिक सेवा में जाकर गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी सकारात्मक कार्य करना है। पढ़ाई के साथ-साथ वैष्णवी को मंडला आर्ट, सुलेख कला, खेलकूद और वाद-विवाद जैसी गतिविधियों में भी रुचि है। उनका मानना है कि मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है जितना पढ़ाई।

अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने ईश्वर, माता-पिता और शिक्षकों को दिया। विशेष रूप से उन्होंने अपनी मां को मानसिक शक्ति का सबसे बड़ा स्त्रोत बताया। वैष्णवी की यह सफलता आज उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गई है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का साहस रखते हैं।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों की गहन समीक्षा

श्रावस्ती। विकास खंड हरिहरपुर रानी के सभागार में पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख हरिहरपुर रानी शकुंतला देवी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा उपस्थित रहे। बैठक में विकास कार्यों, जनहित योजनाओं तथा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए क्षेत्र के विकास को गति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बैठक में प्रभारी खंड विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुभाष सत्या, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण, सम्मानित प्रधानगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण सौहार्दपूर्ण रहा तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

दहेज प्रताड़ना के चलते विवाहिता की हत्या, कोहराम

प्रतापगढ़। दहेज प्रताड़ना के चलते विवाहिता को उत्पीड़ित कर हत्या की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी व सास के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने विवाहिता के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। लालगंज कोतवाली के पूरे नक्का पूरे मठहा निवासी प्रमोद यादव पुत्र स्व0 रामसागर यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बहन पूनम यादव को दहेज प्रताड़ना के चलते ससुरालीजनों द्वारा बारह मई की रात मारापीटा गया। तेरह मई को ट्रामा सेण्टर में पूनम की सुबह मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतका के भाई प्रमोद ने तहरीर में कहा है कि उसकी बहन पूनम की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व लालगंज कोतवाली के ही पूरे हरिकिशुन निवासी शिव बहादुर यादव के पुत्र संतोष यादव के साथ हुई थी।

तहरीर में शादी के बाद से मृतका के पति संतोष व सास मालती देवी पर दहेज के लिए विवाहिता के साथ उत्पीड़न की बात कही गयी। तहरीर में कहा गया है कि बारह मई की रात लगभग साढ़े नौ बजे मृतका ने अपनी मां को फोन पर ससुरालीजनों द्वारा मारपीट की शिकायत बतायी। अगले दिन तेरह मई को मृतका का भाई बहन के घर के लिए निकला था तब पति संतोष पूनम को लेकर लालगंज ट्रामा सेण्टर आ गया।

ट्रामा सेण्टर में चिकित्सकों ने पूनम को मृत घोषित कर दिया। इधर पूनम की मौत की जानकारी उसके मायके पहुंची तब कोहराम मच गया। रोते बिलखते मायके पक्ष के लोग ट्रामा सेंटर पहुंचे। वहीं घटना को लेकर मृतका के भाई प्रमोद द्वारा तहरीर में बहन की ससुरालीजनों द्वारा मारपीट कर हत्या की बात कही गयी है। सूचना मिलने पर लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ट्रामा सेंटर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। वहीं पुलिस ने घटना को लेकर आरोपी पति संतोष व सास के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

मिशन शक्ति टीम ने बचाया परिवार, पति-पत्नी का कराया सफल समझौता

जोगिया बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति-पत्नी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद को सुलझाकर दोनों को खुशी-खुशी साथ रहने के लिए राजी कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी अभय सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग की। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी को पारिवारिक जिम्मेदारियों और बच्चे के भविष्य के प्रति उनके दायित्वों के बारे में समझाया गया, जिसके बाद दोनों आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को तैयार हो गए। पुलिस टीम ने दोनों को सकुशल उनके घर भेज दिया। इस सराहनीय कार्यवाही की क्षेत्रीय लोगों ने जमकर प्रशंसा की। मिशन शक्ति टीम में शामिल उपनिरीक्षक आनंद शाही हेड कांस्टेबल श्रीनन्द यादव महिला कांस्टेबल स्वेता यादव थाना जोगिया उदयपुर सिद्धार्थनगर शामिल रही।

आज रामपुरखास आयेंगे प्रमोद व मोना

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज गुरूवार को दो दिवसीय क्षेत्रीय दौरे पर आयेंगे।

सिद्धार्थनगर में 22 मई से शुरू होगी जनगणना

सिद्धार्थनगर में जनगणना 2026 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे, जबकि 7 मई से 21 मई तक नागरिकों को पहली बार ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा दी गई है। लोग जनगणना स्व-गणना पोर्टल पर जाकर मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक लोगों से स्व-गणना कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की।

राजेश अध्यक्ष व शिवरंजन यादव महामंत्री निर्वाचित

संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में राजेश तिवारी अध्यक्ष तथा शिवरंजन यादव महामंत्री निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को देर रात तक चली मतगणना में समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने चुनाव परिणामो की घोषणा की। वही चुनाव समिति ने निर्वाचित पदाधिकारियों को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही बड़ी संख्या में मौजूद साथियों ने विजेता पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। अध्यक्ष पद पर पांच उम्मीदवार मैदान में थे। सर्वाधिक मत राजेशचंद्र तिवारी को दो सौ उन्सठ मत मिले। उन्होने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह को तीस मतों से करारी शिकस्त दी। पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र को एक सौ अड़तीस मतों पर संतोष करना पड़ा। प्रवीण यादव को छब्बीस तथा विजय कुमार तिवारी को एक मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सिविल के पद पर अबरार अहमद खान ने दो सौ दो मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्व उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल को आठ मतों से पराजित किया।

नीलेश सिंह निर्भय को एक सौ चौवन तथा निवर्तमान महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय को मात्र चौवालिस मत मिले। जयकरन सिंह को इक्तीस तथा महेन्द्र सरोज को बीस मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर नामवर सिंह ने एक सौ अटठावन मत प्राप्त किये। उन्होने निकटतम प्रतिद्वंदी राजेश द्विवेदी को पांच मतों से पराजित किया। रामकुमार पाण्डेय को एक सौ पचास, सुमित त्रिपाठी को छत्तीस, मुकेश तिवारी सत्तान्नवे तथा अजय शर्मा को साठ मत मिले। महामंत्री पद पर शिवरंजन यादव ने दो सौ तेईस मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी लाल स्नेहांश प्रताप

सिंह को नौ मतों से पराजित किया। स्नेहांश प्रताप सिंह को दो सौ चौदह, अरविंद पाण्डेय तपन को एक सौ एक, संजीव कुमार तिवारी भीम को छप्पन व संतोष पासी को बीस मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर अतुल सिंह ने रिकार्ड तीस सौ उन्हत्तर मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी निवर्तमान कोषाध्यक्ष हरिनारायण पाण्डेय दीपक को पराजित किया। हरि नारायण को दो सौ उन्यासी मत मिले। आय व्यय निरीक्षक पद पर संतोष तिवारी ने दो सौ सत्तावन मत प्राप्त कर विजय हासिल की।

लखनऊ नगर निगम

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-मेल: nnlko@up.nic.in

पत्रांक: 30/मु0अ0/2026-27 — दिनांक: 13.05.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 28.05.2026 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.05.2026 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मण्डलायुक्त महोदय लखनऊ के कार्यालय, जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, लखनऊ के कार्यालय में दि0 28.05.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा।

क्र सं.	कार्य का नाम	आगणन धनराशि रू० में	जमानत धनराशि रू० में	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	18 प्रतिशत जी.एस.टी.	कुल निविदा मूल्य
1	जोन-07 के अन्तर्गत राजस्व ग्राम-बसहा, तहसील-बी0के0टी0 के खसरा संख्या 265 ख पर स्थापित की जा रही हाईटेक नर्सरी स्थल पर पार्किंग गेट एवं शेष बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	742651.00	74266.00	01 माह	743.00	134.00	877.00
2	जोन-07 के अन्तर्गत राजस्व ग्राम-बसहा, तहसील-बी0के0टी0 के खसरा संख्या-265 ख पर स्थापित की जा रही हाईटेक नर्सरी स्थल की पूर्वी दिशा (55.00 मी0) एवं उत्तर दिशा (25.00 मी0) ल0 की चारदीवारी का निर्माण कार्य।	837073.00	83708.00	01 माह	838.00	151.00	989.00
3	जोन-07 इन्दिरा प्रियदर्शिनी वार्ड के अन्तर्गत मयूर उद्यान कालोनी में स्थित मयूर उद्यान पार्क में पाथ-वे के किनारे ग्रिल लगाने एवं पाथ-वे की रंगाई-पुताई का कार्य।	328748.00	32875.00	01 माह	329.00	59.00	388.00

शर्तें:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नही है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। (आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/ नौ-5- 19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (02) शासनादेश सं0 -6738/23-7-06-176(सा0)/06दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्या:- 692/23-07-2024 दिनांक 09-08-2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। (03) कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड के उपरान्त कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर ही जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा। (04) 15 प्रतिशत से अधिक की न्यून दर की निविदाओं में अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्योरिटी डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने एवं कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर के उपरान्त ही अवमुक्त की जायेगी। (05) किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा। (06) 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ-पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता (सिविल)

संक्षेप

टेंट लगाने को लेकर मारपीट हुई, मामला दर्ज

पाटन, उन्नाव। शादी समारोह में टेन्ट लगाने को लेकर विपक्षी से बात विवाद होने पर मारपीट हो गई ?। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की है। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम गौरैया मे मंगलवार को जगतपाल पुत्र शियाराम के यहां लड़की के शादी समारोह था। जिसमें गांव के ही आकाश पुत्र अशोक ने टेन्ट का सामान लगाया था। टेन्ट में तय सामान से कम सामान लगा देखकर घर स्वामी जगतपाल से टेन्ट मालिक आकाश से बहस के बाद गाली गलौज के साथ मारपीट हो गई। जिसमें आकाश को शारीरिक चोटें आई और टेन्ट का सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसमें भारी नुकसान हो गया। घटना की शिकायत मे पीडित ने जगतपाल व उनके दो पुत्रों सत्यम व शुभम्‌को नामजद पुलिस को तहरीर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गाली गलौज, मारपीट तथा टेन्ट के सामान की क्षति की धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

कब्बाखेडा से चकलवंशी चौराहा चौड़ीकरण का शिलान्यास

उन्नाव। बिलग्राम-उन्नाव-प्रयागराज मार्ग (राज्यमार्ग सं0-38) के कि0मी0-71 से 85 में (कब्बा खेड़ा से चकलबंशी चैराहे तक) चैड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास व भूमिपूजन कब्बा खेड़ा में सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज सांसद, उन्नाव द्वारा किया गया। कब्बा खेड़ा से लेकर चकलबंशी तक 15 किलोमीटर लम्बाई में मार्ग को 10 मी0 चैड़ा किया जाना है। शिलान्यास/भूमिपूजन के समय बिछिया ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता, सदर विधायक पुत्र प्रखर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नन्दू, सदर विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सिंह, पवन सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) सुशील कुमार गौड़, निर्माण खण्ड-प्रथम, लो०नि०वि० के अधिशासी अभियन्ता सुबोध कुमार, सहायक अभियन्ता कमलेश कुमार, अजीज अहमद अंसारी, अक्षय कुमार एवं अवर अभियन्ता प्रफुल्ल श्रीवास्तव एवं दीपांशु सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र मो. कामिल को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल व सारे संबंध समाप्त कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **फरीद बेगम पत्नी लियाकुददीन नि.- ग्राम व पोस्ट संसारपुर तहसील गोला जिला खीरी।**

प्रेस विज्ञप्ति

कृपया सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि थाना जानकीपुरम पुलिस कमि. लखनऊ पर खड़े लावारिस, MV Act, मुकदमाती व अन्य वाहनो के वाहन स्वामियों को पूर्व मे नोटिस जारी की गयी है परंतु नोटिस प्राप्त होने के बाद किसी भी वाहन स्वामी ने अपना वाहन मुक्त नहीं कराया है उपरोक्त के संबंध मे समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराना है कि उपरोक्त वाहन स्वामी अपने-अपने वाहन को 15 दिवस के अंदर नियमानुसार मुक्त करा ले अन्यथा उपरोक्त वाहनो की नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। **प्रभारी निरीक्षक थाना जानकीपुरम कमि. लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मेरे बड़े भाई विचित्रवीर पुत्र स्व. सुखलाल निवासी ग्राम कोरम तहसील बबेरू जिला बांदा ने एक वसीयत अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति स्थिति मौजा कोरम तहसील बबेरू जिला बांदा व स्थित मौजा खुसुरूपुर(हाजीपुर) तहसील व जिला फतेहपुर में स्थित कृषि भूमिवरी के बावत निष्पादित किया था। मेरे भाई विचित्रवीर की मृत्यु दिनांक 25.04.2026 को हो गई है। उपरोक्त वसीयत के रहते यदि मेरे भाई को मेरे अलावा कोई भी व्यक्ति सगा संबंधी बनकर उपरोक्त भूमि पर किसी भी प्रकार की दावेदारी करे तो उसे मेरे हक में निस्पादित वसीयत के आधार पर उसे अमान्य कर दिया जाये। **मीणा उर्फ मैना पुत्री सुखलाल पत्नी स्व. मनोज निवासिनी- ग्राम कोरम तहसील बबेरू जिला बांदा।**

गोरखपुर को विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की सौगात देंगे सीएम

16 को होगा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर को विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की सौगात देंगे। वह शनिवार (16 मई) को इस अंचल के पहले और प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। गोरखपुर - वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में यह इंटरनेशनल स्टेडियम 392.94 करोड़ रुपये की लागत से आकार लेगा। निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 63.39 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं और स्टेडियम बनाने के लिए एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेवलिंग और बड़े निर्माण उपकरणों को लगाने का काम शुरू भी हो चुका है। विकास की नजीर पेश कर रहे गोरखपुर को आने वाले समय में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के जरिये वर्ल्ड क्लास स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और खेल के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए भी जाना जाएगा। गोरखपुर में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल है। गोरखपुर से पहले यूपी में कानपुर, लखनऊ में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम हैं, वाराणसी में बन रहा है। मुख्यमंत्री ने जब गोरखपुर में राज्य का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम बनाए जाने की मंशा जताई तो सबसे पहली आवश्यकता अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप पर्याप्त भूमि की पड़ी। इसके लिए जिला प्रशासन ने गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर स्थित ताल नदोर में भूमि चिन्हित की। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग ने स्टेडियम का निर्माण 23 दिसंबर 2027 तक पूर्ण किया जाना लक्षित किया है। गोरखपुर में बन रहा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम 46 एकड़ क्षेत्रफल में आकार लेगा। कुल 30 हजार दर्शक क्षमता का यह स्टेडियम ह्यग्राउंड प्लस टू फ्लोरह्न के हिसाब से बनेगा। इसके ग्राउंड पर खिलाड़ियों के लिए 7 प्लेइंग पिच और 4 प्रैक्टिस पिच होगी। स्टेडियम के पूर्वी और पश्चिमी स्टैंड में प्रत्येक में 14,490 दर्शक बैठ सकेंगे। नार्थ पैवेलियन मीडिया और साउथ पैवेलियन विशिष्टजन के लिए होगा। रात्रिकालीन मैच भी हो सकें, इसके लिए मेन स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानक के चार हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था रहेगी। यहां क्रिकेट के अलावा अन्य बड़े आयोजन भी होंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहतरीन जगह पर है। गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग फोरलेन से जुड़ा यह स्थान, गोरखपुर एयरपोर्ट से करीब 24 किमी की दूरी पर है और रेलवे स्टेशन से करीब 20 किमी है। ऐसे में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए यहां पहुंचना काफी सुगम होगा। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि ताल नदोर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन जाने से गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग पर बहुआयामी विकास का एक नया मॉडल दिखेगा। यहां पहले से ही पशु चिकित्सा, महाविद्यालय और वृहद कान्हा गोशाला का भी निर्माण हो रहा है। बहुआयामी विकास से यहां व्यापार और सेवा क्षेत्र को भी नई ऊंचाई मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

सीएम योगी के संभावित दौरे से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण

गोरखपुर। ताल नन्दौर में निमार्णाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के संदर्भ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार 16 मई को संभावित कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जीडीए उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल, नगर आयुक्त अजय जैन, सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मुकुल खंडेलवाल, एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता तथा एसडीएम बांसगांव प्रदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में तेजी लाने और सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

पोखरे में डूबने से मनरेगा श्रमिक की मौत

पिपरौली, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरैला में बुधवार को मनरेगा कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। शिव मंदिर पोखरे के सुंदरीकरण कार्य में जुटी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रमिक की पोखरे में गिरने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार खरैला निवासी कलावती देवी 66 वर्ष पत्नी स्वर्गीय सहतू गांव में ही हो रहे मनरेगा कार्य में मजदूरी कर रही थीं। सुबह करीब 11:30 बजे काम के दौरान वे अचानक पोखरे में गिर गईं। पोखरे में जलकुंभी इतनी घनी थी कि वह तुरंत दिखाई नहीं दीं। काफी देर बाद जब साथ में काम कर रहे अन्य श्रमिकों की नजर पानी में तैर रही उनकी साड़ी पर पड़ी तब जाकर मामले की जानकारी हुई। श्रमिकों ने आनन-फानन में उन्हें बाहर निकाला तब तक वे अचेत हो चुकी थीं। हादसे की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान चन्द्र कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरौली ले गए। वहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने कलावती देवी को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की मेमो पर पहुंची गीडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का जीवन काफी संघर्षपूर्ण रहा है। उनके पति सहतू की मृत्यु करीब 15 वर्ष पहले ही हो गई थी। कलावती देवी मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहयोग कर रही थीं। उनके परिवार में एक बेटा है जो शादीशुदा है और उसके छोटे बच्चे भी हैं। इस आकस्मिक घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

नव निर्मित ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण

चरगांवा, गोरखपुर। गोरखपुर के फातिमा अस्पताल द्वारा हॉस्पिटल डे एवं नर्सेस डेझ2026 का भव्य आयोजन बुधवार, 13 को दोपहर बाद 2:00 बजे से फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के ऑडिटोरियम में किय गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल के वरिष्ठ कर्मचारियों और नर्सिंग स्टाफ के समर्पण, सेवा और योगदान को सम्मानित करना रहा। फातिमा हॉस्पिटल में नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि गोरखपुर के माननीय महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव और विशिष्ट अतिथि एसपी सिटी आई पी एस निमिष पाटील द्वारा किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन और सिस्टर डॉ. हेलेन मैरी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत फातिमा अस्पताल टीम द्वारा प्रार्थना गीत से हुई। इसके पश्चात अस्पताल के निदेशक फा. डॉ.संतोष सेबास्टियन ने आगंतुक अतिथिओं का स्वागत अपने संबोधन के माध्यम सेकिया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक फादर डॉ० संतोष सेबास्टियन ने अपने संबोधन में कहा कि फातिमा अस्पताल निरंतर आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विकास की दिशा में कार्य कर रहा है

उन्होंने नवनिर्मित ऑक्सीजन प्लांट को आत्मनिर्भरता और आपातकालीन तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया तथा डॉक्टरों, नर्सों एवं समस्त स्टाफ के समर्पण की सराहना की। मुख्य अतिथि महापौर, गोरखपुर डॉ० मंगलेश श्रीवास्तव ने अपने संदेश में फातिमा अस्पताल की सेवा-भावना की सराहना करते हुए अस्पताल के वरिष्ठ कर्मचारियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के वविशिष्ट अतिथि एस पी सिटी निमिष पाटील (आई पी एस) गोरखपुर ने ह्यऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने फातिमा फिएस्टा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न श्रेणियों के खेलों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए तथा अस्पताल द्वारा समाज के प्रति निभाई जा रही सेवाओं की सराहना की। इस अवसर पर फातिमा अस्पताल पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा। अतिथि सम्मान समारोह में रेव. सिस्टर डॉ. हेलेन मैरी उपस्थित रहीं, उन्होंने नर्सिंग स्टाफ को सम्मानित करते हुए नर्सों की भूमिका को स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बताया। केक कटिंग समारोह, समूह नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजन उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का समापन सहयोगी निदेशक फादर शिजो ऑगस्टीन के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में अस्पताल की डॉक्टर्स, नर्सिंग अधीक्षक, समस्त विभागाध्यक्ष, एवं स्टाफ उपस्थित रहें।

दुर्घटना को दावत दे रहा पांच फीट ऊपर झूलता हाइटेंशन तार

गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र करवल मझगांवा से जुड़े मझगांवा चौराहे पर विद्युत विभाग की घोर लापरवाही किसी बड़े हादसे को खुला न्योता दे रही है। यहां दो बिजली के पोलों के बीच अत्यधिक दूरी और वर्षों पुराने जर्जर पोल के कारण एल टी तार इतना नीचे झूल गया है कि वह मकान की छत की सतह पर पड़ा हुआ है और जमीन से महज पांच फीट की ऊंचाई से गुजर रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस खतरनाक तार के सहारे के लिए अस्थायी रूप से बांस लगाया गया है, जबकि लाइन में लगातार विद्युत आपूर्ति चालू है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तेज हवा, आंधी या बारिश के दौरान बांस गिर गया तो यह नंगा तार जमीन से मात्र दो से तीन फीट ऊपर आ जाएगा, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। सबसे ज्यादा खतरा उन मासूम बच्चों पर मंडरा रहा है जो रोज इसी स्थान के आसपास खेलते हैं। यदि अचानक तार टूटकर गिर गया तो कई जिंदगियां पलभर में खत्म हो सकती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसी तार के टूटकर गिरने से लगभग पांच वर्ष पूर्व एक गाय की दर्दनाक मौत हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद विभाग ने न तो जर्जर पोल बदला और न ही तार को सुरक्षित ऊंचाई तक कसवाया। स्थिति जस की तस बनी हुई है। घरों में बिजली आपूर्ति तो शुरू कर दी गई, लेकिन मौत बन चुके इस नंगे तार और जर्जर पोल को बदलना विभाग ने जरूरी नहीं समझा। मझगांवा निवासी सत्यनारायण ने वर्ष 2024 में ही विभाग से लिखित शिकायत कर पोल बदलने, तार कसने और नंगे तार की जगह केबल लगाने की मांग की थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब एक बार फिर शिकायत देने पर समाधान के लिए विभाग से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही पहले भी जानलेवा साबित हो चुकी है। बड़गो क्षेत्र में करंट की चपेट में आकर एक मासूम शिशु की मौत के बाद विभाग ने लाइनमैन और अवर अभियंता को निलंबित कर कार्रवाई का दिखावा किया था, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जर्जर पोल बदलकर तार को सुरक्षित ऊंचाई पर नहीं कसा गया और नंगे तार की जगह केबल नहीं लगाई गई, तो किसी भी बड़े हादसे की पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। अब देखना यह है कि विभाग किसी अनहोनी का इंतजार करता है या फिर समय रहते लोगों की जिंदगी बचाने के लिए कदम उठाता है।

इस सम्बन्ध में विद्युत अवर अभियंता ने कहा कि मंगलवार को मुझे इसकी जानकारी मिली है उसे बहुत जल्द ठीक करा दिया जाएगा।

मासूम दिव्यांशी की मौत के मामले में आरोपी पिता की तलाश तेज

तीन पुलिस टीमें गठित

जिला संवाददाता

जसवन्तनगर। थाना क्षेत्र के विहारी पुरा गांव में पांच माह की मासूम दिव्यांशी की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। घटना के बाद से गांव में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस की लगातार दबिश के चलते आरोपी के संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। बताया गया है कि सोमवार शाम घरेलू विवाद के दौरान आरोपी पिता नारायण ने अपनी पत्नी मोहिनी की गोद से मासूम दिव्यांशी को छीनकर जमीन पर पटक दिया था, जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। क्षेत्राधिकारी आयुषी के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पहली टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष कमल भाटी कर रहे हैं, जबकि दूसरी टीम में उपनिरीक्षक ललित किशोर चतुवेर्दी तथा तीसरी टीम में जोनई चैकी इंचार्ज रविन्द्र तोमर को शामिल किया गया है। पुलिस टीमें लगातार संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं और आरोपी के रिश्तेदारों व परिचितों से भी पूछताछ की जा रही है।

निराला पार्क हुआ बदहाली का शिकार

जिम्मेदार मौन

उन्नाव। शहर का प्रसिद्ध निराला पार्क इन दिनों बदहाली और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार बना हुआ है। कभी सुबह-शाम टहलने, बच्चों के खेलने और लोगों के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र माना जाने वाला यह पार्क अब गंदगी और अव्यवस्थाओं से घिर चुका है। पार्क परिसर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जबकि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से पार्क की नियमित सफाई नहीं कराई गई, जिससे यहां आने वाले लोगों की संख्या भी लगातार कम होती जा रही है। पार्क की पहचान रही हरियाली भी अब खत्म होती नजर आ रही है। पार्क में बनी नर्सरी पूरी तरह सूखी और खाली पड़ी है। कई स्थानों पर पौधे गायब हैं, जबकि बची हुई हरियाली भी देखरेख के अभाव में मुरझा चुकी है। नागरिकों का आरोप है कि पार्क के रखरखाव के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई हो रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा। बच्चों के खेलने के उपकरण भी टूट-फूट की हालत में पड़े हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों ने उठाए सवाल, प्रशासन से कार्रवाई की मांग स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों ने नगर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि शहर के सार्वजनिक पार्कों की यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और जिम्मेदार अधिकारी केवल औपचारिकताओं तक सीमित हैं। नागरिकों ने पार्क की नियमित सफाई, नई पौधारोपण व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो शहर की यह धरोहर पूरी तरह अपनी पहचान खो देगी।

परिवहन विभाग ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान



उन्नाव। संभागीय परिवहन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी घनश्याम मीना के उन्नाव में ओवरलोड एवं कम्पनी निर्मित/परिमार्जन पर बॉडी व लम्बी कर अधिक माल लाद कर ढुलाई करने वाले वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दृष्टिगत अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग उन्नाव के प्रवर्तन अधिकारियो संजीव कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम), प्रतिभा गौतम, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन द्वितीय) एवं शैहपर किदवई, यात्रीकर अधिकारी द्वारा 4 मई एवं 5 मई को ओवरलोड व अन्य वाहनों के विरूद्ध सघन अभियान चलाते हुए प्रवर्तन कार्यवाही की गयी, जिसमें ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कुल 8 चालान /बन्द एवं अन्य वाहनो के विरूद्ध कुल 57 चालान एवं 2 वाहन फिटनेस फेल की कार्यवाही कर विभिन्न थानों में निरूद्ध किया गया जिसके फलस्वरूप विभाग को 10 लाख 68 हजार प्रशमन शुल्क की प्राप्ति हुयी है। भविष्य में भी ऐसी वाहनों जो कि ओवरलोड एवं फिटनेस समाप्त की दशा में संचालित होती है के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बाल संरक्षण संबंधी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मिशन वात्सल्य योजना की समीक्षा करते हुए बताया गया कि राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण में वर्तमान में 3 आवासित बच्चे हैं। जिलाधिकारी महोदय ने बाल विवाह रोकथाम पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जनपद में रोके गए बाल विवाहों की संख्या 12 है तथा संबंधित अभिभावकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर सभी प्राथमिक विद्यालयों में लिखवाया जाए ताकि बच्चों एवं अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि जागरूकता के लिए विद्यालय सबसे अच्छा माध्यम हैं। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर यूनिट-1 की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा कोई भी बच्चा परिसर से बाहर न जा सके। मिसिंग चाइल्ड के मामलों में वर्तमान स्थिति 02 बरामद एवं 6 लंबित बताई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित थानों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्रोवेशन अधिकारी विनय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला डा. अनिल कुमार, सीओ सिटी अभयनारायण राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी सहित समस्त संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मान बढ़ाया

भरथना, इटावा। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के घोषित हुए इण्टरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता-पिता, गुरूजन सहित नगर को गौरवान्वित किया है। होली प्वाइण्ट एकेडमी का 12वीं का परीक्षाफल शानदार रहा। परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा महक ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, यश ने 92 प्रतिशत से द्वितीय, हर्ष कुमार व शिवांशु शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान पर अपना कब्जा जमाया। समस्त मेधावियों का संस्था निदेशक डा. प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्रा, अध्यापक अमित श्रीवास्तव, अरूण मोटवानी, मनोज त्रिपाठी, दीपक सिंह चैहान, प्रमोद दुबे, गौरव वर्मा, वरूण शाक्य, अवनीश शर्मा, शिवम यादव, राम रतन, आनन्द तिवारी, गोविन्द शाक्य सहित सभी ने सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया। वहीं जयोत्री एकेडमी भरथना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के छात्र आदित्य यादव ने 86 प्रतिशत से विद्यालय में प्रथम, रॉयल यादव ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, निखिल व शिवमंगल ने 82-82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक नितिन पोरवाल, प्रधानाचार्य योगेन्द्र नाथ मिश्रा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मेधावियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका माल्यार्पण किया।

ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जसवंतनगर, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर थाना क्षेत्र के ग्राम धरवार में बुधवार सुबह एक वृद्ध की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि ग्राम धरवार निवासी 70 वर्षीय रामदुलारे पुत्र स्वर्गीय बड़ेलाल बुधवार 10 बजे गांव के सामने रेलवे लाइन स्थित पोल के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान 04126 सूबेदारगंज ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस व परिजनों को दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक शिवशंकर सिंह, कांस्टेबल प्रमोद कुमार एवं पल कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भतीजे एवं पूर्व प्रधान पान सिंह ने बताया कि रामदुलारे अविवाहित थे और गांव के बाहर रेलवे लाइन पार स्थित ट्यूबवेल पर रहकर जीवन यापन करते थे। वह रोजाना की तरह रेलवे लाइन पार कर रहे थे, तभी हादसा हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने भी घटना पर गहरा दुख जताया है।

वीर अब्दुल हमीद के स्मारक का बुरा हाल

भरथना, इटावा। पाकिस्तान से हुए 1965 युद्ध के नायक वीर अब्दुल हमीद ने देश के लिए अपना सर्वोच्च योगदान दिया. मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित हुए, लेकिन भरथना कसबे में इटावा चैराहे पर लगी उनकी प्रतिमा बुरे हाल में हैं. चम्बल मिशन अभियान के तहत यहाँ से गुजर रहे क्रांतिकारी परंपरा के दस्तावेजी लेखक और महुआ डाबर एक्शन के महानायक के वंशज डॉ. शाह आलम राना, उनके साथियों सुनील कुमार और नरेंद्र त्रिपाठी ने जब प्रतिमा को इस हाल में देखा, तो दंग रह गए। प्रतिमा तो लगा दी गई, लेकिन कहीं ये भी नहीं लिखा गया कि आखिर ये प्रतिमा है किसकी और न ही उस स्थान का रंग रोगन किया गया. प्रतिमा को पोस्टरों से ढँक दिया गया. डॉ. शाह आलम राना और उनके साथियों ने स्मारक स्थल को साफ किया और इस पर चिपके पोस्टर पर्चे फाड़ कर फेंक दिए। चम्बल मिशन अभियान के तहत क्रांतिकारी नायकों की स्मृतियों को जीवित करने के अभियान के लिए यात्रा कर लोगों को जागरूक कर रहे डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि नगर पालिका और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की ये जिम्मेदारी है कि वह अपने नायकों के स्मारकों को साफ सुथरा सहेज कर रखें. आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसे महापुरुषों के इतिहास को सहेजना बेहद जरूरी है. अगर नगर पालिका नहीं करती है तो वह अगली बार तैयारी से आयेंगे और स्मारक का स्वरूप बदल देंगे।

बाइक की टक्कर से 10 वर्षीय बच्चा गंभीर

इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र अंतर्गत दाउदपुर गांव में एक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चा अपनी मां और भाइयों के साथ वाहन का इंतजार कर रहा था, तभी एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। घायल बच्चे की पहचान आर्यन पुत्र बृजेश गौतम निवासी चैकी मुरादगंज, औरैया के रूप में हुई है। आर्यन अपनी मां कल्पना और दो भाई विक्रम व अरमान के साथ दिल्ली से अपनी ननिहाल दाउदपुर आया था। शाम करीब 5 बजे वह अपने गांव चैकी मुरादगंज वापस जाने के लिए दाउदपुर गांव के सामने ऑटो का इंतजार कर रहा था। उसके साथ उसकी मां और भाई भी थे। मोटरसाइकिल की टक्कर से आर्यन का पैर टूट गया और उसके मुंह, हाथ व गुप्तांगों पर भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उसके मामा आकाश और नानी कमला देवी उसे बकेवर अस्पताल ले गए। इमरजेंसी में डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

संक्षेप

कार पेड़ से टकराई तीन घायल, एक की हालत गंभीर

लखीमपुर खीरी। फूलबेहड़ थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के एक सड़क हादसा हो गया। भीरा-पलिया रोड पर लखहा भूड़ जंगल के पास एक कार बेसहारा पशु को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला निवासी अखिलेश चौरसिया और कमल गुप्ता, तथा बेलवा निवासी हिमांशु एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। सुबह करीब 3 बजे जब वे लखहा भूड़ जंगल के पास पहुंचे, तो अचानक एक बेसहारा जानवर उनकी कार के सामने आ गया। जानवर को बचाने की कोशिश में चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में अखिलेश चौरसिया को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि कमल गुप्ता और हिमांशु को हल्की चोटें लगी हैं। तीनों घायलों को तत्काल एक निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

युवक को लगा करंट, मौके पर मौत

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के रायपुर देव सिंह गांव में बीती रात एक दर्दनाक हादसे में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रायपुर देव सिंह निवासी शेषपाल पुत्र ईश्वरदीन (45) मंगलवार रात अपने घर में खराब पंखा ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक पंखे में विद्युत प्रवाह उतर आया और वह तेज करंट की चपेट में आ गए। परिजन जब तक उन्हें बचाने के लिए दौड़े, तब तक उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी। घटना से परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक का माहौल फैल गया। बुधवार तड़के सूचना मिलने पर अटरिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चिल्ड्रेन्स एकेडमी ने सीबीएसई इंटरमीडिएट में मारी बाजी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चिल्ड्रेन्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला और कई विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय की छात्रा अंशिका सिंह ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। अदिति यादव ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि श्रेयांशी भसीन ने 91.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसके अलावा धैर्य पटेल ने 89.4 प्रतिशत, राम जग्गी ने 89 प्रतिशत तथा वृद्धि जैन ने 88.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। जाग्रति जग्गी ने 88.4 प्रतिशत और अनन्या मिश्रा ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हिमांशु यादव ने 85.8 प्रतिशत तथा फिजा खातून ने 85.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। विद्यालय के प्रबंधक सतीश गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेंट जॉन्स स्कूल का इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम शानदार, ऋषभ बने टॉपर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की, वहीं अभिभावकों और शिक्षकों ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

विद्यालय के छात्र ऋषभ श्रीवास्तव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में पहला स्थान हासिल किया। वत्सल पाठक ने 86.2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा तथा तनिषा अग्रवाल ने 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा जानवी पांडेय ने 83.8 प्रतिशत, अरुष पटेल और सतीश कुमार ने 83.6 प्रतिशत, हर्ष पटेल ने 83.4 प्रतिशत, आदित्य सूरी ने 82.4 प्रतिशत, दुर्गेश वर्मा ने 81.2 प्रतिशत और अतीफा खानम ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। शाश्वत पटेल ने 79.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय की मेधा सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर परिणाम देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सीडीओ उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

सीतापुर। किसानों को खाद वितरण में गड़बड़ी और मनमानी की शिकायतों के बीच मुख्य विकास अधिकारी डॉ दीक्षा जोशी ने बुधवार को हरगांव क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई खामियां सामने आने पर सीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित दर से अधिक वसूली, टैगिंग या नियमों के उल्लंघन पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मैसर्स जुआरी फार्म हब लिमिटेड हरगांव और साधन सहकारी समिति लिमिटेड परसेहरामाल का जायजा लिया गया। स्टॉक रजिस्टर और बिक्री अभिलेखों की जांच में पाया गया कि विक्रेता खतौनी तो सुरक्षित रख रहे हैं, लेकिन किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) का अंकन नहीं किया जा रहा है। सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सभी उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्रतिदिन स्टॉक और खाद की दरें स्टॉक बोर्ड पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएं। किसानों को उनकी जोत के अनुसार ही खाद वितरित किया जाए और हर बिक्री पर रसीद देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साफ कहा कि बिना फार्मर रजिस्ट्री और किसान आईडी देखे किसी भी किसान को उर्वरक न बेचा जाए। यदि किसी भी दुकान पर ओवररेटिंग, टैगिंग या कालाबाजारी जैसी शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जाएगी।

डीएम ने एआरटीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बुधवार को एआरटीओ कार्यालय और प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र छाउछ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम स्वयं एक-एक काउंटर पर पहुंचे और वहां मौजूद अभिलेखों को बारीकी से देखा। उन्होंने आवेदकों से जुड़े दस्तावेजों की जांच करते हुए मौके पर मौजूद कार्मिकों से उनके कार्य दायित्वों की जानकारी ली।

एआरटीओ शांति भूषण पांडे से डीएम ने कार्यालय की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित रूप से राउंड करें और कार्यालय में आने वाले आवेदकों से सीधे संवाद कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परिसर में मौजूद लोगों से भी बातचीत की और उनके आवेदन एवं दस्तावेजों की जांच कर कार्य प्रगति की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने जिले में ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण हेतु संचालित प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। अडीटीसी पहुंचे डीएम, सेंसर ट्रैक से लेकर ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम तक बारीकी से परखी व्यवस्था, दिए निर्देश

इसके बाद डीएम अंजनी कुमार सिंह सीधे प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र छाउछ पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। डीएम ने सेंसर बेस्ड ट्रैक, सिम्युलेटर मशीनों और ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम का बारीकी से अवलोकन करते हुए प्रशिक्षक दीपक शुक्ला से केंद्र की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान रंजीत कुमार पुत्र सुरेश का ऑटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से ड्राइविंग कौशल का मूल्यांकन किया जा रहा था। रंजीत ने डीएम के समक्ष निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्ड स्कैन कर अपनी टेस्ट प्रकिया पूरी की। डीएम ने पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और प्रशिक्षक से केंद्र के संचालन एवं तकनीकी व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

सीतापुर के श्रेयांश 99 अंक लाकर बने जिले के टॉपर

सीतापुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी बीएससी) के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम ने इस बार सीतापुर को गर्व से भर दिया। जिले के होनहार छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। सबसे ज्यादा चर्चा रही श्रेयांश सिंह की, जिन्होंने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप किया। उन्होंने इतिहास, अंग्रेजी और संगीत में 100 में 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्र श्रेयांश ने न सिर्फ जिले बल्कि एलपीएस समूह की सभी शाखाओं में सर्वोच्च अंक हासिल किए। उनके शानदार प्रदर्शन से विद्यालय और परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि वर्मा ने मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। विद्यालय के अन्य मेधावियों में कार्तिकेय श्रीवास्तव (96:), प्रशस्ति मिश्रा (95.8:), अंशज यादव (95.6:), देवांश वर्मा (95.4:), अंशिका शुक्ला (94.6:) और जान्हवी सिंह (94.2:) प्रमुख रहे। एलपीएस का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

अब इंजीनियर बनने का सपना

सीतापुर। जिले के टॉपर श्रेयांश सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि उनके पिता शिक्षक हैं जबकि माता गृहिणी हैं। परिवार के सहयोग और लगातार मेहनत के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। श्रेयांश का सपना भविष्य में सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश के लिए काम करना है।

स्टडी वेल के छात्रों ने भी दिखाया दम

सीतापुर। स्टडी वेल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के 89 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी और सभी सफल रहे। एंजेल गुप्ता ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। वहीं श्रेया मिश्रा और स्तुति अखिल त्रिवेदी ने 89-89 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्या ज्ञान की शेशांद्री बनीं जिले की सिल्वर स्टार

सीतापुर। विद्या ज्ञान स्कूल की छात्रा शेशांद्री वर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के सचिन कुमार और सोनाक्षी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा राकेश यादव, साक्षी सिंह, अभिनव और सुंदरम समेत कई छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

सिंघानिया इंस्टीट्यूट में भी जश्न, इशिता बनीं टॉपर

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट ने भी इस वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। विद्यालय की छात्रा इशिता गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। अंशिका यादव (93.2:), सिमरन खेतान (93:) और केशव बाजपेई (92.8:) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सीबीएसई परीक्षा परिणाम ने इस बार साबित कर दिया कि सीतापुर के छात्र अब सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की नई मिसाल बन रहे हैं।

भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ विद्यार्थियों ने सीखी उर्दू की बारीकियां

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ गोवर्धन हाल में किया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज के निर्देशन में तथा हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव के संयोजन में आयोजित हुआ। कैंप के पहले दिन विद्यार्थियों को उर्दू भाषा की मूल जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक हसीब अख्तर अंसारी ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को उर्दू वर्णमाला, संख्याएं, अभिवादन और दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले सरल वाक्यांशों को पढ़ना और लिखना सिखाया। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और नई भाषा सीखने में रुचि दिखाई। प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने कहा कि भारतीय भाषाओं का ज्ञान विद्यार्थियों के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समर कैंप विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। आयोजकों ने बताया कि समर कैंप के दौरान विभिन्न भारतीय भाषाओं से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों में भाषाई ज्ञान और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हो सके।

कथित टिप्पणी के विरोध में ब्राह्मण समाज ने दिया ज्ञापन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा टीवी डिबेट के दौरान ब्राह्मण समाज को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार के माध्यम से भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार की टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती हैं और विभिन्न समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा कर सकती हैं। प्रदर्शनकारियों ने टिप्पणी को अमर्यादित बताते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को भाषा की मयार्दा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। किसी भी जाति या समाज के प्रति अपमानजनक टिप्पणी सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाती है। लोगों ने शासन स्तर पर मामले का संज्ञान लेकर भविष्य में इस प्रकार के बयानों पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की, ताकि समाज में सौहार्द और शांति बनी रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज मिश्रा, सुभाष मिश्रा, अनुज अवस्थी, डॉ. सौरभ दीक्षित, राजेश बाजपेई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

कछुआ गति से बन रहा नाला, ठेकेदार की लापरवाही से राहगीर परेशान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गोला-खुटार बायपास मार्ग पर निमार्णाधीन ओवरब्रिज के साथ बनाया जा रहा नाला स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। आरोप है कि निर्माण कंपनी की लापरवाही और धीमी कार्यशैली के चलते एक सप्ताह पहले खोदा गया नाला अब तक अधूरा पड़ा है, जिससे हादसे की आशंका बढ़ गई है।

गोला बायपास क्षेत्र में खोदे गए नाले में सरिया बांधकर छोड़ दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो सुरक्षा के कोई इंतजाम किए गए हैं और न ही आवागमन के लिए वैकल्पिक रास्ता बनाया गया है। इसके चलते बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार स्कूली बच्चों के लिए यह रास्ता खतरे का सबब बना हुआ है। हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आसपास रहने वाले लोगों ने बताया कि कई बार जानवर भी गड्ढे के पास फिसलते-फिसलते बचे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य करा रहा है और शिकायतों के बावजूद काम की रफ्तार नहीं बढ़ाई जा रही। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। उधर, स्थानीय लोगों द्वारा यूपी प्रोजेक्ट के प्रबंधक से शिकायत किए जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कराकर जल्द नाला निर्माण पूरा कराने और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी अनहोनी से बचा जा सके।

स्कूल जाने का रास्ता दिला दीजिए साहब दो मासूम बच्चों की गुहार सुन पसीजा दिल

सीतापुर। अटरिया कस्बे से एक भावुक मामला सामने आया है, जहां स्कूल जाने में हो रही परेशानी से परेशान दो मासूम छात्र बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच गए। हाथों में प्रार्थना पत्र लिए बच्चों ने डीएम से अपने घर का रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई। कस्बा निवासी बबलू पुत्र रामकुमार के दोनों बच्चों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके घर के रास्ते पर विपक्षी

भगवानदीन ने कथित रूप से अतिक्रमण कर रास्ता बंद कर दिया है। इतना ही नहीं, रास्ते पर घरेलू गंदा पानी भी बहाया जा रहा है, जिससे स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मासूम छात्रों ने बताया कि कई बार विपक्षी से रास्ता सही करने की बात कही गई, लेकिन वह विवाद और मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। बच्चों की आंखों में बेबसी साफ झलक रही थी। उनका कहना था कि गंदगी और बंद रास्ते की वजह से रोज स्कूल पहुंचना मुश्किल हो गया है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। वहीं बच्चों की फरियाद सुनकर वहां मौजूद लोगों का दिल भी पसीज गया। इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

युवक का शव 24 घंटे बाद बरामद

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में सरायन नदी में डूबे युवक का शव करीब 24 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। युवक मंगलवार को अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था, जहां गहरे पानी और शैवाल में फंसने से वह लापता हो गया था। बुधवार शाम उसका शव नदी से बाहर निकाला गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ के मड़ियाव थाना क्षेत्र स्थित शेरवानी नगर भिटौली चैराहा निवासी 19 वर्षीय मनीष पुत्र त्रिभुवन लाल उर्फ मिस्त्री अपने दोस्तों जिबराइल, अमन और रियाज के साथ मंगलवार को सिधौली मंडी प्याज और लहसुन खरीदने आया था। खरीदारी के बाद चारों युवक संदना थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव के पास कोनी घाट स्थित सरायन नदी में नहाने चले गए। बताया गया कि मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे सभी युवक नदी में नहा रहे थे। इसी दौरान नदी में उगी जंगली घास और शैवाल के बीच मनीष गहरे पानी में फंस गया और देखते ही देखते डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वह नदी में लापता हो गया।

अलंकृत गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक के साथ जिले में बनाया स्थान

मोहम्मदी खीरी। सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में दून पब्लिक स्कूल के अलंकृत गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की टॉप 10 सूची में नाम दर्ज करा कर विद्यालय का परचम फहराया है। सोशल मीडिया और किताबों से संयुक्त रूप से अध्ययन कर सफलता के उच्चतम पायदान पर पहुंचकर इतिहास रच दिया है। अलंकृत गुप्ता ने बताया उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है। पिता मोहम्मदी सी एच सी मैं फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं विद्यालय के अध्यापक कपिल और शोभित का उनकी सफलता में विशेष योगदान रहा है। अगला लक्ष्य नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनकर सेवा करना बताया है।

दून पब्लिक स्कूल के युवराज सिंह 90.3 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में तीसरा स्थान पाया है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के प्रबंधक डॉ गुरमेजर सिंह को दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया के साथ रहकर पढ़ाई की है। खाली समय में क्रिकेट खेलना और लाइब्रेरी में पुस्तक पढ़ना होता था। डॉक्टर बनने के सपना लेकर अगली तैयारी है।

दून पब्लिक स्कूल की शैलजा तिवारी ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। उनका कहना है कम संसाधनों के बीच रहकर शिखर की ऊंचाइयों तक पहुंचने में कुछ कमी रह गई जिसका मलाल है। सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के गुरुजनों को दिया है। उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करना है। पढ़ाई में सोशल मीडिया का काम से कम प्रयोग किया है।

दून पब्लिक स्कूल की अर्शदीप कौर ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता प्रधानाचार्य कविता शर्मा और सुरेंद्र कौर को दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई की है। बैडमिंटन खेलने अच्छा लगता है। उनका सपना डॉक्टर बनकर सेवा करने का है।

दून पब्लिक स्कूल के मनजोत सिंह ने कम संसाधनों के बीच रहकर 88.2 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय व्यवस्थापक विमल स्वास्थ्य को दिया है। उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करने का है। सोशल मीडिया किताबों के बीच रहकर पढ़ाई की है। क्रिकेट खेलना अच्छा लगता है।

यूडीसीए की मान्या ने जिले में बनाया स्थान

मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी के यूडीसीए में इंटरमीडिएट की परीक्षा में मान्य गुप्ता ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के प्रथम पायदान के साथ जिले में स्थान बनाया है सफलता से विद्यालय का गर्व से सर ऊंचा हो गया है। प्रतिभा के धनी बच्चों ने अपनी सफलता से इतिहास रच दिया है। मान्या गुप्ता का कहना है उन्होंने विद्यालय में नियमित क्लास में उपस्थित रहकर घर पर पढ़ाई करती थी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य पुरस्कार गुप्ता और सनी गुप्ता को दिया है। उनका अगला लक्ष्य डॉक्टर बनने का है। उनकी सफलता पर विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में झंडा गाड़ दिए हैं।

यूडीसीए के अपूर्व गुप्ता ने 95.2 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। उन्होंने इसका श्रेय माता-पिता और विद्यालय के गुरुजनों को दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई कर सफलता अर्जित की है। क्रिकेट खेलना अच्छा लगता है। इनका अगला लक्ष्य सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करना बताया है।

यूडीसीए की छात्रा सैयद नवर अली ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में तीसरा स्थान बनाया है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई पूरी की है। उनका लक्ष्य डॉक्टर बनकर सेवा करना है। खाली समय में बैडमिंटन खेलना अच्छा लगता है। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और प्रधानाचार्य पुष्पा गुप्ता को दिया है।

यूडीसीए के छात्र सूर्य प्रताप सिंह ने 89.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पा गुप्ता को दिया है उन्होंने बताया अनुशासन में रहकर सफलता के लक्ष्य लक्ष्य के करीब पहुंचा हूं कुछ कमी रह गई जिसका मलाल है। उनका सपना आईपीएस बनने का है।

यूडीसीए के छात्र कृष्णम रस्तोगी ने 88.6 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता के करीब पहुंचे हैं। उन्होंने इसका श्रेय माता-पिता और विद्यालय के प्रबंधक अनिल गुप्ता और सनी गुप्ता को दिया है। इनका अगला लक्ष्य इंजीनियर बनने का है।

कस्बा के टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की छात्रा अलका कनौजिया ने 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया है उनकी इस सफलता का राज अनुशासन में रहकर पढ़ाई करना और सोशल मीडिया से दूर रहकर किताबों से पढ़ाई करना बताया है। उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाकर सेवा करने का है। बैडमिंटन खेलना अच्छा लगता है। सफलता पर प्रबंधक आनंद गुप्ता ने बधाई दी है।

टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्र अथर्व पांडे ने 88.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता के उच्चतम शिखर के करीब पहुंचे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के साथ-साथ किताबों की पढ़ाई की है। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है। उनका सपना इंजीनियर बनने का है।

टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्र अर्पन गुप्ता ने 87.2 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के गुरूजनो को दिया है। सोशल मीडिया और किताबों में रहकर पढ़ाई की है। विद्यालय के अनुशासन ने सफलता के उच्चतम शिखर के करीब पहुंच सका सपना डॉक्टर बनने का है। शतरंज खेलने का शौक है।

टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के छात्र इशांत गुप्ता ने 84 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। उन्होंने कम संसाधनों के बीच अपने पिता के व्यवसाय में हाथ बटाकर इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। इसका श्रेय माता-पिता को दिया है। खाली समय में पिता के साथ काम करते थे। इनका सपना इंजीनियर बनने का है।

कन्यादान योजना के तहत 6 परिवारों को मिली सहायता

सीतापुर। टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने एक बार फिर सामाजिक सहयोग और मानवता की मिसाल पेश करते हुए कन्यादान योजना के तहत 6 शिक्षक परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए 51-51 हजार रुपये की सहायता राशि शगुन के रूप में प्रदान की। जीईसी सभागार सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रदेशभर के करीब 300 परिवारों को लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई। सीतापुर में लाभार्थी डॉ सारिका गर्ग, अनिल कुशवाहा, सचेंद्र कुमार शुक्ला, कुलदीप कुमार, उत्तम कुमार और सुरेंद्र कुमार वर्मा को 51-51 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए।

सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम में एनएसपीएस का उत्कृष्ट प्रदर्शन

शगुन यादव ने 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में किया स्कूल और परिवार का नाम रोशन

रायबरेली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।एनएसपीएस का परीक्षा परिणाम अपनी परम्परा के अनुसार सर्वोत्कृष्ट रहा।

एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की और बताया कि एनएसजीआई सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी शिक्षकगण एवं अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दीं।

घोषित परीक्षा परिणामों के अंतर्गत मेधावी छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान शगुन यादव (एनएसपीएस लालगंज) 96.60 प्रतिशत, द्वितीय स्थान स्मृति सिंह (एनएसपीएस सलोन) 94.40 प्रतिशत, तृतीय स्थान एल्मा फातिमा (एनएसपीएस त्रिपुला) 93.20%, तृतीय स्थान वैष्णवी यादव (एनएसपीएस त्रिपुला) 93.20 प्रतिशत व एनएसपीएस की अन्य वरीयता सूची में चतुर्थ स्थान पर श्रेया मिश्रा (एनएसपीएस त्रिपुला) 93.20 %, पांचवें स्थान पर अखंड प्रताप सिंह (एनएसपीएस त्रिपुला) 92.80 प्रतिशत , छंठवें स्थान पर अफीफा फातिमा और जीतिका पांडेय (एनएसपीएस त्रिपुला) 92.60 प्रतिशत, सातवें स्थान पर कृतिका यादव, अथर्व सिंह, ओम अवस्थी (एनएसपीएस त्रिपुला) और नैन्सी सिंह (एनएसपीएस सलोन) 92.40 प्रतिशत, आठवें स्थान पर पद्मिनी मौर्या, वासिफा बानो और रौनक सिंह (एनएसपीएस त्रिपुला) 92.20 %, नौवें स्थान पर अभिनव शर्मा (एनएसपीएस त्रिपुला), अकांश यादव ङ्क अनन्या वर्मा (एनएसपीएस लालगंज) 91.40 प्रतिशत तथा दसवें स्थान पर मोयना सिंह (एनएसपीएस त्रिपुला) एवं पीयूष मौर्या 91.20 प्रतिशत अंक अर्जित किये। अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण रहा तथा सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति (एनएसपीएस त्रिपुला), तारकेश्वर सिंह (एनएसबीवीएम), मो फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, नितिन सिंह, अजय सिंह, संजय श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, अभिभावकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

95.8(अंक के साथ प्रभलीन कौर बनी एसजेएस की टॉपर

रायबरेली। सीबीएसई की बारहवीं परीक्षा में 95.8 फीसदी अंक अर्जित कर एसजेएस स्कूल की टॉपर प्रभलीन कौर (विज्ञान वर्ग) ने जिले का मान बढ़ाया है। सुदर्शना सिंह (विज्ञान वर्ग) 93.6 फीसदी अंक लाकर दूसरे स्थान पर रही जबकि अक्षरा बाजपेई (वाणिज्य वर्ग) ने 93 फीसदी अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह ने सभी मेधावियों को शुभकामनाएं दी। एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सचिव (प्रशासन) अग्रज सिंह ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सचिव (वित्त) अनुज सिंह ने भी सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने टॉपर्स को मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि इस साल 17 बच्चों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त किये जबकि 60 बच्चों ने 75 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल किए। इस मौके पर संस्थान के स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रमोद सक्सेना ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

निमिषा कांवेंट के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

सलोन रायबरेली। निमिषा कांवेंट स्कूल मटका ने इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं के बच्चों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा 12वीं में अंशिता पांडे 94 प्रतिषत, वैष्णवी सिंह 88 प्रतिषत, स्वप्नेश मौर्य 87.2 प्रतिषत, श्रेयांश शुक्ला 86.8 प्रतिषत, अनुष्का सिंह 85 प्रतिषत, श्रेया द्विवेदी 84.2 प्रतिषत, जानवी सिंह 84.4 प्रतिषत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया।

स्कूल के प्रबंधक विवेक शुक्ल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन और सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई व प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के प्रोत्साहन का सुखद परिणाम हैं। मैं सभी सफल छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देती हूं। मुझे विश्वास हैं कि विद्यार्थी भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और मेहनत से प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

दयावती मोदी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम

इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। यद्यपि पिछले वर्ष की तुलना में परिणाम थोड़ा कम रहा, फिर भी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर विद्यालय की मेधावी सूची में अपना स्थान बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों 95% से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। विद्यालय की निर्देशिका ए सिद्धू, प्रधानाचार्या प्रेमा श्रीवास्तव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन प्रेरणादायक है और यह सिद्ध करता है कि मेहनत एवं समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

बूथ जीतो, चुनाव जीतो रणनीति पर जुटी भाजपा

सुल्तानपुर (वीओएल)। भारतीय जनता पार्टी ने मिशन-2027 की तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कोर कमेटी बैठक में बूथों को मजबूत बनाने और संगठन विस्तार पर मंथन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मंत्र हर बूथ पर पूरी मजबूती के साथ लागू किया जाएगा। सामाजिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि मई के दूसरे पखवाड़े में जिले की पांचों विधानसभाओं में बूथ सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने बताया कि जिले की 2156 बूथ समितियों का सत्यापन पूरा हो चुका है। आगामी 24 मई को 372 शक्ति केंद्रों पर संगठनात्मक बैठकें होंगी, जबकि 31 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद बूथ समितियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहे।

फर्जी बैनामा व एससी-एसटी एक्ट में मां-बेटा गिरफ्तार

सुल्तानपुर (वीओएल)। कोतवाली देहात पुलिस ने जमीन की धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक ही जमीन का दोबारा बैनामा करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मां-बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव निवासी विक्रम और उसकी मां प्रभावती पर आरोप है कि उन्होंने पहले से बैनामा की जा चुकी जमीन को फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से अलग-अलग लोगों के नाम पुनः बेच दिया। आरोप है कि जब पीड़ित पक्ष ने विरोध किया तो दोनों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी भी दी। मामले में कोतवाली देहात थाने में धोखाधड़ी, कूटरचना एवं एससी-एसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक चारू निगम के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ी रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में धर्मवीर सिंह, उपनिरीक्षक रमेश सिंह, कांस्टेबल अजीत यादव एवं महिला पीआरडी अनुराधा शामिल रहे।

बेटी को बहला कर भगा ले जाने का आरोप

नसीराबाद, रायबरेली। नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में एक (22) युवती को बहला फुसलाकर भगाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर पर पडोसी गांव के एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक को सौंपी गई है नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते 12 मई को युवती घर पर अकेली थी। परिजन किसी काम से बाहर गये थे इसी का फायदा उठाकर पडोस गांव के एक युवक ने युवती को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। परिजनों ने नात रिस्तेदारी और अन्य संभावित जगह खोज बीन की। जब युवती का कहीं अता, पता न चल सका तो युवती के मां ने पडोसी गांव के रंजीत पर बेटी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोप लगाते हुए थाना में तहरीर दे दी। पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर के आधार पर रंजीत पुत्र जंगली निवासी ग्राम चंदी मिश्र का पुरवा मजरे कांटा थाना नसीराबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक योगेन्द्र कुमार को सौंपी गई है।

13 केंद्रों पर हुई डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा

सुल्तानपुर (वीओएल)। परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के तत्वावधान में बुधवार को जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर डीएलएड (बीटीसी) द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। परीक्षा में बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता की, जबकि कुछ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित हुई। प्रथम पाली में वर्तमान भारतीय समाज एवं प्रारंभिक शिक्षा तथा द्वितीय पाली में प्रारंभिक शिक्षा के नवीन प्रयास विषय की परीक्षा संपन्न कराई गई। पहली पाली में डीएलएड बैच 2024, 2023, 2022 एवं 2021 के कुल 3389 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3199 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। इनमें 2024 बैच के 2922 में से 2816 तथा 2023 बैच के 441 में से 369 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए डायट प्राचार्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित सचल दल की दो टीमों ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

संक्षेप

श्री कल्पवृक्ष धाम में हुई भव्य महाआरती

सुलतानपुर (वीओएल)। अपरा एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार सायंकाल श्री ठाकुर कल्पवृक्ष (पारिजात वृक्ष) भगवान जी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। कल्पवृक्ष सेवा समिति द्वारा आयोजित यह महाआरती प्रत्येक एकादशी पर कई वर्षों से निरंतर कराई जा रही है। महाआरती में मुख्य यजमान के रूप में अवनीश कुमार सिंह सपरिवार उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव, निखिल मिश्रा, रवि सिंह, आशीष सिंह, सीताराम यादव, शिवम सिंह, सत्येन्द्र पांडेय, संजय पाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव ने महाआरती में शामिल भक्तों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा भगवान कल्पवृक्ष की कृपा सभी श्रद्धालुओं पर बनी रहे, यही प्रार्थना है।

ओंकार सेवा संस्थान के कार्यालय का उद्घाटन

नसीराबाद, रायबरेली। विकास खण्ड छतोह के बभनपुर में मंगलवार को लोक कल्याण एवं जनसेवा में अग्रणी ओंकार सेवा संस्थान बभन पुर के नए कार्यालय का उद्घाटन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ज्येष्ठ मास के दूसरे मंगलवार को प्रातः 9 बजे से रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ प्रारम्भ हुआ। उसके समापन पर आरती पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी प्रहलाद प्रभा ने बताया संस्था बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लोगों के बीच जाकर स्वास्थ्य, शिक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करती है और पढ़ाई से रोजगार तक, शादी विवाह और इलाज से अंत्येष्टि तक समाज के लोगों की आर्थिक सहायता करती है। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक परविंद कुमार वैश्य,कोषाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य, अतुल सिंह, दिवाकर सिंह, प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

यमुना हादसा: एक हाथ से खींचता रहा जिंदगी, दूसरे में रह गयी मौत की टीस, दो को काल के मुंह से खींच लाया बबलू

आगरा। पार्वती घाट पर नहाने आए भाई-बहनों की मदद करने सबसे पहले वहां दुकान चलाने वाले गोताखोर बबलू अपने साथी टीटू के साथ पहुंचे थे। उन्होंने ही दो लड़कियों को तत्काल बचा लिया। इसके बाद डूबे चार लोगों की तलाश में जुट गए। हादसे के बाद उनका कहना था कि कुछ पलों का अफसोस जिंदगीभर रहेगा। अगर वह मदद की गुहार लगा रहे किशोर को पहले ही देख लेते तो सभी को बचा लेते। गीता नगर, बल्केश्वर निवासी बबलू ने बताया कि वह घाट पर बनी अपनी दुकान पर बैठे हुए थे। तभी यमुना की तलहटी में जहां पानी नहीं था, वहां पर एक किशोर नजर आया। वह हाथ हिलाकर मदद की गुहार लगा रहा था। यह देखकर वो दौड़ पड़े। एक नाव को चलाकर ले गए। इसके बाद किशोर से बात की। उसने बताया कि उसके भाई और बहन डूब गए हैं। उन्हें बचा लो। वो अपने साथी टीटू के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटना वाली जगह पानी अधिक था। नहाने उतरे भाई बहन गड्ढे में फंस गए थे। वह किसी तरह पानी में उतर गए। 5-6 गोते लगाए। तभी एक युवती को बाहर लेकर आए। उसके किनारे पर लाकर लिटा दिया। पेट दबाकर पानी निकाला। कुछ देर बाद दो और लड़कियों को बाहर निकाल लाए। वह डूबे हुए लोगों की तलाश करते रहे। साथी टीटू भी दो लोगों को बाहर निकाल लाए। उनकी जान बच गई। चौथा बालक पांच घंटे बाद बाहर निकल सका। बबलू ने बताया कि अक्सर लोग कम पानी देखकर नहाने के लिए आ जाते हैं। मगर यमुना में कई जगह पर गहरे गड्ढे हैं। 10 साल पहले यमुना में बुलडोजर से खनन हुआ करता था। इस वजह से गड्ढे हो गए हैं। लोग जब नहाने के लिए यमुना में आते हैं, तो गड्ढों का अंदाजा नहीं रहता है। गहरे पानी में लोग डूब जाते हैं। यमुना में पिछले साल बाढ़ आई थी। यमुना किनारे के घरों तक पानी पहुंच गया था, जिस स्थान पर डूबने की घटना हुई, वहां पर महालक्ष्मी मंदिर भी है। यमुना में बाढ़ से मंदिर की एक तरफ की दीवार गिर गई थी। लोगों की जान बच गई थी। बबलू ने बताया कि यमुना में बाढ़ आने पर दोनों किनारों तक पानी रहता है। मई और जून में पानी कम होने की वजह से एक हिस्से में ही पानी रहता है। बाकी हिस्सा खाली हो जाता है। इस वजह से लोग यमुना के अंदर तलहटी तक आ जाते हैं। वह गहरे पानी में नहाने के लिए चले आते हैं।

अदिति सिंह ने गांवों में की चौपाल

सदर विधायक ने सुनीं सड़क-बिजली और पानी की समस्याएं

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा के विकास खण्ड राही अंतर्गत ग्राम चकलोदीपुर, बकवारा, सकरा, पूरे सधई एवं पूरे कोरिन में आयोजित चैपाल कार्यक्रम में सहभागिता की।चैपाल के दौरान विधायक अदिति सिंह ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से सड़क, बिजली, पानी, आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसकी भी समीक्षा की।समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश ग्रामीणों ने विधायक के सामने खराब सड़कों, ट्रांसफार्मर की समस्या, पेयजल संकट और आवास-पेंशन योजना से जुड़ी शिकायतें रखीं। विधायक ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण ही उनकी प्राथमिकता है। जनता का विश्वास सबसे बड़ी शक्ति इस अवसर पर अदिति सिंह ने कहा, ष्जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए मैं निरंतर समर्पित हूँ। हर गांव तक विकास पहुंचाना और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिलाना ही मेरा लक्ष्य है। ।र्यक्रम में स्थानीय ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बेटे की शादी के बीच उजड़ा घर, गम में पूरी हुई रस्में

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। बेटे की शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब सड़क हादसे में घायल पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को बारात की तैयारियों के बीच कार की टक्कर से घायल हुए राघवपुर शुक्ल निवासी विश्वनाथ ने बुधवार भोर करीब चार बजे लखनऊ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के राघवपुर शुक्ल गांव निवासी विश्वनाथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार को उनके दूसरे नंबर के पुत्र अमन की शादी थी। बारात कादीपुर क्षेत्र के नसीरपुर जानी थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच दोपहर करीब डेढ़ बजे विश्वनाथ अपनी साली प्रभावती को साइकिल से डड़वा चौराहा छोड़ने जा रहे थे। गांव से निकलकर जैसे ही वह खड़ंजा मार्ग से बहुता बाबा के पास लखनऊ-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़े, तभी कादीपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में विश्वनाथ और प्रभावती गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी मोतिगरपुर भेजवाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। सिर और शरीर में गंभीर चोटें होने के कारण विश्वनाथ को बाद में लखनऊ रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने कार चालक राघवेंद्र प्रताप सिंह निवासी बीबीपुर शुक्ल जो नेशनल इंटर कॉलेज कादीपुर में शिक्षक हैं, के साथ मारपीट की गई तथा कार में तोड़फोड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चालक को भीड़ से बचाकर सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया, जहां से उन्हें भी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

- सड़क हादसे में घायल पिता की लखनऊ में मौत

विश्वनाथ की मौत की सूचना परिवार और दूल्हे अमन से छिपाकर शादी की रस्में गमगीन माहौल में पूरी कराई गईं। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। विश्वनाथ अपने पीछे चार पुत्र पवन, अमन, सौरभ और सचिन तथा एक पुत्री छोड़ गए हैं। परिवार में एक पुत्र और पुत्री की पहले ही शादी हो चुकी है। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार और साइकिल को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

थाने में पीपल का पेड़ काटने की मिली सजा

आगरा। न्यू आगरा थाने में पीपल का पेड़ काटने के मामले में तत्कालीन एसओ समेत 5 पुलिसकर्मी दोषी पाए गए हैं। कार्रवाई होने पर इन पुलिसकर्मियों को छह महीने तक थाने या चौकी का चार्ज नहीं मिलेगा। आगरा के थाना न्यू आगरा परिसर में पेड़ काटने के मामले में पुलिसकर्मियों की गर्दन फंस गई है। डीसीपी अभिषेक अग्रवाल ने जांच पूरी होने के बाद अपनी रिपोर्ट दे दी है। इसमें उन्होंने तत्कालीन एसओ सहित 5 पुलिसकर्मियों को दोषी माना है। अब पुलिसकर्मियों को डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए नोटिस जारी किए हैं। कार्रवाई होने पर पुलिसकर्मियों को छह महीने तक थाने और चौकियों का चार्ज नहीं मिल सकेगा। 27 मार्च की रात थाना न्यू आगरा में मंदिर के पास लगा पेड़ रात के अंधेरे में काट दिया गया था। इसके लिए पांच मजदूर लगाए गए थे। रात में ही लकड़ी उठाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली भी मंगवा ली गई थीं। पेड़ काटने के दौरान का वीडियो कुछ राहगीरों ने बना लिया था। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने यह कहकर बचने का प्रयास किया कि पेड़ कमजोर था। जीडी में एंट्री कर छंटाई कराई गई थी। वन विभाग ने भी दो मजदूरों पर कार्रवाई कर मामला ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया। बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी तक पहुंच गया। हालांकि थानाध्यक्ष न्यू आगरा योगेश कुमार का स्थानांतरण रकाबगंज किया गया। उनके स्थान पर निशामक त्यागी भेजे गए। मामले में डीसीपी सिटी ने बताया कि तत्कालीन एसओ योगेश कुमार, दरोगा सोनू कुमार, गन्धर्व सिंह, मुख्य आरक्षी कपिल कुमार व आरक्षी शीलू कुमार को नोटिस जारी किया गया है। आरोप साबित होने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि जारी हो जाएगी। इसके उन्हें 6 महीने तक थाने का प्रभार नहीं मिल सकेगा। वहीं मजदूरों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की विवेचना क्राइम ब्रांच में ट्रांसफर की गई है। रिपोर्ट में कहा है थाना न्यू आगरा की गोपनीय पुस्तिका में थाना न्यू आगरा दयालबाग रोड पर था। वर्ष 2013 में थाना न्यू आगरा को भगवान टॉकीज चौराहा स्थित न्यू आगरा की डिवीजन चौकी में स्थापित किया गया। वर्तमान में वहीं चल रहा है। पेड़ डिवीजन चौकी परिसर में था।

अजय राय के स्वागत में उमड़ा कांग्रेसियों का हुजूम

सुलतानपुर (वीओएल)। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद वाराणसी लौट रहे उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का सुलतानपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शहर से सटे भुलकी चौराहे पर मंगलवार को कार्यकर्ताओं का भारी जमावड़ा देखने को मिला। फूल-मालाओं, जयघोष और नारों के बीच प्रदेश अध्यक्ष का भव्य अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं वकार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर दिखा। कार्यकर्ताओं ने अजय राय के शीघ्र स्वस्थ होने पर खुशी जताते हुए उनके समर्थन में जमकर नारे लगाए। कार्यक्रम में भोला भाई, अकरम भाई, ओम प्रकाश सिंह, सलूजा जी, महेंद्र सिंह, अप्रबल सिंह और प्रेम भाई समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे योगेश पांडेय ने कहा कि अजय राय लगातार प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सपा प्रवक्ता के विवादित बयान से आगरा के ब्राह्मण गुस्से में, फूंका पुतला

आगरा। सपा के प्रवक्ता राजकुमार भाटी के कथित विवादित बयान को लेकर मंगलवार को आगरा में ब्राह्मण समाज का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। युवा नेता ललित शर्मा के नेतृत्व में सेंट जॉन्स चौराहे पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों और युवाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए राजकुमार भाटी का पुतला दहन किया तथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने राजकुमार भाटी द्वारा दिए गए बयान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि किसी भी समाज के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले बयान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करते हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। युवा नेता ललित शर्मा ने कहा कि समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले लोगों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि राजकुमार भाटी सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और प्रशासन से मांग की कि समाज विशेष की भावनाओं को आहत करने वाले बयान पर कठोर कार्रवाई की जाए। पुतला दहन के समय सेंट जॉन्स चौराहे पर काफी देर तक माहौल गरमाया रहा और प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए समाजों को बांटने की कोशिश की जा रही है। इस मौके पर बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग, युवा एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। प्रमुख रूप से दीपविनायक पटेल, विनायक, उज्ज्वल चौहान, ध्रुव गुप्ता, अरुण तोमर, निशांत, परमवीर, राघव, शिवम दुबे, कार्तिक, शुभम, मौजूद रहे।

तेज आंधी व पानी ने मचायी तबाही

- आधें घंटे तक गिरे पत्थरों व तेज हवाओं से गिरे पेड़ों के चलते आवागमन बाधित
- विद्युत आपूर्ति व्यवस्था हुई बेपटरी, गुरूवार को सप्लाई मिलने की संभावना

रायबरेली। क्षेत्र में दोपहर बाद आई अचानक आंधीं ने जमकर तबाई मचाई। बारिस के साथ पत्थरो की बारिस से जहां लोगो को भीषण गर्मी से राहत मिली वही तेज हवाओं के चलते लोगो गिरे पेडो ने आवागमन बाधित कर दिया। टीन शेड की चपेट में आने से काफी संख्या में लोगो को चोंटे भी आई है।

क्षेत्र में दोपहर बाद अचानक काले बादलों ने अंधेरा कर दिया। इसके बाद तेज हवाओं के साथ पत्थरो की बारिष होने लगी। हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि लोगों के घरों व दुकानों में रखे टिन हवा में उड़कर लापता हो गये। काफी संख्या में लोग उनकी चपेट में आने से चुटहिल भी हो गये। तेज हवाओं की चपेट में आने से दर्जनो पेड़ धराषाई हो गये जिसके चलते भारी संख्या में बिजली के पोल भी टूट गये। हवाओं के चलते रेलवे गेट तक जवाब दे गया। जिससे ट्रेनों के अवागमन में भी सर्तकता बरती गई। सबसे ज्यादा तबाही मवेषियों के अस्पताल व

कोतवाली परिसर में हई जहां भारी संख्या में पेड़ जमींदोज हो गये साथ ही उनकी चपेट में आने कई विद्युत पोल भी टूट गये। जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। विद्युत विभाग के सूत्रो ने बताया कि उन्हे लगभग एक दर्जन खम्भो के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है जिनको ठीक कराने का प्रयास किया जा रहा है। गुरूवार को ही सप्लाई मिलने की संभावना है।

रायबरेली में दिन में ही रात जैसा नजारा, मौसम का बदला मिजाज : जिले में बुधवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली। लालगंज क्षेत्र में तेज आंधी के साथ ओलावृष्टि शुरू हो गई। भारी बारिश और अंधड़ के कारण दोपहर में ही आसमान में घुप्प अंधेरा छा गया। वाहन चालकों को हेडलाइट जलानी पड़ी और गाड़ियों की रफ्तार बेहद धीमी हो गई। सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित रहा। भीषण गर्मी और उमस भरे मौसम से आम जनजीवन थका हुआ था, लेकिन अचानक आए इस बदलाव ने लोगों को काफी राहत दी। ठंडी हवाएं और बारिश ने मौसम को अत्यंत सुहावना बना दिया।

तेज तूफान का कहर, उड़े लोगों के आशियाने

रायबरेली। जिले में आए तेज आंधी-तूफान ने लोगों की जिंदगी को अस्त-व्यस्त कर दिया। अचानक मौसम बदलने के बाद तेज हवाओं और बारिश ने कई गांवों व कस्बों में भारी नुकसान पहुंचाया। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई कच्चे मकानों की छतें उड़ गईं, पेड़ और बिजली के खंभे धराशायी हो गए। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के आशियाने उजड़ गए, जिससे कई परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। तेज हवाओं के कारण जगह-जगह टीनशेड और होर्डिंग्स भी गिर पड़े। बिजली व्यवस्था ठप होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

डीएम ने एसटीपी व एफएसटीपी का किया निरीक्षण

रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने नगर क्षेत्र में पीएसी के निकट स्थापित एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) एवं एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई व्यवस्था तथा सीवेज एवं फीकल स्लज के निस्तारण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एसटीपी एवं एफएसटीपी का संचालन निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शोधन प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्लांट परिसर में स्वच्छता एवं रखरखाव की व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपचारित जल की गुणवत्ता, मशीनों के संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जाएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चक्कर खाकर गिरने से होमगार्ड की मौत

सुलतानपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात होमगार्ड की बुधवार दोपहर चक्कर खाकर गिरने से मौत हो गई। होमगार्ड को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को यह घटना अपराह्न लगभग सवा तीन बजे की है। मृतक की पहचान शिव मूर्ति यादव (50) के रूप में हुई है और वह कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अहिरौली मलिकपुर का निवासी था। शिव मूर्ति यादव डाक लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय आए थे और बाहर निकलते समय वह अचानक गिर पड़े। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। होमगार्ड की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

संक्षेप

साली की हत्या कर जीजा ने की खुदकुशी

कुशीनगर। जिले में ससुराल आए एक व्यक्ति ने बुधवार की सुबह अपनी साली की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के बसडिला बुजुर्ग निवासी शंभू प्रजापति के 27-वर्षीय दामाद जितेंद्र ने सुबह नाश्ते के बाद 18-वर्षीय साली नैना कुमारी को अपने कमरे में बुलाया।

सूत्रों ने बताया कि बिहार के गोपालगंज निवासी जितेंद्र ने कमरा बंद करके नैना की गोली मारकर हत्या कर दी एवं उसके बाद अपने सिर में भी गोली मार ली। इस घटना में जितेंद्र और नैना की मौके पर ही मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा खोला और दोनों के शव बाहर निकाले। घटना का कारण प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जयंत यादव ने बताया कि घटना के हर पहलू की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

डीएम ने की बाढ़, सिंचाई कार्यों की समीक्षा

जिला संवाददाता

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में बाढ़, सिंचाई, नलकूप एवं जल निगम विभाग से संबंधित कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संचालित योजनाओं

- **योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के दिए निर्देश**

एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचन क्षमता को सुदृढ़ बनाए रखने एवं कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न होने को सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने बाढ़ विभाग से संबंधित कार्य परियोजनाओं की अद्यतन सूची उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जो परियोजनाये लोकार्पण एवं शिलान्यास की स्थिति में है, उसकी अलग सूची तैयार रखी जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा से जुड़े निरोधात्मक एवं आवश्यक कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार कर समय से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने नहरों की सफाई एवं रखरखाव कार्यों का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही नहरों में रोस्टर के अनुरूप पानी की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को सिंचाई में किसी प्रकार की समस्या न हो। नलकूप विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने खराब नलकूपों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी नलकूप यांत्रिक अथवा विद्युत खराबी के कारण बंद न रहे, यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जल निगम विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं, पानी की टंकियों एवं पाइपलाइन कार्यों की क्रॉस चेकिंग पंचायत सचिवों के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कई स्थानों पर पाइपलाइन डालने के बाद सड़कें खोदकर छोड़ दी जाती हैं, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित सड़क को तत्काल ठीक कराया जाए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पेयजल टंकियों से अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जल निगम से संबंधित सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराया जाए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर एवं संबंधित विभागों के अधिशासी अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने पशुपालन विभाग योजना की समीक्षा

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा गौआश्रय केंद्रों के समुचित संचालन के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पशुपालन विभाग से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करें, जिससे योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से धरातल पर दिखाई दे। उन्होंने अंतर्विभागीय समन्वय पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल से ही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन संभव हो सकेगा।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने छुट्टा पशुओं का व्यापक आकलन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी न्याय पंचायतों में कैटल कैचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि छुट्टा पशुओं की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

93.6 प्रतिशत अंक पाकर आयुष ने बढ़ाया विद्यालय और क्षेत्र का मान

भटनी(देवरिया)। नगर स्थित के0 के0 पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी, के मेधावी छात्र आयुष विश्वकर्मा ने सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। छात्र की इस सफलता से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से छात्र आयुष विश्वकर्मा एवं उनके पिता प्रमोद विश्वकर्मा का मिठाई खिलाकर तथा शुभकामनाएं देकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक बी0 के0 श्रीवास्तव ने छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्र की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं नियमित अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सदैव प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा एवं प्रबंधक बी0 के0 श्रीवास्तव ने आयुष को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी ने छात्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

आंख में दवा डालने वाला व्यक्ति सफाईकर्मी नहीं : डीपीआरओ

देवरिया । जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहज में मरीजों की आंख में दवा डाले जाने के संबंध में विभिन्न स्तरों से शिकायत एवं सूचना प्राप्त होने के बाद प्रकरण की जांच सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बरहज से कराई गई। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि उपचार के दौरान जिस व्यक्ति को बरहज विकास खंड का सफाईकर्मी बताया जा रहा है, वह बरहज विकास खंड में तैनात सफाईकर्मी नहीं है।

आद्या मध्य प्रदेश में महाप्रबंधक गन्ना पद पर नियुक्त

कुशीनगर। खड्डा विकास खण्ड के गांव लखुआ निवासी आद्या प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व. बादमली गुप्ता मध्य प्रदेश के हनुमंत शुगर मिल प्रालि दनौरा जिला बैतूल में महाप्रबंधक गन्ना विकास के पद पर नियुक्त हुए हैं। इसके पहले श्री प्रसाद गुप्ता उप्र के बीसीएम ग्रुप हैदरगढ़- बाराबंकी, बिरला ग्रुप में हाटा चीनी मिल कुशीनगर, जेएचवी गड़ौरा महराजगंज, आईपीएल चीनी मिल खड्डा तथा बिहारनरकटियागंज में बिरला ग्रुप चीनी मिल मढ़ौरा तथा मध्य प्रदेश में आमला एग्रो शुगर मिल जिला बैतूल, यूएस जागरी प्रालि सुहागपुर- बैतूल कुल 7 चीनी मिलों के विभिन्न पदों पर गन्ना विकास विभाग में अपना योगदान दिया है। अपने कठिन परिश्रम और ईमानदारी, तकनीकी जानकारी और अनुभव के आधार पर मध्य प्रदेश के हनुमंत शुगर मिल दनौरा में महाप्रबंधक गन्ना विकास बनाये गये। इनका मार्गदर्शन उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक, गन्ना विकास सलाहकार ओमप्रकाश गुप्ता बड़े भाई ने किया। महाप्रबंधक गन्ना विकास बनकर खड्डा तहसील का गौरव बढ़ाया, लखुआ गांव में खुशी का माहौल है। परिवार में बड़े भाई पूर्व सहायक निदेशक श्री गुप्ता, भतीजा डा. आलोक कुमार गुप्ता भारत सरकार में एआरएस के पद पर कृषि वैज्ञानिक हैं। भतीजा अरुण कुमार गुप्ता का हाल ही में लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। पत्नी श्रीमती दीपिका गुप्ता अध्यापक हैं जबकि पुत्र शुभम कुमार गुप्ता एमएससी एग्री करने के बाद कानपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। महाप्रबंधक गन्ना विकास बनने पर क्षेत्रीय विधायक विवेकानन्द पाण्डेय, उमेश चन्द गुप्ता छोटे भाई, ग्राम प्रधान लखुआ संतोष पासवान, ग्कमला गुप्ता सामाजिक कार्यकर्त्री एवं डा. श्रीकान्त गुप्ता, अमन गुप्ता, लक्ष्य गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता ने मुह मीठा कराया और आदि ने बधाई एवं शुभकामना दी।

संस्कृत भारत के सनातन भाव बोध की वाहक: प्रो.बलराम शुक्ल

कुशीनगर। एसबीएम पीजी कॉलेज पावानगर, फाजिलनगर के संस्कृत विभाग द्वारा 13 मई बुधवार को भारतीय ज्ञान परम्परा- 21वीं सदी में संवर्धन विषयक एक भव्य व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा तथा भारतीय ज्ञान

- **एसबीएम पीजी कॉलेज में 21वीं सदी में भारतीय ज्ञान परम्परा के संवर्धन पर मंथन**

परम्परा की वैश्विक प्रासंगिकता पर गंभीर विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. बलराम शुक्ल ने भारतीय संस्कृति का 21 वीं सदी में संवर्धन विषय पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए कहा कि उपनिवेशवादी मानसिकता ने भारतीय आत्मप्रतिमा और सनातन भावभूमि को खंडित करने का प्रयास किया तथा संस्कृत को अनुपयोगी सिद्ध करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि आज भी वही भावना समाज में कहीं न कहीं विद्यमान है, जबकि संस्कृत भारत की सांस्कृतिक चेतना को जीवंत रखने वाली मूल शक्ति है। उन्होंने कहा कि

संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि परा-भाषा है, जो भारतीय भाषाओं को जोड़ने वाला मूल भाषिक तत्व है। आधुनिक काल में संस्कृत जगत में हुई प्रगति इसकी जीवंतता और भारतीय संस्कृति की अक्षुण्ण शक्ति को प्रमाणित करती है। विशिष्ट वक्ता डॉ. देवेन्द्र पाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय का एक महत्वपूर्ण प्रभाग है। जिसका उद्देश्य स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि संस्कृत वाङ्मय केवल भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के विकास और मानव कल्याण के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान, दर्शन, विज्ञान, साहित्य और अध्यात्म का विशाल भंडार संस्कृत में सुरक्षित है तथा 21वीं सदी में समग्र मानवता के विकास का मार्ग भारतीय ज्ञान परम्परा से ही प्रशस्त होगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्रबंधक शक्ति प्रकाश दीक्षित ने कहा कि वेदों की भाषा को छंदस् कहा गया, जबकि लोक में प्रचलित संस्कृत के लिए यास्क ने भाषा शब्द का प्रयोग किया। पतंजलि ने भाषा की प्रवृत्तियों को लोकाश्रित बताया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने शिष्ट समाज के लिए परिष्कृत तथा सामान्य जन के लिए सरल संस्कृत का प्रयोग किया। जैन धर्म ने प्राकृत और बौद्ध धर्म ने पाली का उपयोग अवश्य किया, किंतु शास्त्रीय विमर्श और दार्शनिक चिंतन के लिए संस्कृत को ही आधार बनाया गया। इसलिए संस्कृत 21वीं सदी में भी अनिवार्य और प्रासंगिक है। व्याख्यानमाला के संयोजक प्रो. कृष्ण चन्द्र चौरसिया ने संचालन करते हुए कहा कि भरतमुनि द्वारा रचित नाट्यशास्त्र वर्तमान सिविल इंजीनियरिंग और स्थापत्य कला का आधार ग्रंथ है। उन्होंने बताया कि लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई जैसे शब्दों का व्यवस्थित प्रयोग सर्वप्रथम नाट्यशास्त्र में मिलता है। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालयों के संगीत, नृत्य, चित्रकला, मूर्तिकला और स्थापत्य कला विभागों में जो अध्ययन हो रहा है, उसका मूल आधार नाट्यशास्त्र ही है। सभी का स्वागत करते हुए प्राचार्य प्रो. ज्योत्स्ना पाण्डेय ने कहा कि पतंजलि का योगशास्त्र और आयुर्वेद केवल भारत ही नहीं, बल्कि समस्त विश्व के लिए अमूल्य धरोहर है। यह मानव शरीर को स्वस्थ, संतुलित और निरोग रखने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में डॉ. पंकज चौरसिया, डॉ. प्रशांत बौद्ध, डॉ. बृजेश वर्मा, डॉ. विजय पवार, डॉ. शैलेश प्रजापति, डॉ. गिरिजेश गौड़, डॉ. सुकेश पाण्डेय, डॉ. रितेश कुमार, डॉ. राम प्रकाश, अरुणेश शुक्ल, देवेंद्र नारायण आदि उपस्थित रहे।

प्राथमिकता के आधार पर करें बूथों का सत्यापन : शशांक मणि

देवरिया । भटनी नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुरा में सदर सांसद शशांक मणि ने शक्तिकेंद्र संयोजकों के साथ बैठक की । इस दौरान उन्होंने बूथ सत्यापन के लिए कार्यकताओं से आह्वान किया । श्री मणि ने कहा कि हर बूथ पर हर वोट महत्वपूर्ण है, हमे सबसे संपर्क कर जनता के बीच पार्टी की नीतियों और विचारों को प्रचारित करना चाहिए । सरकार और संगठन के कार्यों के बारे में जनता को बताना चाहिए । हम सभी भाजपा के सिपाही हैं और पार्टी को मजबूत करना हमारा प्रथम कर्तव्य है । उन्होंने बूथ अध्यक्षों से विशेष अपील करते हुए कहा कि पार्टी के मजबूती में बूथ अध्यक्षों का विशेष योगदान होता है इसलिए आप सभी वोटर लिस्ट के प्रत्येक पन्नों के पन्ना प्रमुख किसी सक्रिय कार्यकर्ता को ही बनाए ताकि चुनावों में बूथों पर शत प्रतिशत मतदान हो सके । इस दौरान पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार उपाध्याय, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, प्रतीक मिश्रा, रोशन जमीर, अजय गुप्ता, चंद्रहास कुशवाहा, अभय चौरसिया, श्रीवेष तिवारी, दीपक वर्मा, रिचू तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

जानेमाने दवा व्यवसायी कन्हैयालाल गुप्त का निधन, नगर में शोक की लहर

भटनी(देवरिया)। नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त के चाचा एवं वरिष्ठ पुराने दवा व्यवसायी कन्हैयालाल गुप्त का निधन हो जाने से नगर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया है कि 80 वर्षीय कन्हैयालाल गुप्त लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार को तड़के सुबह मेन रोड स्थित उनके आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों की भीड़ श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके आवास पर उमड़ पड़ी। कन्हैयालाल गुप्त को नगर के सबसे पुराने दवा व्यवसायियों में गिना जाता था। उनके निधन से व्यापारियों एवं नगरवासियों में शोक व्याप्त है। स्वर्गीय कन्हैयालाल गुप्त अपने पीछे पुत्र विशाल गुप्त सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश चन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष डॉ. बलराम जायसवाल, समाजसेवी मोहनलाल गुप्त, रोशन जमीर कल्लू, चंद्रकेश जायसवाल, भाजपा भटनी मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, जिलापंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह, आशीष पासवान, दीपक वर्मा अभय तिवारी सहित नगर के सभासदों एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शव यात्रा पक्के पुल से होते हुए नदी तट पर पहुंचा। जहां अन्तिम संस्कार किया गया मुखाग्नि पुत्र विशाल गुप्त ने नम आँखों से दिया । वहां उपस्थित लोगों की आँखे भी नम हो गयी ।

श्रीसिद्ध सनातन शक्ति धाम लछिया देवरिया पहुंचे सांसद शशांक मणि ने की सनातन जन-जागरण की सराहना

कुशीनगर। देवरिया सांसद शशांक मणि ने फाजिलनगर क्षेत्र के ग्राम लछिया देवरिया स्थित प्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र श्री सिद्ध सनातन शक्ति धाम (मतवा जी कुटी) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने धाम परिसर में स्थापित प्राचीन सिद्धपीठ श्री रामेश्वरम महादेव जी, आदिशक्ति वेदमाता गायत्री जी, न्याय के देवता श्री शनिदेव-शनि शिला जी, श्री राधा-कृष्ण जी, संकटमोचन श्री बालाजी हनुमान जी, श्री वासुकीनाग जी, श्री कालभैरव जी एवं श्री कूर्मदेव जी के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर धाम के व्यवस्थापक स्वामी बैरागी जी ने सांसद को अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में संचालित विभिन्न आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं सनातन जन-जागरण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। सांसद शशांक मणि ने धाम द्वारा सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक चेतना के संरक्षण और संवर्धन हेतु किए जा रहे कार्यों की भूरी- भूरी प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी एवं सार्थक पहल बताया। उन्होंने इस पुण्य कार्य में हरसंभव सहयोग एवं समर्थन देने का आश्वासन भी दिया। उल्लेखनीय है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के बरिष्ठ गायत्री साधक एवं धाम के संस्थापक संरक्षक अवधेश पाण्डेय द्वारा अपने पूज्य पिता स्वर्गीय श्रद्धेय श्री रामहर्ष पाण्डेय जी की पावन स्मृति में इस प्राचीन सिद्धपीठ के पुनर्जीवन एवं आध्यात्मिक पुनर्जागरण का कार्य किया जा रहा है।

उनकी मंशा है कि श्री सिद्ध सनातन शक्ति धाम को केवल मंदिर तक सीमित न रखकर सनातन हिन्दू धर्म, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों के ध्वजवाहक केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। जहाँ नई पीढ़ी को भारतीय संस्कार, वेद-पुराण और सनातन परंपराओं से जोड़ने का कार्य निरंतर संचालित हो। कार्यक्रम के दौरान धाम परिवार द्वारा सांसद को गायत्री मंत्र अंकित चादर ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम लछिया देवरिया के ग्रामीणों ने पुष्पमालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर आनंद मिश्र, डॉ. परशुराम शर्मा, श्रीराम यादव, कैलाश मिश्र, पारस मिश्र, सुदर्शन सिंह, , रामेश्वर सिंह, प्रमोद सिंह, प्रदीप सिंह, रमाकांत सिंह, रामप्रीत यादव, अरविंद सिंह, रमेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

क्षेत्र पंचायत विकास योजना को लेकर खुली बैठक आयोजित

भटनी(देवरिया)। स्थानीय विकास खण्ड सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत विकास योजना के अंतर्गत एक खुली बैठक हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख रनिया देवी ने की। बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास, जनहित योजनाओं एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र पंचायत प्रमुख सानिया देवी ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समन्वय बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों से विकास योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की विकास कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधाओं से संबंधित प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि भी की गई। इस दौरान प्रमुख पति रमाशंकर यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विकास योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी संतोष कुमार सहायक खण्ड विकास (पंचायत) विन्ध्याचल सिंह व क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं को एडीएम ने दिया स्व-गणना का प्रशिक्षण

कुशीनगर। जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित अधिवक्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिवक्ताओं को स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण, लॉगिन, परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज करने एवं ऑनलाइन प्रक्रिया पूर्ण करने की जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि डिजिटल स्व-गणना प्रणाली से जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनेगी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज का जागरूक वर्ग है और उनकी सहभागिता से आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने अधिवक्ताओं से स्वयं स्व-गणना करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम में स्व-गणना से संबंधित तकनीकी बिंदुओं एवं आमजन की संभावित समस्याओं के समाधान की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फर्जी अधिकारी बन स्कूल पहुंचे युवक पर पुलिस ने सात संगीन धाराओं में दर्ज किया मुकदमा

जिला संवाददाता

कुशीनगर। सेवरही विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय परसौना टोला में खुद को लखनऊ से आया अधिकारी बताकर पहुंचे युवकों पर विद्यालय में आतंक फैलाने, अभिलेख फाड़ने, प्रधानाध्यापक से गाली गलौज और मारपीट का आरोप लगाया था । मामले में में स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को एक नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ 7 संगीन धाराओं में मुकद्दमा पंजीकृत कर मामले ला जाँच आरम्भ कर दिया है।

विद्यालय के ?प्रधानाध्यापक राज कुमार चौबे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे संदीप पाण्डेय पुत्र शम्भू पाण्डेय निवासी पथरवा और चार अज्ञात विद्यालय पहुंचे। आरोप लगाया कि विद्यालय पहुंच कर विद्यालय के शिक्षकों से कहा कि लखनऊ से अधिकारी आए हैं व विद्यालय की शिकायत की जांच करनी है। इसके बाद सभी लोग सीधे रसोईघर व खाद्य भंडारण कक्ष में पहुंच गए। वहां उन्होंने भोजन व खाद्य सामग्री को लेकर आक्रामक तरीके से पूछताछ शुरू कर दी। प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया कि आरोपितों की गतिविधियां अत्यंत

- **प्रधानाध्यापक ने तहरीर देकर लगाया था अभिलेख फाड़ने, व अपहरण की कोशिश का आरोप**
- **विद्यालय में घंटों बाधित रहा पठन-पाठन, भय से सहमे बच्चे व शिक्षक; पुलिस से कठोर कार्रवाई की हुई थी मांग**
- **घटना के दौरान विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया व बच्चों में भय फैल गया**

संदिग्ध थीं। विद्यालय कार्यालय में घुसकर उपस्थिति पंजिका समेत अन्य शासकीय अभिलेखों की जांच शुरू कर दी। विरोध करने पर अभिलेखों के पन्ने फाड़ दिए गए व शिक्षकों के साथ गाली-गलौज की गई। आरोप है कि संदीप पाण्डेय ने शिक्षकों को धमकाते हुए निलंबित कराने की बात कही। घटना के दौरान विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया व बच्चों में भय फैल गया, जिससे पठन-पाठन कार्य घंटों प्रभावित रहा। ?प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया कि विद्यालय में उत्पात मचाने के बाद आरोपित उन्हें खोजते हुए बाहर निकल गए। उस समय वह विद्यालय से अनुपस्थित बच्चों को बुलाने गए थे। रास्ते में घेरकर आरोपितों ने जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर अध्यापक के साथ मारपीट किया गया और गाड़ी को चारो तरफ से तोड़ फोड़ किया । पीड़ित किसी तरह जान बचाकर वह मौके से भाग निकले।? तहरीर में यह भी कहा गया है कि संदीप पाण्डेय पूर्व में भी सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ अभद्र व धमकीपूर्ण टिप्पणियां करता रहा है। तहरीर पर रसोइया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायक अध्यापक अमरेश कुमार समेत अन्य लोगों के हस्ताक्षर भी किए गए हैं। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक शंघ के अध्यक्ष धर्मेंदर सिंह, जिला अध्यक्ष अरविन्द पटेल, जूनियर शिक्षक शंघ अध्यक्ष मधेश मिश्र, मंत्री ऐजुल हक मंत्री अंजनी सिंह, अमरेश यादव, अंगपाल और अनिल सिंह सहित सैंकड़ो अध्यापक उचित कार्यवाही करने हेतु रविवार को दुबारा थाने पर न्याय हेतु गये थे। इस सन्दर्भ मे थानाध्यक्ष गिरजेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के अनुसार संदीप पाण्डेय और चार अन्य अज्ञात खिलाफ 7 संगीन धाराओ में मुकद्दमा दर्ज कर कार्यवाही किया जा रहा है।

डायमंड की दुनिया अब पडरौना में, किसना ने खोला शानदार शोरूम

कुशीनगर। पडरौना शहर के गायत्री नगर, कसया-पडरौना मार्ग पर बुधवार को प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपने नए एक्सक्लूसिव शोरूम का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश में ब्रांड का यह 29वां एक्सक्लूसिव शोरूम है, जिसने पडरौना को अब राष्ट्रीय ज्वेलरी बाजार के मानचित्र पर नई पहचान दिला दी है। इस भव्य उद्घाटन समारोह में सदर विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल व हरिकृष्ण ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शहर के व्यापारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्राहक शामिल हुए। नए शोरूम के उद्घाटन के साथ ही ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की भी घोषणा की गई। कंपनी द्वारा डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है, जबकि मंगल्यम कलेक्शन की गोल्ड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज में 50 प्रतिशत तक की राहत दी गई है। इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि पडरौना में नए शोरूम का उद्घाटन किसना की विस्तार यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कंपनी के लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण बाजार है तथा ब्रांड का उद्देश्य आधुनिकता और पारंपरिक भारतीय शिल्पकला को एक साथ जोड़ते हुए ग्राहकों को भरोसेमंद और प्रीमियम ज्वेलरी उपलब्ध कराना है। उन्होंने ह्लहर घर किसना ह्व विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि कंपनी प्राकृतिक हीरों की खूबसूरती को देश के हर परिवार तक पहुंचाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। कंपनी के प्रतिनिधि पराग शाह ने कहा कि पडरौना में एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरूआत से उत्तर प्रदेश में ब्रांड की मौजूदगी और मजबूत होगी। वहीं एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर अमृत गुप्ता एवं ऋषभ गुप्ता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे पडरौना में एक विश्वसनीय और राष्ट्रीय स्तर के ज्वेलरी ब्रांड को लेकर आए हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वन एवं पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न*

देवरिया । जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वन एवं पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों एवं विभागवार लक्ष्य निर्धारण की समीक्षा की गई जिलाधिकारी ने इस वर्ष के वृक्षारोपण लक्ष्य को विभिन्न विभागों में आवंटित किए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समय से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें, तभी योजनाओं की वास्तविक प्रगति दिखाई देगी। जिलाधिकारी ने विकास एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त स्थलों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वृक्षारोपण के लिए बड़े एवं उपयुक्त स्थलों का चयन किया जाए, जहां अधिक संख्या में पौधे लगाए जा सकें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद उनके संरक्षण के लिए पर्याप्त व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ।

प्रधानमंत्री की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिडिल ईस्ट संकट के मद्देनजर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के मद्देनजर देश वासियों से बहुत महत्वपूर्ण अपील की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपील भी की है और कुछ हिदायतें भी दी हैं, उनसे स्पष्ट है कि संकट गहरा रहा है। हालात सामान्य की परिधि से बाहर निकल चुके हैं। ईरान युद्ध का बेहद गंभीर असर भारत पर भी महसूस होने लगा है। प्रधानमंत्री ने कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान जैसी अपील कई बार की थी, उसी तरह वह अब कह रहे हैं कि कारपूलिंग करें, सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें, जहां मेट्रो उपलब्ध है, वहां उसी से सफर करें और अधिक से अधिक विद्युत वाहनों का उपयोग करें। प्रधानमंत्री को यहां तक हिदायत देनी पड़ी है कि वर्क फ्रॉम होम करें, ऑनलाइन बैठकें करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग फिर जरूरत बन गई है। गैर-जरूरी यात्राएं न करें और कमोबेश 1 साल के लिए विदेश में छुट्टी मनाने, घूमने और शादियां करने को स्थगित कर दें। यह देशहित में होगा। चाहे कोई भी त्योहार या घरेलू समारोह हो अथवा निवेश के मद्देनजर सोने की खरीद भी न करें।

इससे विदेशी मुद्रा बचेगी, लिहाजा यह भी देशहित में होगा। बेशक प्रधानमंत्री मोदी की चिंताएं समझ में आ रही हैं। ईरान युद्ध समाप्त नहीं हो पा रहा है। युद्ध विराम के ढोंग में जो हमले किए जा रहे हैं, वे युद्ध ही हैं। अमरीका और ईरान की अपनी-अपनी नाकेबंदी के वैश्विक प्रभाव सामने आ रहे हैं। अमरीका में ही पेट्रोल के दाम 7.5 फीसदी बढ़ गये हैं। जबकि अमरीका में तेल संकट नहीं है। ब्रिटेन में डीजल के दाम 33 फीसदी बढ़ाने पड़े हैं और घर को गरम रखने के लिए एलपीजी का उपयोग बंद कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया में नहाने में शॉर्ट शॉवर, सप्ताहांत में ही वाशिंग मशीन चलाने और सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट बंद करने जैसी कुछ व्यवस्थाएं देश पर लागू की गई हैं। चीन, फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे देशों को भी पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़ाने पड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी भी आम उपभोक्ता के लिए पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम बढ़ाने की भूमिका तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल के बड़े-बड़े कुएं नहीं हैं। हमें तेल आयात करना ही पड़ेगा। युद्ध के कारण और कच्चा तेल लगातार महंगा होने के कारण भारत की तेल कंपनियों को 30,000 करोड़ रुपये माहवार का घाटा झेलना पड़ रहा है। हर रोज का औसतन घाटा 1600 करोड़ रुपये का है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर जो टैक्स घटाया था, उससे ही सरकार को हर माह 14,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। भारत को तेल, गैस आदि विदेशों से आयात करने पड़ते हैं। अभी देश 93 लाख करोड़ रुपये का आयात कर रहा है। हमारा व्यापार घाटा भी करीब 11.3 लाख करोड़ रुपये सालाना है। आर्थिक और कारोबारी हालात, ईरान युद्ध के कारण, बदतर होते जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री को कोरोना महामारी जैसी अपील करनी पड़ी है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर यह हिदायत दोहराई है कि हर घर में तेल की मात्रा कम करें। ऐसा करने से स्वस्थ रहेंगे और देश पर भी खाद्य तेल आयात करने का बोझ नहीं बढ़ेगा। प्रसंगवश याद दिला दें कि हमारे दर्जन भर जहाज, टैंकर अब भी होर्मुज के समंदर पर फंसे हैं। हमारे कुछ नाविक मारे गये हैं और घायल भी हुए हैं। ईरान और अमरीका धमकियां दे रहे हैं और होर्मुज जलमार्ग का नाजायज फायदा उठा रहे हैं। भारत ऐसा देश है, जहां 2025-26 में 6.40 लाख करोड़ रुपये का सोना आयात किया गया। हम विदेश यात्राओं पर ही 3.65 लाख करोड़ रुपये खर्च कर देते हैं। यदि इन पर कुछ रोक लगाएंगे, तो विदेशी मुद्रा बचेगी। 2025-26 में हमने कच्चे तेल के आयात पर 10.35 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। चूंकि ईरान युद्ध के कारण कच्चा तेल 50 फीसदी महंगा हो गया है, लिहाजा अब हमें तेल के आयात पर करीब 17 लाख करोड़ रुपये खर्च करने पड़ेंगे। यह बोझ देश की अर्थव्यवस्था पर ही पड़ेगा। विश्व बैंक का भी आकलन है कि युद्ध के कारण 2026 में ऊर्जा की कीमतों में 24 फीसदी तक बढ़ोतरी होगी। ऐसे में प्रधानमंत्री की अपील बहुत उचित है और इस पर देश को अमल करना चाहिए।

विचार

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
–शेक्सपियर.

नीट छात्रों के साथ कब तक होगा खिलवाड़

शाहिद ए चौधरी

नीट पेपरलीक विवाद यह है कि राजस्थान में एक गेस पेपर सर्कुलेट हो रहा था, जिसमें लगभग 600 अंक मूल्य के प्रश्न वही थे, जोकि वास्तविक पेपर के 720 अंकों से मेल खाते थे। इसकी वजह से ही पेपर को रद्द करना पड़ा। जांचकर्ताओं ने लीक को जयपुर की प्रिंटिंग एजेंसी और महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, बिहार व केरलम में फैले कोचिंग नेटवर्क्स से लिंक किया है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 12 मई 2026 को नीट-यूजी-2026, जोकि 3 मई 2026 को आयोजित हुआ था, को रद्द कर दिया। क्योंकि उसके जांचकर्ताओं को साक्ष्य मिले थे कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा प्रश्न पत्र में जो सवाल मालूम किये गये थे, उनमें से अनेक प्रश्न वही थे, जो टेस्ट से पहले सार्वजनिक थे और छात्रों के हाथों में घूम रहे थे। भारत सरकार ने प्रश्न पत्र लीक का मामला सीबीआई को सौंप दिया है और परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जायेगी। पेपर के रद्द किये जाने से लगभग 23 लाख छात्र प्रभावित हुए हैं और 2019 में एनटीए द्वारा प्रतियोगी परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी लेने के बाद से यह पहला अवसर है, जब नीट-यूजी को पूर्णतः रद्द करना पड़ा है। जबकि 2024 में जब अंकों में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया था तो 1,563 से थोड़े अधिक छात्रों के लिए आंशिक रूप से परीक्षा पुनः आयोजित की गई थी। नीट का रद्द किया जाना, एनटीए की संस्थागत नाकामी है, जो छात्रों के लिए त्रासदी बन जाती है। जाहिर है इससे अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होती है।

गौरतलब है कि दो वर्ष पहले, 13 जून 2024 को, नीट परीक्षा आयोजन (5 मई 2024) के एक माह से अधिक समय गुजरने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर बल दिया था कि अखिल भारतीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा पेपर 'लीक' नहीं हुआ है। लेकिन ठीक 12 दिन बाद यानी 25 जून को सीबीआई इस केस की जांच कर रही थी, क्योंकि मामले की गंभीरता जग जाहिर हो गई थी और इस पेपर लीक घोटाले की जड़ें अनेक राज्यों में फैली हुई दिखायी देने लगीं थीं, जबकि इस संदर्भ में बिहार पुलिस ने पहली एफआईआर 5 मई को ही दायर कर ली थी। लगभग 23 लाख छात्रों को प्रभावित करते हुए, इस साल जो पेपर लीक हुआ है, क्या उसे व्यवस्था में सुधार कहा जा सकता है कि लीक की पुष्टि बहुत जल्द हुई और परीक्षा रद्द किये जाने की घोषणा चंद दिनों के भीतर ही कर दी गई? फिर क्या यह भी व्यवस्था में सुधार है कि केंद्र सरकार व एनटीए को पहले की तरह इंकार नहीं करना पड़ा कि पेपर लीक नहीं हुआ है? वर्तमान समस्या को सही से समझने के लिए

आवश्यक है कि 2024 की घटना को संक्षेप में दोहरा दिया जाये। पेपर लीक होने के आरोप सबसे पहले पटना में लगे, जहां यह बात प्रकाश में आयी कि प्रश्नों को एडवांस में जानने के लिए कुछ छात्रों ने 30 लाख रुपये व 50 लाख रुपये के बीच दिये थे। फिर गोधरा में एक अध्यापक पर आरोप लगे कि उसने मोटी रकम लेकर छात्रों की ओएमआर शीट भरने में मदद की। सवाई माधोपुर, राजस्थान के एक केंद्र में 'गलत प्रश्न पत्र वितरित' किये गये। इनके अतिरिक्त 2024 के नतीजों में अनियमितताएं भी प्रकाश में आयीं थीं। अप्रत्याशित रूप से 67 छात्रों का स्कोर परफेक्ट रहा (720/720), जिसे बाद में घटाकर 17 कर दिया गया, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने फिजिक्स के विवादित प्रश्न के अंकों को रद्द कर दिया जोकि पुरानी पाठ्य पुस्तक की गलती पर आधारित था। छात्रों को 'गणितीय दृष्टि से असंभव' अंक 718 व 719 भी दिये गये थे 'क्षतिपूरक भरपाई अंक' के रूप में, विनष्ट समय के लिए, जिसे बाद में वापस ले लिया गया।

इस साल यानी 2026 का विवाद यह है कि राजस्थान में एक गेस पेपर सर्कुलेट हो रहा था, जिसमें लगभग 600 अंक मूल्य के प्रश्न वही थे, जोकि वास्तविक पेपर के 720 अंकों से मेल खाते थे। इसकी वजह से ही पेपर को रद्द करना पड़ा। जांचकर्ताओं ने लीक को जयपुर की प्रिंटिंग एजेंसी और महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, बिहार व केरलम में फैले कोचिंग नेटवर्क्स से लिंक किया है। नासिक पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई ने देश में 12 जगहों पर छापे मारे हैं। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह

एनटीए पर सवाल

का दावा है कि 3 मई 2026 को जो परीक्षा हुई थी, उसके पेपर के चार कोड वर्जन थे, जिनमें से एक भी बाजार में नहीं पाया गया है और इसलिए 'कोई लीक स्थापित नहीं हुई है'। वह यह भी कहते हैं कि 'पूरा पेपर लीक नहीं हुआ है'। अजीब विरोधाभास है। 'लीक स्थापित नहीं हुई' और 'पूरा पेपर लीक नहीं हुआ', तो फिर परीक्षा रद्द क्यों की गई? इस सिलसिले में सिंह का स्पष्टीकरण और भी अजीबोगरीब है। वह 'जीरो टॉलरेंस' व 'जीरो एरर' की नीति अपनाने की दुहाई देते हुए कहते हैं कि 'अगर एक भी प्रश्न हमारे प्रश्न पत्र से मैच कर जाता है...तो हमारी पूरी प्रक्रिया कॉम्प्रोमाइज्ड हो जाती है'।

क्या यह मुमकिन है कि वास्तविक प्रश्न पत्र और गेस पेपर में एक भी सवाल आपस में मेल न खाएं, जबकि विषय विज्ञान से संबंधित हो? नहीं। 720 अंकों में से अगर 600 अंकों के प्रश्न मेल खा जायें तो यह घोटाला व बड़ी साजिश है और इसके अतिरिक्त कुछ नहीं। समय व एक्सेस के आधार पर लीक पेपर 25,000 से 40 लाख रुपये तक का बेचा गया। यह प्रशासनिक नाकामी है और छात्रों के प्रति असंवेदनशीलता। दरअसल, सरकार व एनटीए अपनी नाकामी को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं, विशेषकर इसलिए कि छात्र व पैरेंट्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ध्यान रहे कि नीट को आयोजित करने में लगभग 200 करोड़ रुपये का खर्च आता है, लेकिन एनटीए छात्रों की एप्लीकेशन फी से लगभग 300 करोड़ रुपये कमाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि एनटीए की संरचना, प्राथमिकताओं, प्रबंधन, प्रशासन व साइबरटेक-सुरक्षा में कुछ बुनियादी कमियां हैं वर्ना एक ही विषय पर साल दर साल निरंतर नाकामी का और क्या अर्थ है? गंभीर समस्याएं एक दशक तक जारी नहीं रहती हैं। एनटीए की स्थापना 2017 में हुई थी, एक केंद्रीय नोडल संस्था के रूप में कि सभी कॉलेज व प्रोफेशनल प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करे।

लेकिन इस अवधि में देखने को मिले हैं- प्रश्न पत्र लीक, नकल, फ्रॉड और हमेशा गड़बड़ाती प्रार्थियों के टेस्ट सेंटर की अल्गोरिद्म-आधारित मैपिंग, जिससे उन्हें अधिक पैसा खर्च करके बहुत दूर के केंद्र पर परीक्षा देने के लिए जाना पड़ता है। इस सबके कारण एनटीए ने कॉलेज/उच्च शिक्षा में जाने की दौड़ को महंगी व बाधाओं से भरी बना दिया है, जिसकी भारी मानसिक स्वास्थ्य कीमत चुकानी पड़ रही है स्कूल-छोड़ने वाले किशोरों व उनके माता-पिता को। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि जिन परिवारों के पास पैसा है वह निरंतरता के साथ अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए समुंदर पार भेज रहे हैं। पिछले एक दशक के दौरान विदेशी शिक्षा पर भारतीयों द्वारा खर्च में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है, जैसा कि नीति आयोग के नवम्बर 2025 के वर्किंग पेपर में आरबीआई के डाटा का हवाला देते हुए बताया गया है कि भारतीयों ने 2013-14 में विदेशों में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए लगभग 975 करोड़ रुपए खर्च किये थे, जो 2023-24 में 20 गुणा से भी अधिक बढ़कर 29 हजार करोड़ रुपए हो गये, जोकि भारत सरकार के उच्च शिक्षा बजट का तकरीबन आधा है। लेकिन 100 में से 3 भारतीय छात्र ही विदेश में शिक्षा प्राप्त करते हैं, शेष 97 प्रतिशत को तो पिछले एक दशक में 20 से अधिक परीक्षाओं में रद्द, स्थगन व पुनःपरीक्षा के डंक को बर्दाश्त करना पड़ा है। केंद्र सरकार को एनटीए के ब्लू प्रिंट की समीक्षा करनी चाहिए और कोचिंग इंस्टिट्यूट के मायाजाल का भी संज्ञान लेना चाहिए ताकि छात्र इस वार्षिक त्रासदी से सुरक्षित रह सकें, साथ ही इसलिए भी कि संस्थागत नाकामी अर्थव्यवस्था पर भी बोझ है।

सोशल मीडिया

धर्म के प्रति अटूट निष्ठा मातृभूमि के प्रति समर्पण और अन्याय के विरुद्ध अद्भुत साहस की प्रतिमूर्ति बाबा बंदा सिंह बहादुरजी के सरहिंद फतह दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। अमित शाह.

अर्थव्यवस्था का जो भाजपाई दावा सरपट दौड़ने वाली बुलेट ट्रेन जैसा दिखाया जा रहा था। असल में वह तो बैलगाड़ी की तरह धक्कामार साबित हुआ है। अखिलेश यादव

जनगणना-2027 के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई... पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक इस अभियान का हिस्सा बनेगा। सीएम योगी.

माया का बंधन

अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

मुंह में आया बताशा...

व्यंग्यलोक

आजकल पुरस्कार मूली-गाजर के भाव मिल रहे हैं। देने वाले फेरी लगाकर आवाज लगाते हैं-पुरस्कार ले लो पुरस्कार। हर चीज के खरीददार मिलेंगे। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। पुस्तक ऐतिहासिक हो-साहित्य का पुरस्कार आराम से मिल जायेगा। आजकल तो एक और नया चलन चला है कि पुरस्कार पाठ्य पुस्तकों पर भी दिया जाने लगा है। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ। अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुरस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है? अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। उधर यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है।

परंपरा और प्रयोग के बीच सेतु बनाती थीं बिमला बिष्ट

जयंती (13 मई) पर विशेष

भूपेन्द्र कुमार अस्थाना

विमला बिष्ट का नाम लखनऊ की समकालीन कला-परंपरा में उस संवेदनशील अध्याय की तरह अंकित है, जहाँ मिट्टी केवल माध्यम नहीं रहती, बल्कि अनुभूति, स्मृति और जीवन की नहीं रहती, बल्कि जीवन-दर्शन बन जाती है। वे स्वयं कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ की छात्रा भी रहीं और बाद में उसी संस्थान में अध्यापन करते हुए प्राचार्या (1996-97) के पद तक पहुँचीं। यह यात्रा केवल पदों की नहीं, बल्कि उस सतत् समर्पण की कहानी है जिसमें एक कलाकार पीढ़ियों को गढ़ता है। उन्होंने अनेक विद्यार्थियों को न केवल तकनीक सिखाई, बल्कि देखने, समझने और महसूस करने की दृष्टि भी दी। उनकी कला-यात्रा में अनेक प्रदर्शनियाँ, शिविर और सम्मान जुड़े रहे। 1984 की एकल

भाषा बन जाती है। आज उनकी 89वीं जयंती पर उन्हें स्मरण करना एक कलाकार को नहीं, बल्कि उस सृजनशील आत्मा का नमन करना है, जिसने अपने हाथों से धरती को कविता में रूपांतरित किया।

विमला बिष्ट का कला-संसार परंपरा और प्रयोग के बीच एक जीवंत सेतु की तरह था। उनकी कृतियों में एक ओर भारतीय हस्तशिल्प की गहरी जड़ें दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर आधुनिक कल्पना की निर्भीक उड़ान भी। वे मिट्टी को केवल आकार नहीं देती थीं, बल्कि उसमें धैर्य, अग्नि और सौंदर्य की एक दीर्घ साधना को पिरोती थीं। हर कृति जैसे समय के भीतर ठहरकर बनी हुई कोई मौन कथा हो, जो देखने वाले से संवाद करती है।

आज ही के दिन 13 मई 1937 को जन्मी विमला बिष्ट ने कला की औपचारिक शिक्षा लखनऊ से प्राप्त की–फाइन आर्ट्स में डिप्लोमा, पॉटरी और मूर्तिकला में पोस्ट-डिप्लोमा, और आगे चलकर विश्व भारती विश्व विद्यालय, शांति निकेतन से सिरेमिक्स में प्रशिक्षण लेकर अपनी दृष्टि को और व्यापक किया। शिक्षा और अनुभव की यही यात्रा उन्हें उस गहराई तक ले गई, जहाँ कला केवल अभ्यास प्रदर्शनी से लेकर 1987 और 1989 की समूह प्रदर्शनियों तक उनकी उपस्थिति ने सिरेमिक कला को एक नई पहचान दी। 1985 का एस.एल.के.ए. पुरस्कार, 1987 का उत्तर प्रदेश राज्य हस्तशिल्प सम्मान और 1990 का अखिल भारतीय कला प्रदर्शनी सम्मान इस बात के प्रमाण हैं कि उनकी कला केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि गंभीर कलात्मक संवाद भी थी।

पद्मश्री रणवीर सिंह बिष्ट की जीवन संगिनी के रूप में भी उनका जीवन कला और संवेदना की साझा यात्रा का हिस्सा रहा। लेकिन उनकी पहचान सदैव एक स्वतंत्र और सशक्त सिरेमिक कलाकार के रूप में ही स्थापित रही–एक ऐसी कलाकार, जिसके स्पर्श से मिट्टी भी अपनी भाषा बोलने लगती थी। 22 अक्टूबर 2007 को उनका देहावसान हुआ, पर उनकी कला आज भी चुपचाप सांस लेती है–उन कृतियों में, जिनमें समय ठहरा हुआ है, उन विद्यार्थियों में, जिनमें उनकी सीख जीवित है; और उस लखनऊ में, जिसकी कला-संवेदना में उनका योगदान एक स्थायी प्रकाश की तरह विद्यमान है। उनकी 89वीं जयंती पर यह स्मरण केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उस सृजनशील यात्रा को प्रणाम है, जिसने मिट्टी को जीवन और कला को आत्मा दी।

आप की बात

शहरों को बनायें रोजगार हब

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं।

इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। चाहे रायबरेली रोड हो। फैजाबाद रोड हो, हरदोई रोड हो या सीतापुर रोड अथवा सुलतानपुर रोड, लखनऊ से पन्द्रह-बीस किलो मीटर आगे तक प्लाटिंग हो चुकी है। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है। यह सब विकास प्राधिकरण और आवास विकास की असफलता है। आज गरीबों को छोटा प्लाट नहीं मिलता है, ऐसे में मजबूरी में उनको डीलरों के पास जाना पड़ता है।

पवन कुमार मिश्र, लखनऊ.

सड़कों की दशा ठीक करें

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है।

एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है।

मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.

संक्षेप

किशोरी को गायब करने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

बांदा। अतर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खम्हौरा में एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने घर में ठहरे युवक पर बहला-फुसलाकर किशोरी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

खम्हौरा निवासी कुलदीप ने थाना अतर्रा में दी तहरीर में बताया कि उसका साला अजय पुत्र दिलखुश निवासी ग्राम चांदी थाना राजापुर जनपद चित्रकूट 7 मई को उसके घर आया था। उसने बताया कि उसे 10 मई को एक निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होना है, इसलिए वह कुछ दिन उनके घर पर रहेगा। आरोप है कि 10 मई की रात करीब दो बजे जब परिवार के सभी लोग सो रहे थे, तभी अजय मौका पाकर उसकी 17 वर्षीय बहन को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।

सुबह जब परिवार के लोग जागे तो किशोरी घर में नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश की, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित परिवार ने थाना अतर्रा में तहरीर देकर किशोरी की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले का संज्ञान में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

अधेड़ ने लगायी फांसी, मौत

बांदा। बबेरू कस्बे के श्रृंगार थोक मोहल्ले में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।बबेरू कस्बे के श्रृंगार थोक मोहल्ला निवासी 43 वर्षीय राजा वर्मा पुत्र कोदा प्रसाद ने मंगलवार की देर शाम अज्ञात कारणों के चलते मकान की छत के छल्ले पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फारेंसिक टीम को बुलवाकर जांच पड़ताल करवाई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम हुआ है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

पुलिस ने दबोचा वांछित अभियुक्त

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना राधानगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस संबंधित नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया।पुलिस द्वारा की गई बरामदगी के उपरांत प्राप्त साक्ष्यों एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही के आधार पर मामले में धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई। इसके बाद उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त गुलशन पुत्र रोहित कुमार, निवासी भरोसा पूर्वा मजरा संभुवा, थाना बिधनू, जनपद कानपुर नगर, उम्र लगभग 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना राधानगर पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की मांग

बांदा। भीषण गर्मी में अतर्रा नगर के अस्थाई बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण की कांग्रेस नेता ने मांग उठाई है।अतर्रा नगर के किसी भी अस्थाई बस स्टैंड पर यात्रियों के रुकने के लिए यात्री प्रतीक्षालय नही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व नरैनी विधानसभा प्रभारी सूरज बाजपेई ने नगर के बबेरू बस स्टैंड, बांदा बस स्टैंड में अस्थाई यात्री प्रतीक्षालय बनाए जाने की मांग की है। बाजपेई ने कहा कि अतर्रा नगर से दूर दराज के ग्रामीण लोग आकर इलाहाबाद से लेकर लखनऊ-कानपुर के लिए बस सेयात्रा करते हैं। भीषण गर्मी में यात्रियों को किसी भी बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय न होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया कि गर्मी के अलावा बारिश, ठंड के समय भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि अतर्रा की समस्या को लेकर जन प्रतिनिधियों को जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाना चाहिए।

क्रिटिकल कॉरिडोर का निरीक्षण करने के डीएम ने दिए निर्देश

जिला संवाददाता

बांदा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जीरो फेटालिटी लक्ष्य के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने सड़कों पर सुरक्षा और प्रवर्तन की कार्रवाई में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं करने की बात कही। क्रिटिकल कॉरिडोर का

- **सड़क किनारे खड़े होने वाले अनावश्यक वाहनों पर हो कार्यवाही**

निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कहा कि चिन्हित क्रिटिकल कॉरिडोर का सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ संयुक्त निरीक्षण करें। शहर के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर सड़क किनारे खड़े होने वाले अनावश्यक वाहनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। एक्सप्रेस-वे के नीचे अवैध रूप से खड़े होने वाले ट्रकों पर अंकुश लगाने को नो एंट्री बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। मोहल्ला कालूकुआं चैराहे पर विशेष विजिट कर व्यवस्थाएं सुधारने की कार्रवाई अमल में लाने को कहा। महोखर क्षेत्र में विद्युत पोलों को 15 दिनों के भीतर हटाने का समय निर्धारित किया है। सेंट जेवियर्स स्कूल के पास लटकते बिजली के तारों और हार्पर क्लब रोड के अनावश्यक पोलों को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। आरटीओ को निर्देशित किया कि 18 मई तक जनपद के सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाए। ओवरलोड वाहनों पर सतत निगरानी रखने और दुर्घटना की स्थिति में वाहन स्वामियों के लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी। बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले छात्र-छात्राओं पर सख्ती बरतने और विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए। रोडवेज बस स्टैंड को शहर के बाहर स्थानांतरित करने के लिए भूमि का चिन्हांकन शीघ्र करने को कहा। जिला अस्पताल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राहवीर योजना पर विशेष बल देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले नेक आदमियों की सूची तैयार की जाए। ऐसे नागरिकों को सार्वजनिक रूप से पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलास बंसल, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित स्वास्थ्य, परिवहन और विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे खतौनी की प्रमाणित प्रतिः डीएम

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि कम्प्यूटरीकृत खतौनी की प्रमाणित प्रति आनलाइन माध्यम से प्रदान किये जाने के फलस्वरूप आम जनमानस को ई-गवर्नेंश का लाभ प्राप्त हो सकेगा तथा हितबद्ध भूमिधारक को तहसील कम्प्यूटर केन्द्र अथवा कामन सर्विस सेन्टर पर जाने की जरूरत नहीं रह

- **राजस्व परिषद द्वारा भूमिधर-किसानों के हित में लिया गया सकारात्मक निर्णयः एडीएम**
- **वहीं दूसरी ओर भूमिधरों के समय, श्रम व संसाधन की भी बचत होगी**

जायेगी और उसे किसी भी स्थान व समय पर खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु निर्बाध रूप से सातों दिन चैबीस घंटे सेवा उपलब्ध हो जायेगी।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने बताया है कि वर्तमान में ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल इंडिया की संकल्पना के अनुरूप खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने की प्रकिया को पूर्णतः आनलाइन कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत आवेदक द्वारा आनलाइन माध्यम से शुल्क का भुगतान कर किसी भी समय व स्थान पर खतौनी की प्रमाणित प्रति डाउनलोड की जा सकती है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि खतौनी की नकल प्राप्त करने हेतु भूमिधरों को अपना दैनिक कार्य छोड़ कर तहसील व जनसेवा केन्द्रों पर जाना पड़ता है, जिससे उनके समय, श्रम एवं संसाधन का अपव्यय होता है।

खतौनी की प्रमाणित प्रति आनलाइन माध्यम से प्रदान किये जाने की व्यवस्था क्रियाशील होने के उपरान्त भूमिधर घर बैठे ही निर्धारित शुल्क का आनलाइन भुगतान कर खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते हैं, इससे जहाँ एक ओर तहसील के जनदबाव में कमीं आयेगी, वहीं दूसरी ओर भूमिधरों के समय, श्रम व संसाधन की भी बचत होगी। उन्होंने बताया कि खतौनी को आनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराये जाने हेतु राजस्व परिषद द्वारा संचालित भू-लेख पोर्टल पर खतौनी को पूर्णतः आनलाइनध्रियल टाइम किया जा चुका है तथा आम जनमानस की सुविधा हेतु तहसील के कम्प्यूटर केन्द्र एवं जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से खतौनी की प्रति उपलब्ध करायी जा रही है।

तीन दिन में पौधरोपण कार्य योजना भेजने के निर्देश

ललितपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026 के वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों, पर्यावरण संरक्षण तथा

- **जनपद में बनेंगे चरक वन, मातृ वन, ओक्सी वन सहित 11 विशिष्ट वन**

अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। शुभारंभ डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए सभी विभागों को स्थल चयन कर सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। अधिकांश विभागों द्वारा सूचना भेज दी गई है, जबकि जिन विभागों से सूचना प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें जिलाधिकारी ने तीन कार्य दिवस के भीतर सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण की कार्ययोजना और गड्ढा खुदाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग तत्काल गडडा खुदान कार्य प्रारंभ करें और तीन दिन के भीतर अपनी कार्ययोजना प्रभागीय निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराएं। डीएफओ ने बताया कि जनपद में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11 विशिष्ट वनों की स्थापना की जाएगी। इनमें महर्षि चरक वन, सामाजिक समरसता वन, वंदे मातरम् वाटिका, समृद्धि वन, मातृ वन, स्मृति वाटिका, खाद्य वन, शक्ति वन, त्रिवेणी वन, मित्र वन और ओक्सी वन शामिल हैं। इन वनों की स्थापना वन विभाग की विभिन्न रेंजों में की जाएगी। इस दौरान ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट और ई-वेस्ट के प्रबंधन एवं निस्तारण की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने नगर के सभी 26 वार्डों से निकलने वाले कचरे का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीडीओ, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, डीआईओएस, सिंचाई खण्ड, डीडी कृषि, कृषि अधिकारी, उद्यान अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

मंदिर पर जबरन जड़ दिया ताला

ललितपुर। तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कन्धारीकलां में स्थित प्राचीन सार्वजनिक मंदिर को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने मंदिर पर अवैध कब्जा कर ताला जड़

- **45 एकड़ जमीन पर कब्जे और करोड़ों के गबन का आरोप**
- **ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट, डीएम को सौंपा शिकायती पत्र**

दिया है, जिससे ग्रामीणों का पूजा-पाठ और दर्शन करना बंद हो गया है। साथ ही मंदिर की करीब 45 एकड़ कृषि भूमि से होने वाली आय के गबन का भी गंभीर आरोप लगाया गया है।

ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार गांव में स्थित भगवान श्रीराम ललाजी एवं श्रीलक्ष्मणजी का यह प्राचीन सार्वजनिक मंदिर वर्षों से ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र रहा है। आरोप है कि गांव के ही राघवेन्द्र सिंह एवं रविन्द्र सिंह पुत्रगण अनंत सिंह ठाकुर ने मंदिर पर जबरन ताला डाल दिया है और ग्रामीणों को मंदिर में प्रवेश करने से रोका जा रहा है। इतना ही नहीं, मंदिर में सेवा कर रहे पुजारी को भी वहां से भगा दिया गया, जिसके चलते भगवान की नियमित पूजा-अर्चना, भोग और आरती बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंदिर के नाम पर खाता संख्या 00373 एवं 374 में कुल 18.248 हेक्टेयर (करीब 45 एकड़) कृषि भूमि दर्ज है।

आरोप है कि पिछले करीब 15 वर्षों से उक्त भूमि को ठेके पर देकर उससे होने वाली आय का निजी लाभ उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि इस अवधि में करीब 2 करोड़ 25 लाख रुपये की आय हुई, जिसका कोई सार्वजनिक हिसाब नहीं दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मंदिर के संचालन के लिए वर्ष 2011 में एक सार्वजनिक ट्रस्ट का गठन किया गया था, लेकिन ट्रस्ट की संपत्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने और जानमाल की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मंदिर का ताला तत्काल खुलवाया जाए, पिछले 15 वर्षों की आय का ऑडिट कराया जाए तथा मंदिर की भूमि को प्रशासनिक संरक्षण में लेकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाए। शिकायती पत्र पर ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान मौजूद हैं। अब इस मामले में प्रशासन क्या कार्रवाई करता है, इस पर पूरे क्षेत्र की नजर बनी हुई है। ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान कंधारीकलां राजकुमार, सूरज, चंदेल, भागीरथ, हरदेव, राजेश कुमार, शंकर पंथ, रामचरन माते, मातादीन, दुर्जन सिंह, रामसिंह, हरीनारायण, पर्वत, इमरत, महेन्द्र सिंह, रामनन्दन, विजय कुमार, आकाश, राजेश, जागेश, लक्ष्मन, फूलसिंह, हरबल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

बारहवीं में जयपुरिया स्कूल फिर टॉप पर

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश बोर्ड की बारहवीं कक्षा के परिणाम घोषित होते ही फतेहपुर जिले में सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। पिछले वर्षों की तरह इस बार भी विद्यालय के छात्रों ने टॉप रैंकर्स की सूची में कब्जा जमाया, जो स्कूल की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।स्कूल के टॉपर हार्दिक पांडेय ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद अंशिका श्रीवास्तव 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं।

तृतीय स्थान पर हर्षित नरेंद्र ने 94.0 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी जगह बनाई। आगे क्रमशः अंशुल कुमार ने 93.6 प्रतिशत, हरिओम पांडेय ने 93.0 प्रतिशत, खुशी सिंह ने 90.8 प्रतिशत, सुहानी गुप्ता ने 90.2 प्रतिशत और अक्षिता ने 90.0 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों ने विभिन्न विषयों में उच्चतम अंक हासिल कर न केवल स्कूल का मान बढ़ाया, बल्कि जिले में जयपुरिया स्कूल की परंपरा को मजबूत किया।

विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा श्रीमती रंजना सिंह ने छात्रों की इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्रों को मिठाई वितरित कर मुंह मीठा कराया और कहा, ₹ये परिणाम हमारे स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों की लगन का फल है। हमें सभी पर गर्व है।₹ प्राचार्य जी.पी. मिश्रा ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ₹यह सफलता केवल शुरूआत है। छात्र अपनी ऊर्जा और समर्पण के साथ आगे बढ़ें, तो उच्च शिक्षा और करियर में नई ऊंचाइयां छुएंगे। हमारा स्कूल हमेशा उनका साथ देगा।फतेहपुर जिले में जयपुरिया स्कूल के छात्र लगातार वर्षों से टॉप पर हावी रहे हैं, जो स्थानीय शिक्षा जगत में एक मिसाल है।

बाल गृह और सम्प्रेक्षण गृह का एडीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिले में संचालित बाल संरक्षण संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने जिला बाल कल्याण समिति के साथ राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), नेहरूनगर तथा राजकीय बाल गृह (बालक), दैलवारा का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने संस्थाओं में रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा, चिकित्सा, खानपान, खेलकूद, व्यायाम एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने बच्चों के आवासीय कक्षों, रसोईघर, शौचालय और परिसर की व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। एडीएम ने निर्देश दिए कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और बाल संरक्षण समिति समय-समय पर निरीक्षण करती रहे, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बच्चों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग एवं नियमित व्यायाम कराने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही बच्चों को भविष्य के लिए आत्मनिर्भर बनाने हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए, जिससे वे हुनरमंद बन सकें। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों ने संस्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सुचारु रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थाओं में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट और अभद्रता का आरोप

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट, महिलाओं के साथ अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। स्थानीय पुलिस से कार्रवाई न होने का आरोप लगाते

- **पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

हुए पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों से उनके परिवार की पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते आरोपी एकजुट होकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज शुरू कर दी।

विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर जब घर की महिलाएं बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए कपड़े खींचे गए और छेडखानी की गई। साथ ही घर में रखी नकदी और जेवरात छीनने का प्रयास भी किया गया। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद आरोपियों ने पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने की धमकी दी। मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने प्रभाव में आकर उचित कार्रवाई नहीं की और गंभीर धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया।

स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने से परेशान पीड़िता अब जिले के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची है। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है। अब इस मामले में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

राशन दुकान चयन में फर्जीवाड़े का आरोप

जिला संवाददाता

ललितपुर। विकास खंड महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत जरया में उचित दर विक्रेता (कोटे की दुकान) के चयन को लेकर विवाद गहरा गया है।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों पर नियमों की अनदेखी कर गुपचुप तरीके से प्रस्ताव पारित कराने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर चयन प्रक्रिया निरस्त कराने और दोबारा पारदर्शी तरीके से बैठक कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता राघवेंद्र पुत्र लटकन अहिरवार एवं पिंकी पत्नी सुरेंद्र ने आरोप लगाया है कि शासन के नियमों के अनुसार राशन दुकान चयन के लिए ग्राम सभा की बैठक से कम से कम सात दिन पूर्व पूरे गांव में मुनादी कर सूचना देना अनिवार्य है, लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा कथित रूप से मात्र एक रात पहले सिर्फ दो वार्डों में ही मुनादी कराई गई। जबकि गांव के अन्य 11 वार्डों के अधिकांश ग्रामीणों को बैठक की कोई जानकारी नहीं दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई

- **एक ही पक्ष के पांच लोगों ने आवेदन किया था, जिनमें बाद में चार लोगों ने नाम वापस ले लिया**
- **मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार**

और एक पक्ष विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से गुपचुप तरीके से प्रस्ताव पास कराने की तैयारी की गई। शिकायत में यह भी कहा गया कि एक ही पक्ष के पांच लोगों ने आवेदन किया था, जिनमें बाद में चार लोगों ने नाम वापस ले लिया।

वहीं आवेदिका पिंकी ने आरोप लगाया कि उनका आवेदन पत्र जानबूझकर फाड़ दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक, करीब 2000 मतदाताओं वाले गांव में मात्र 25 से 30 लोगों की मौजूदगी में बैठक कर प्रस्ताव पारित कराने का प्रयास किया जा रहा था।

जब गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंचने लगे तो स्थिति बिगड़ती देख ग्राम पंचायत अधिकारी और सहायक खंड विकास अधिकारी वहां से चले गए। ग्रामीणों ने मांग की है कि 11 मई 2026 को आयोजित हुई इस कथित बैठक को तत्काल निरस्त किया जाए और दोबारा नियमानुसार सात दिन पूर्व सूचना देकर, वीडियोग्राफी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी में चयन प्रक्रिया कराई जाए। इस संबंध में शिकायत की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है।

अब ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हैं।

चैन स्केलेटर वाहन का शुभारंभ, बरसात से पहले नालों की होगी तेज सफाई

ललितपुर। बरसात के मौसम में शहरवासियों को जलभराव की समस्या को देखते हुये और नालों-नालियों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद ने आधुनिक तकनीक से लैस नए चैन स्केलेटर वाहन का शुभारंभ किया। बुधवार को मोहल्ला पिसनारी, वार्ड नंबर-13 में आयोजित कार्यक्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विधि-विधान से वाहन का पूजन-अर्चन कर फीता काटकर रवाना किया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि बरसात से पूर्व शहर के सभी प्रमुख नालों और नालियों की समयबद्ध सफाई इस स्केलेटर के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को जलभराव जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि यह चैन स्केलेटर वाहन नालों में जमा सिल्ट, गाद और कचरे को तेजी से बाहर निकालने में बेहद कारगर साबित होगा। इससे सफाई व्यवस्था में तेजी आएगी और शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाने में मदद मिलेगी।

परिवहन विभाग की कार्यवाही, दो बुलेट सीज, 12 वाहनों का चालान

बांदा। परिवहन आयुक्त के निर्देश पर मोडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हार्न के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर के महाराणा प्रताप चैक में परिवहन विभाग ने सघन रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोटीफाइड साइलेंसर लगी दो बुलेट मोटर साइकिलों को सीज कर दिया। जबकि सात अन्य वाहनों का चालान किया। इसके अलावा प्रेशर हार्न का उपयोग करने वाले पांच वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई। आरटीओ प्रवर्तन उदयवीर सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा व ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलते रहेंगे। एआरटीओ परिवहन श्यामलाल ने वाहन चालकों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करें और अनाधिकृत मोडीफिकेशन एवं प्रतिबंधित वाहनों के उपयोग से बचे। जिससे सुरक्षित, शांतिपूर्ण यातायात व्यवस्था बनायी जा सके।

ध्वनि प्रदूषण पर एआरटीओ ने की सख्त कार्यवाही

महोबा। शासन के निर्देश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी दया शंकर ने यातायात प्रभारी सुनील सिंह के साथ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर मोटर साइकिलों में लगे मोडिफाई साइलेंसर के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही की। इस दौरान कुल 10 मोटर साइकिलों का ध्वनि प्रदूषण करने पर चालान किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने वाहन चालकों से यातायात के सभी नियमों का पालन करने की अपील की है।

सेट जेवियर्स के छात्रों ने बढ़ाया मान

फतेहपुर,। सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 के परिणाम घोषित होते ही सेंट जेवियर्स हाई स्कूल फतेहपुर में खुशी की लहर दौड़ गई। विशेष रूप से विज्ञान वर्ग के छात्रों ने जिले में अपना दबदबा कायम रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल का नाम रोशन किया, बल्कि फतेहपुर जिले में शीर्ष संस्थानों में अपनी जगह पक्की की। यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और आधुनिक शिक्षण विधियों का प्रमाण है।विद्यालय की टॉपर छात्रा आन्या मौर्या ने विज्ञान वर्ग में 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। उनके अलावा अन्य उल्लेखनीय छात्रों में आरुषि वर्मा 95.6 प्रतिशत, अभय सिंह 94.8 प्रतिशत, प्रिया जैन 93.2 प्रतिशत, और रोहन यादव 92.4 प्रतिशत अंकों के साथ मेरिट सूची में शामिल हुए। 100% पास प्रतिशत के साथ विज्ञान, वाणिज्य और कला सभी वर्गों में शानदार प्रदर्शन रहा, लेकिन विज्ञान वर्ग ने जिले में सबसे अधिक टॉपर्स दिए।प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका गुप्ता ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, ₹यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन परिश्रम, शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमारा विद्यालय सर्वांगीण विकास पर जोर देता है और भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए कृतसंकल्प है। छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए तैयार करने हेतु विशेष कोचिंग और करियर गाइडेंस कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

धूमधाम से निकली शिव बारात, भंडारे का आयोजन

बांदा। पैलानी तहसील के खप्टिहाकलां कस्बे में स्थित योगिनी माता मंदिर, शिव मंदिर मे गाजे बाजे के साथ मां गौरी और गणेश, शिव परिवार की बारात पालकी में बैठाकर कस्बे में निकाली गई। इन मंदिरों में कई वर्षों से विराजमान गणेश, गौरी व शिव परिवार की मूर्ति खंडित हो जाने की वजह से कस्बे में भगवान शिव, गणेश, गौरी की बारात मोती गोंडा, राधा कृष्ण मंदिर रघुवीर मंदिर, गढ़ीदाई मंदिर, पाथादाई मंदिर से होते हुए कस्बे में भजन कीर्तन के साथ निकली। ग्रामीणों ने योगिनी माता मंदिर, शिव मंदिर में आचार्य एवं वेदपाठी ब्राह्मणों ने प्राण प्रतिष्ठा कराई। पूजन के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कस्बे के चंद्रशेखर, अंगद सिंह, शिवशंकर तिवारी, बलराम सिंह कछवाह, राम बहादुर सिंह, बउवा गौतम आदि मौजूद रहे। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

- **पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने रेल प्रशासन को भेजा ज्ञापन**

ललितपुर। जिले में रेल यात्रियों, छात्रों, श्रमिकों और व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव एवं मेमो ट्रेन के समय में बदलाव की मांग उठाई है। महाप्रबंधक/मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल को भेजे गए ज्ञापन में प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि ललितपुर जनपद से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और श्रमिक झांसी सहित अन्य शहरों की यात्रा करते हैं। इसके अलावा मुंबई एवं महाराष्ट्र के औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार और व्यापार के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, लेकिन ललितपुर रेलवे स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव न होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में उन्होंने ट्रेन संख्या 15066 पनवेल एक्सप्रेस, 11079 मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस और 12173 उद्योग नगरी एक्सप्रेस का ललितपुर स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके साथ ही खजुराहो-झांसी मेमो ट्रेन (64609/64509) के समय में बदलाव की मांग भी की गई है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय सारिणी के अनुसार ट्रेन ललितपुर से सुबह 7.20 बजे रवाना होकर झांसी 10.45 बजे पहुंचती है, जो छात्रों और नौकरीपेशा लोगों के लिए उपयुक्त नहीं है।

ज्ञापन में मेमो ट्रेन का समय बदलकर झांसी पहुंचने का समय सुबह 10 बजे निर्धारित करने का अनुरोध किया गया है। पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने रेल प्रशासन से जनहित को देखते हुए जल्द सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की है। यह मांग क्षेत्र के यात्रियों और आम नागरिकों के लिए राहत की उम्मीद लेकर आई है।

सेंसेक्स में 50 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 33 अंक की तेजी रही। हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमत और वैश्विक अनिश्चितता से तेजी पर अंकुश लगा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 49.74 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 75,191.57 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,134.48 अंक तक आया। इसी तरह, एनएसई निफ्टी 33.05 अंक यानी 0.14 प्रतिशत बढ़कर 23,412.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और टेक महिंद्रा शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 107.27 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 1,959.39 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। पिछले दो दिन से भारी बिकवाली के बाद घरेलू शेयर बाजारों में आज अपेक्षाकृत स्थिरता देखने को मिली और दोनों मानक सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार सीमित दायरे में रहा। यह घबराहट में की गई बिकवाली में अस्थायी विराम का संकेत देता है। हालांकि, वैश्विक और घरेलू स्तर पर वृहद आर्थिक चिंताओं के बीच बाजार का रुख सतर्क बना हुआ है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार में मंगलवार को ज्यादातर में गिरावट थी। सेंसेक्स मंगलवार को 1,456.04 अंक लुढ़क कर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 436.30 अंक की गिरावट के साथ 23,379.55 अंक पर रहा था। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.90 प्रतिशत चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.41 प्रतिशत के लाभ में रहा। लगातार दो दिन भारी बिकवाली के बाद, भारतीय शेयर बाजारों में आज अपेक्षाकृत स्थिरता देखने को मिली और दोनों मानक सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार सीमित दायरे में रहा। यह घबराहट में की गई बिकवाली में अस्थायी विराम का संकेत देता है।

आयात शुल्क बढ़ने के बाद सोना 8550 रुपये चढ़ा, चांदी ने लगायी 20500 रुपये की छलांग

नयी दिल्ली। सरकार के बहुमूल्य धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत किए जाने के बाद बुधवार को स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 20,500 रुपये बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जो कल 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) थी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 8,550 रुपये या पांच प्रतिशत से अधिक बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 156,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। सरकार ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि प्लैटिनम पर इसे 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोनेचांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। ये नए शुल्क बुधवार से लागू हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर विदेशी मुद्रा बचाने के लिए ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, सोने की खरीद एवं विदेश यात्रा को स्थगित करने जैसे उपायों के आह्वान के बाद यह घोषणा की गई है। स्थानीय कारोबारियों ने कहा कि बढ़े हुए शुल्क का वास्तविक प्रभाव आने वाले दिनों में तब दिखाई देगा जब यह खरीद लागत में परिलक्षित होने लगेगा। भारत में सोने पर आयात शुल्क में हालिया बढ़ोतरी से स्थानीय कीमतें बढ़ने एवं भौतिक मांग पर अस्थायी असर पड़ने की संभावना है। हालांकि, निवेशकों को घबराने की जरूरत नहीं है। वैश्विक अनिश्चितता तथा घरेलू मुद्रा दबाव के समय सोना सुरक्षित निवेश के रूप में आकर्षक बना रहता है। विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर रुपये ने भी बहुमूल्य धातुओं की कीमतों को बढ़ाया है। विदेशी मुद्रा निकासी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों की चिंता के बीच रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.80 के निचले स्तर तक गिर गया।

संक्षेप

सैमसंग ने शुरू किया 2026 विजन एआई टीवी के लिए रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली। सैमसंग ने घोषणा की है कि भारत में ग्राहक अब कंपनी के नए 2026 विजन एआई टेलीविजन के लिए अपनी दिलचस्पी दर्ज करा सकते हैं। कंपनी इस नई टीवी सीरीज को इसी महीने लॉन्च करने वाली है। सैमसंग के नए विजन एआई टीवी एडवांस फीचर्स और अत्याधुनिक तकनीक के साथ आएंगे, जो व्यूइंग अनुभव को और बेहतर बनाएंगे। कंपनी ने बताया कि 2026 में वह अपनी विजन एआई कम्पेनियन यानी वीएसी सुविधाओं का विस्तार 4के यूएचडी और उससे ऊपर की टीवी रेंज में करेगी, जो टीवी अनुभव के केंद्र में एआई को लाने की उसकी व्यापक रणनीति को दर्शाता है। इससे एआई आधारित व्यूइंग को ज्यादा कैटेगरी, स्क्रीन साइज और अलग-अलग उपभोक्ता जरूरतों तक पहुंचाया जा सकेगा।सैमसंग पिछले 20 वर्षों से ग्लोबल नंबर-1 टीवी ब्रांड बना हुआ है। यह सफलता प्रीमियम और अल्ट्रा-लार्ज स्क्रीन इनोवेशन के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता और अत्याधुनिक एआई-पावर्ड टीवी की वजह से मिली है।

इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (इंडिया चैप्टर) को मिला नया अध्यक्ष

नई दिल्ली। डॉ. अनिलकुमार गायकवाड़, जो महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हैं, को इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (इंडिया चैप्टर) का अध्यक्ष चुना गया है। यह वैश्विक सड़क सुरक्षा संस्था दुनिया भर में बेहतर और सुरक्षित सड़कों के लिए काम करती है। डॉ. गायकवाड़ से उम्मीद की जाती है कि वे सड़क सुरक्षा और मोबिलिटी से जुड़ी विभिन्न पहलों के माध्यम से इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के इंडिया चैप्टर में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इनमें फेडरेशन के प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं, जो सुरक्षित सड़क प्रणाली के 5ई सड़कों की इंजीनियरिंग, वाहनों की इंजीनियरिंग और नीतिगत सुधार, शिक्षा, प्रवर्तन और आपातकालीन देखभाल – पर केंद्रित हैं। साथ ही, स्कूलों के लिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मिशन में इसमें शामिल है, जिसमें स्कूल जोन सुरक्षा और डिजिटल सड़क सुरक्षा शिक्षा की पहलें शामिल हैं। वे फेडरेशन के सदस्यों के आधार को मजबूत करने और उसका विस्तार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर फोल्ड लॉन्च

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज अपना पहला फोल्डेबल स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर फोल्ड लॉन्च किया। यह फोन काम और मौज.मस्ती को नए अंदाज में पेश करता है और यूजर्स बिना किसी रुकावट के काम कर सकते हैं कुछ नया बना सकते हैं और एक साथ कई काम कर सकते हैं। इस डिवाइस में दुनिया का सबसे बेहतरीन फोल्डेबल कैमरा सिस्टम दिया गया है जिसे इमेजिंग की बेहतरीन क्वालिटी के लिए डीएक्सोमार्क गोल्ड लेबल मिला है। इसमें दुनिया का एकमात्र ट्रिपल 50 एमपी प्रो.ग्रेड फोल्डेबल कैमरा सिस्टम हैए जो एडवांस सोनी लिटिया 828 और सोनी लिटिया 600 कैमरे पर आधारित है और मोटो एआई से लैस है। यह फ्लैगशिप.स्तर की स्पष्टता सिनेमाई डायनेमिक रेंजए एकदम असली रंग तेज शेडोए कम ग्रीन ब्लर.फ्री शॉट्सए पैंटोन वैलिडेटेड ट्रू कलर्स और स्किनटोन सटीकता देता है। साथ ही मोटो एआई वीडियो एन्हांसमेंट इंजन के साथ 8के डॉल्बी विजन रिकॉर्डिंग की सुविधा है जिसमें इंडस्ट्री.फर्स्ट ड्यूल टोन मैपिंग इंजन है और सभी लेंस से 60 एफपीएस तक 4के डॉल्बी विजन रिकॉर्डिंग भी मिलती है।

पीएल वेल्थ ने शेयर बाजार में सकारात्मक दृष्टिकोण बरकरार रखा

नई दिल्ली। पीएल प्राइवेट वेल्थ ने अपनी नई मार्केट आउटलुक मई 2026 रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय शेयर बाजार ने अप्रैल में मजबूत रिकवरी के बाद मई की शुरूआत की। इस रिकवरी को मजबूत घरेलू आर्थिक स्थिति अमेरिका और ईरान के बीच अल्पकालिक समझौते से कम हुए भू.राजनीतिक जोखिम और वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में कमाई सीजन की अच्छी शुरूआत का सहारा मिला। हालांकि रिबाउंड के बावजूद बाजार अभी भी बहुत सतर्क है और तेल की कीमतों के प्रति अत्यंत संवेदनशील बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण कभी-कभी होने वाली अस्थिरता के बावजूद भारतीय इक्विटी बाजारों ने अपनी मजबूती दिखाई है। हालांकि निकट भविष्य में बाजार की दिशा कुछ घटनाओं पर निर्भर कर सकती है लेकिन मध्यम से लंबी अवधि में भारत की मूल संरचनात्मक विकास कहानी मजबूत बनी हुई है।

सोने की तस्करी पर निगरानी तेज करेंगे राजस्व खुफिया, सीमा शुल्क अधिकारी

नयी दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय और सीमा शुल्क अधिकारी सोने की संभावित तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर निगरानी और सतर्कता बढ़ा सकते हैं।

सोने पर बुधवार को सीमा शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत किए जाने के बाद पीली धातु की तस्करी बढ़ने की आशंका के बीच सतर्कता बढ़ायी जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि कर अधिकारी सोने के बाजार का फायदा उठाने वाले गिरोह को रोकने के लिए जमीनी और तटीय घुसपैठ मार्गों, वितरण केंद्रों के रूप में काम करने वाले घरेलू डीलरों, संगठित नेटवर्क और विदेशी नागरिकों पर आधारित गिरोह को लेकर निगरानी बढ़ाएंगे। इसका उद्देश्य सोने की तस्करी करने वाले गिरोहों और सीमापार साठगांठ को रोकना है। खुफिया जानकारी पर आधारित निगरानी और प्रवर्तन सोने की तस्करी की चुनौती से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सोने और चांदी पर 13 मई से आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं प्लैटिनम पर इसे 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया है। इसके परिणामस्वरूप सोने व चांदी डोर, सिक्के आदि में भी बदलाव किए गए हैं। हालांकि, आयात शुल्क का तस्करी से सीधा संबंध नहीं है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि बढ़े हुए शुल्क के कारण अवैध व्यापार में तेजी आती है।

रुपया टूटने के बाद 95.67 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया बुधवार को कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.80 पर पहुंच गया। हालांकि मामूली सुधार के साथ अंत में 95.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण रुपये पर दबाव बना हुआ है।

हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप एवं सोने के आयात पर शुल्क बढ़ाए जाने से रुपये का निचले स्तर पर समर्थन मिला। कारोबारियों के मुताबिक, रुपया इस साल एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है और इसमें अब तक छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। महंगा कच्चा तेल, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर बढ़ती चिंताएं इसकी मुख्य वजह हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसमें काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक समय 95.80 प्रति डॉलर तक गिर गया। अंत में रुपया 95.67 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद स्तर से एक पैसा अधिक है। रुपया मंगलवार को 40 पैसे टूटकर 95.68 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। डॉलर के मुकाबले रुपये के 95.60 के आसपास बने रहना ऊंचे कच्चे तेल के दाम और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के दबाव को दर्शाता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सक्रिय हस्तक्षेप और आयात शुल्क बढ़ने से सोने के आयात में आई कमी रुपये में और कमजोरी को सीमित करने में मदद कर सकती है। भविष्य में रुपये की स्थिति सोने की बजाय कच्चे तेल की कीमतों और पश्चिम एशिया की स्थिति पर अधिक निर्भर करेगी। भारत सरकार ने सोना और चांदी के आयात शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है।

भारत की अगली आर्थिक छलांग को शक्ति प्रदान करेगा एआई

नई दिल्ली। आई बी एम इंस्टीट्यूट फॉर बिजनेस वैल्यू और इंडियाएआई के एक नए अध्ययन के अनुसार, भारत अपने आर्थिक परिवर्तन के एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ.प्रयोगों से आगे बढ़कर राष्ट्रीय विकास को गति देने वाली एक बुनियादी शक्ति बनने जा रहा है।

यह शोध बताता है कि 2030 तक एआई भारत की अर्थव्यवस्था में 500 बिलियन डॉलर से अधिक का योगदान दे सकता है, जिससे यह देश दुनिया की सबसे गतिशील ए आई -संचालित अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। 'फ्रॉम प्रॉमिस टू पावरः हाउ एआई इज रिडिफाइनिंग इंडियाज इकोनॉमिक फ्यूचर' शीर्षक वाला यह अध्ययन, महत्वाकांक्षा और तात्कालिकता के एक शक्तिशाली मेल को रेखांकित करता हैः पाँच में से चार व्यापारिक लीडर्स का मानना है कि ए आई में किया गया निवेश भारत की जीडीपी वृद्धि को सीधे तौर पर प्रभावित करेगा, जबकि 73% लोगों को अपेक्षा है कि 2030 तक भारत एक अग्रणी वैश्विक ए आई राष्ट्र के रूप में उभरेगा। आगे देखें तो, यह शोध एक अहम 'इन्फ्लेक्शन गैप' को भी उजागर करता है, क्योंकि सर्वे में शामिल 72% संगठनों ने यह माना है कि ए आई को अपनाने के मामले में वे अपने वैश्विक समकक्षों से पीछे हैं।

भविष्य निधि से पैसा निकालना जल्द होगा स्वचालितः ईपीएफओ

नयी दिल्ली। केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति ने बुधवार को कहा कि ईपीएफओ जल्द ही अंतिम भविष्य निधि निकासी दावों के निपटान की प्रक्रिया को स्वचालित करेगा। इससे आवेदक के बैंक खातों में पैसे के अंतरण में तेजी आएगी।

केंद्रीय भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सात करोड़ से अधिक अंशधारक हैं। वर्तमान में, पांच लाख रुपये तक की आंशिक या अग्रिम निकासी दावों का निपटान स्वचालित रूप से किया जाता है। स्वचालित निपटान के लिए समयसीमा दावा दाखिल करने की तिथि से तीन दिन है। उद्योग मंडल एसोचैम के नए श्रम संहिता पर आयोजित एक कार्यक्रम में कृष्णमूर्ति ने कहा, हम फिलहाल जहां तक संभव हो, स्वचालित निपटान शुरू करने जा रहे हैं...। यह अबतक केवल अग्रिम निकासी के लिए उपलब्ध था। अब हम अंतिम निकासी के लिए भी स्वचालित निपटान शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई सदस्य नियोक्ता बदलता है, तो ईपीएफओ भविष्य निधि खातों के स्वचालित निपटान और स्वचालित अंतरण की सुविधा भी शुरू कर रहा है। कृष्णमूर्ति ने कहा, अब आपको कोई फॉर्म भरने की जरूरत नहीं है। हम आपके खातों को आपके नये सदस्य खाते में स्वतः अंतरित करने का प्रयास करेंगे। चारों श्रम संहिताओं को पूर्णतः कार्यान्वित करने और उनके अंतर्गत नियम प्रकाशित करने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि परिभाषाओं और अन्य शब्दों को सरल बनाने, संहिताबद्ध करने और मानकीकृत करने के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। सरकार ने आठ मई को चारों नई श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया है। कृष्णमूर्ति ने कहा कि ईपीएफओ से संबंधित अगली अधिसूचनाएं शीघ्र ही प्रकाशित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री से फसल विविधीकरण पर ध्यान देने का आग्रह

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को यहां मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ हुई एक बैठक में पंजाब में धान-केंद्रित खेती के विकल्पों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

चौहान ने कहा कि आज की बैठक बहुत ही सकारात्मक, रचनात्मक और समाधान-उन्मुख रही, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई और फसल विविधीकरण सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में सामने आया। पंजाब की ज़मीन इतनी उपजाऊ और उत्पादक है कि धान के व्यावहारिक विकल्प के तौर पर कई दूसरी फसलों की सफलतापूर्वक खेती की जा सकती है। कृषि मंत्रालय के बयान के अनुसार चौहान ने कहा कि इस समय की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि धान-केंद्रित खेती के विकल्पों को जोर-शोर से बढ़ावा दिया जाए, ताकि पंजाब को पानी की कमी और मिट्टी के खराब होने जैसे आसन्न संकटों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजाब, जिसे ऐतिहासिक रूप से पांच नदियों की धरती के रूप में जाना जाता है, उसे एक जल-समृद्ध क्षेत्र के रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए, इसलिए जल संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। इस मुद्दे पर मिलकर आगे बढ़ने के लिए केंद्र सरकार और पंजाब के बीच व्यापक सहमति बन गई है।

प्रदेश में एथर एनर्जी की सेल 163 प्रतिशत बढ़ी

लखनऊ। एथर एनर्जी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश में शानदार वृद्धि दर्ज की है। यह कंपनी राज्य के इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में मजबूत स्थिति में पहुँच गई है। वाहन डेटा के मुताबिक राज्य में एथर की रिटेल सेल में 163 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज हुई है। कंपनी ने वित्तवर्ष 2025 में 3,624 यूनिट्स के मुकाबले वित्तवर्ष 2026 में 9,541 यूनिट बेची हैं। रिज्टा की सेल में हुई यह जबरदस्त बढ़ोत्तरी प्रदर्शित करती है कि यह इलेक्ट्रिक स्कूटर भारतीय परिवारों को बहुत पसंद आया है। वाहन डेटा के मुताबिक एथर रिज्टा के लॉन्च के 11 महीनों में ही इसकी 1 लाख यूनिट्स बिक चुकी थीं। इसके बाद सेल में और अधिक तेजी आई और अगले 12 महीनों में एथर रिज्टा ने 3 लाख यूनिट्स बेचने की उपलब्धि हासिल की। यह तेजी एथर स्कूटरों की कुल सेल में भी प्रदर्शित हुई। वाहन डेटा के मुताबिक वित्तवर्ष 2026 में एथर के कुल सेल वॉल्यूम में रिज्टा की हिस्सेदारी 76 प्रतिशत थी, जिससे प्रदर्शित होता है कि यह आधुनिक परिवारों का पसंदीदा इलेक्ट्रिक स्कूटर बन गया है। एथर एनर्जी के चीफ बिजनेस ऑफिसर रवनीत सिंह फोकेला ने कहा कि उत्तर प्रदेश हमारे विकास की रणनीति में एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में उभरा है।

बर्जर पेंट्स का 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम

नई दिल्ली। 31 मार्च 2026 को खत्म हुई तिमाही में कंपनी का परिचालन से राजस्व (कमाई) 2868.0 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल की इसी तिमाही में यह 2704.0 करोड़ रुपये था। यानी इस बार 6.1% की बढ़ोतरी हुई है। 31 मार्च 2026 वाली तिमाही में एबिटा (अन्य आय को छोड़कर) 12.6% की बढ़ोतरी के साथ 481.7 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल की इसी तिमाही में यह 427.5 करोड़ रुपये था। निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के लिए 4 रुपये (400%) प्रति इक्विटी शेयर (1 रुपये अंकित मूल्य) के लाभांश की सिफारिश की है। पिछली तिमाही में दिखाई गई मांग में क्रमिक सुधार की गति चौथी तिमाही में भी जारी रही, जिसके परिणामस्वरूप इस तिमाही में 11.8% की स्वस्थ वॉल्यूम वृद्धि हासिल हुई।हमारी सहायक कंपनियों और संयुक्त उद्यमों जैसे बोलिक्स एसए, बर्जर बेकर कोटिंग्स, बर्जर निप्पॉन एवं बर्जर रॉकरॉक ने टॉपलाइन और परिचालन लाभ दोनों में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की।

पेज एक का शेष

सोने-चांदी

घरेलू कीमतों में वृद्धि होने के आसार हैं। सोने और चांदी पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि प्लैटिनम पर इसे 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 15.4 प्रतिशत किया गया है। यह 13 मई से प्रभावी माना जाएगा। इसके परिणामस्वरूप सोनोचांदी के डोरे, सिक्के, अन्य वस्तुएं आदि पर भी कर में बदलाव किए गए हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में सोने व चांदी का आयात सालाना आधार पर 26.7 प्रतिशत बढ़कर 102.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। इससे कुल आयात में इनकी हिस्सेदारी 11.8 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई। भारत, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोने का उपभोक्ता है। यहां सोने का आयात मुख्य रूप से आभूषण बनाने के लिए किया जाता है। ऐसे आयात में विदेशी मुद्रा का काफी इस्तेमाल होता है। इस बीच, रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 95.71 (अस्थायी) पर बंद हुआ। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 95.75 पर पहुंच गया था लेकिन सोने पर आयात शुल्क की घोषणा के बाद बुधवार को इसमें कुछ सुधार देखने को मिला।

अमूल व मदर

ब्रांड के तहत अपने उत्पाद बेचती है। पिछली बार कीमतों में बढ़ोतरी एक मई, 2025 को की गई थी। जीसीएमएमएफ ने बयान में कहा कि उसने पूरे भारत में दूध की कीमतें 14 मई से दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी लगभग 2.5-3.5 प्रतिशत प्रति लीटर की है, जो औसत खाद्य महंगाई दर से कम है। जीसीएमएमएफ ने कहा, कीमतों में यह बढ़ोतरी दूध के परिचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के कारण की जा रही है। इस साल पशु आहार, दूध की पैकेजिंग सामग्री और ईंधन की लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस सहकारी संस्था ने बताया कि उसके सदस्य संघों ने भी किसानों से दूध खरीदने की कीमत में 30 रुपये प्रति किलोग्राम वसा (फैट) की बढ़ोतरी की है, जो मई, 2025 की तुलना में 3.7 प्रतिशत अधिक है। जीसीएमएमएफ भारत में दूध के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।

मुलायम के

सांसद पत्नी डिम्पल यादव, पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव, उनके सांसद पुत्र आदित्य यादव और भतीजे सांसद धर्मेंद्र यादव भी प्रतीक के घर पहुंचे। साथ ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज और कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा तथा अनेक विधायक और वरिष्ठ नेता भी प्रतीक के आवास पर गये और श्रद्धांजलि दी। प्रतीक के घर पहुंचे पुरोहित महेन्द्र शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्रतीक के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को लखनऊ के पिपराघाट में किया जाएगा। प्रतीक के निधन की खबर सुनकर उनके आवास के बाहर बड़ी संख्या में सपा और भाजपा दोनों के समर्थक मौजूद थे। इसके मद्देनजर पुलिस ने इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और कई जगहों पर बैरिकेड लगा दिये। घर के अंदर सिर्फ करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों को ही जाने की इजाजत दी गयी। प्रतीक यादव सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और उनकी दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के पुत्र थे। फिटनेस के शौकीन प्रतीक बेहद प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से होने के बावजूद सियासत से दूर रहते थे। हालांकि प्रतीक की पत्नी अपर्णा बिष्ट यादव भाजपा में शामिल हो गई थीं और वर्तमान में वह राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। छोटे भाई की मृत्यु की खबर सुनकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव सुबह सिविल अस्पताल पहुंचे और फिर वहां से किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) गये जहां प्रतीक के शव का पोस्टमार्टम हुआ।

सीएम योगी

का बुधवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने अपर्णा यादव, उनके बच्चों व अन्य परिजनों को ढांढस भी बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं भी जताईं।

मोदी ने

द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सरकारी वाहनों की संख्या में कमी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा मैं सभी दिल्लीवासियों से आग्रह करती हूं कि वे भी प्रधानमंत्री जी के इस आह्वान का पालन करते हुए ऊर्जा संरक्षण के इस राष्ट्रीय प्रयास में सहभागी बनें। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके काफिले में वाहनों की संख्या कम से कम रखने का निर्देश दिया है, जिसके बाद बुधवार को उनके काफिले में सिर्फ पांच वाहन दिखाई दिए। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार शर्मा ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या न्यूनतम रखने का निर्देश दिया है और अधिकारियों को अनावश्यक वाहनों का उपयोग न करने को कहा गया है। महाराष्ट्र सरकार ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है कि आधिकारिक यात्रा के लिए विमान का उपयोग करने से पहले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अनुमति ली जाए।

ईंधन का

में एक निर्धारित दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग अथवा साइकिल जैसी सुविधाओं का उपयोग करें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए और आमजन भी इससे प्रेरणा लें। उन्होंने शासन एवं प्रशासनिक कार्यों में डिजिटल और वर्चुअल माध्यमों के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिए कि अंतरजनपदीय बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विधानसभा एवं विधान परिषद की स्टैंडिंग कमेटियों की बैठकें यथासंभव हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएं। मुख्यमंत्री ने सचिवालय और निदेशालय स्तर पर एयरकंडीशनर एवं लिफ्ट के आवश्यकता-आधारित उपयोग के निर्देश देते हुए एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने तथा प्राकृतिक प्रकाश के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, रेल यात्रा और कारपूलिंग को बढ़ावा देने के साथ 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया। ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को शासन की प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग तथा जनजागरूकता अभियानों को रिहायशी कॉलोनियों, विद्यालयों और महाविद्यालयों तक विस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए नई नीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए स्वच्छ एवं ऊर्जा-कुशल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने सामाजिक आयोजनों में भी मितव्ययिता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शादी-विवाह एवं अन्य समारोहों के लिए घरेलू स्थलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि अनावश्यक व्यय पर रोक लगे और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिले। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को व्यवहार में उतारने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रीगण उपहार स्वरूप उन्हीं वस्तुओं का उपयोग करें, जिनका निर्माण उत्तर प्रदेश में होता है।

नीट पेपर

का कर्मचारी भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुख्य आरोपी और निलंबित प्राध्यापक (इतिहास) राजेश कुमार मीणा और आरपीएससी अजमेर में तैनात कनिष्ठ लिपिक (यूडीसी) मान सिंह मीणा के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एसओजी) विशाल बंसल के अनुसार यह मामला स्कूल प्राध्यापक (इतिहास) भर्ती परीक्षा से जुड़ा है, जो अक्टूबर 2022 में हुई थी।

जगह-जगह

के कार्यालय में घुसने की कोशिश की और परिसर के बाहर लगे पुलिस अवरोधक पार करने कर दिए। हालांकि परिसर के बाहर तैनात दिल्ली पुलिस और त्वरित कार्वाई बल (आरएएफ) के कर्मियों ने उन्हें पीछे धकेल दिया। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए एनटीए के कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा। एनटीए के कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल तैनात हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के मद्देनजर मंगलवार को परीक्षा रद्द कर दी थी और सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया था।

धामी कैबिनेट

जाएगा। हरित परिवहन को बढ़ावा देने के लिए नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति जल्द लागू की जाएगी। इसके तहत सरकारी विभागों में नई वाहन खरीद का 50 प्रतिशत हिस्सा इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा। साथ ही पूरे प्रदेश में ईवी चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार की योजना पर तेजी से कार्य किया जाएगा। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विजिट माई स्टेट अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत धार्मिक, ग्रामीण, वेलनेस, विरासत और इको-टूरिज्म स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली को और सरल बनाया जाएगा।

कैबिनेट ने मेरा भारत, मेरा योगदान अभियान को भी स्वीकृति दी है। इसके तहत स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए मेड इन स्टेट पहल चलाई जाएगी तथा सरकारी खरीद में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्वास्थ्य जागरूकता के तहत खाद्य तेल की अत्यधिक खपत को कम करने के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा। स्कूलों, अस्पतालों और सरकारी संस्थानों में तेल उपयोग की निगरानी की जाएगी, जबकि होटल एवं ढाबों को कम तेल वाले भोजन को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

कृषि क्षेत्र में प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि और जीरो बजट फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए व्यापक कार्यक्रम संचालित होंगे।

सरकार ने

क्रमशः 2,441 रुपये और 2,461 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। कपास के एमएसपी में भी सरकार ने अच्छी बढ़ोतरी की है। मध्यम लंबाई के रेशों वाली मीडियम स्टेपल कपास का एमएसपी 557 रुपये बढ़ाकर 8,267 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि लंबे और बेहतर गुणवत्ता वाले रेशों वाली लॉन्ग स्टेपल कपास का एमएसपी 8,667 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह सभी फसलों में दूसरी सबसे बड़ी बढ़ोतरी है। सबसे ज्यादा मूल्य वृद्धि सूरजमुखी बीज के एमएसपी में 622 रुपये प्रति क्विंटल की हुई है, जिससे इसका एमएसपी बढ़कर 8,343 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। इसके अलावा रामतिल (नाइजरसीड) का एमएसपी 515 रुपये बढ़ाकर 10,052 रुपये और तिल का 500 रुपये बढ़ाकर 10,346 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है।

यूपी में

नए मॉडल के तौर पर उभरा है। योगी सरकार का लक्ष्य गोसंरक्षण को किसानों की आय, प्राकृतिक खेती, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण रोजगार से सीधे जोड़ना है। इसी उद्देश्य के तहत इस योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि योगी सरकार ने गोसंरक्षण को ग्रामीण समृद्धि के मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। पहली बार प्रदेश में गाय के गोबर को आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

कोलकाता ने बेंगलुरु को दिया 193 रन का लक्ष्य

आईपीएल : अंगकृष का अर्धशतक, रिंकू ने नाबाद 49 रन बनाये, बेंगलुरु के 3 बॉलर्स को 1-1 विकेट

एजेंसी

रायपुर। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 193 रन का टारगेट दिया। बेंगलुरु ने रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट 192 रन बनाए। 17 ओवर के बाद कोलकाता का स्कोर 3 विकेट पर 165 रन हो गया है। भुवनेश्वर कुमार के ओवर में 12 रन आए, जिसमें रिंकू सिंह ने शानदार बल्लेबाजी दिखाई। उन्होंने एक चौका लगाने के साथ लगातार तीन गेंदों पर दो-दो रन लिए। रिंकू 18 गेंदों में 30 और अंगकृष रघुवंशी 39 गेंदों में 63 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

अंगकृष रघुवंशी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए इस सीजन की अपनी चौथी फिफ्टी पूरी कर ली। जैकब डफी की धीमी गेंद को उन्होंने लॉन्ग ऑफ की ओर खेलकर एक रन लिया और 32 बॉल पर 50 रन के आंकड़े तक पहुंचे। 13वें ओवर में रसिख सलाम डार ने बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाते हुए कैमरन ग्रीन को बोल्ड कर दिया। क्रॉस-सीम लेंथ गेंद नीची रही और ग्रीन लाइन मिस कर गए। गेंद सीधे मिडिल स्टंप से जा टकराई। ग्रीन 24 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। उनके और अंगकृष रघुवंशी के बीच 68 रन की साझेदारी भी यहीं टूटी। 12वें ओवर की पहली बॉल पर कैमरन ग्रीन ने शानदार छक्का जड़ दिया। शॉर्ट गेंद को उन्होंने डीप मिडविकेट के ऊपर 86 मीटर दूर स्टैंड्स में पहुंचाया। इसी के साथ कोलकाता का 100 रन पूरे हुए और ग्रीन-रघुवंशी के बीच अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी हुई। 10 ओवर के बाद केकेआर का स्कोर 2 विकेट पर 86 रन हो गया है। अंगकृष रघुवंशी 23 गेंदों में 34 और कैमरन ग्रीन 16 गेंदों में 14 रन बनाकर क्रीज पर थे। क्रुणाल पंड्या के इस ओवर में 10 रन आए, जिसमें रघुवंशी के डीप स्क्वेयर लेग पर शानदार छक्का जड़ा। ओवर की आखिरी गेंद पर विराट कोहली से लॉन्ग ऑफ पर हल्की मिसफील्ड भी हुई, लेकिन बल्लेबाज दूसरा रन नहीं ले सके। पावरप्ले में कोलकाता ने 2 विकेट पर 56 रन बनाए। शुरूआत में 5 डॉट बॉल खेलने के बाद अजिंक्य रहाणे ने चौके के साथ खाता खोला। फिन एलन ने डफी के ओवर में 14 रन बटोरे, जबकि उनके अगले ओवर में भी 17 रन आए। हालांकि, भुवनेश्वर कुमार ने एलन को आउट कर बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद जोश हेजलवुड ने अपने पहले ओवर में रहाणे को पवेलियन भेज दिया। तीसरे ओवर की तीसरी बॉल पर भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाते हुए फिन एलन को आउट किया। ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर एलन विकेटकीपर जितेश शर्मा को कैच दे बैठे। पिछले मैच के शतकवीर एलन 8 गेंदों में 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। भुवनेश्वर कुमार ने पहले ओवर में शानदार गेंदबाजी की और अजिंक्य रहाणे को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। ओवर की शुरुआत में रहाणे ने सतर्क अंदाज अपनाया और पहली तीन गेंदों पर कोई रन नहीं बना सके। भुवनेश्वर की धीमी और स्विंग होती गेंदों ने बल्लेबाज को लगातार परेशान किया। चौथी गेंद पर रहाणे बीट भी हुए। हालांकि, ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने शानदार कवर ड्राइव खेलते हुए चौका जड़कर अपना खाता खोला। अजिंक्य रहाणे ने कहा कि टीम के लिए पिछले चार मुकाबले काफी अच्छे रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम फिलहाल एक समय में एक मैच पर फोकस कर रही है। उन्होंने बताया कि वरुण चक्रवर्ती इस मुकाबले में नहीं खेल रहे हैं और उनकी जगह सौरभ को प्लेइंग-11 में मौका मिला है। रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उन्होंने कहा कि पिच पिछली मैच वाली विकेट जैसी ही लग रही है और इसके व्यवहार में भी ज्यादा फर्क नहीं होगा। प्लेइंग-11 में वेंकटेश अय्यर को रोमारियो शेफर्ड की जगह शामिल किया गया है। स्थानीय समयानुसार रात 8:30 बजे टॉस होगा।

अब तक कोई ओवर नहीं काटा गया है। मुकाबला रात 8:45 बजे से शुरू होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर जितेश शर्मा ने खराब बल्लेबाजी फॉर्म पर कहा कि वह उन चीजों पर ध्यान देते हैं, जो उनके कंट्रोल में हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग गिलास को आधा खाली देखते हैं, कुछ आधा भरा। मैं रन नहीं बना पा रहा हूं, लेकिन इस बात पर फोकस करता हूं कि विकेटकीपिंग में कितना योगदान दे सकता हूं, टीम को कितना फीडबैक दे सकता हूं और कप्तान की कितनी मदद कर सकता हूं। जो चीजें अच्छी हो रही हैं, मैं उन्हीं पर ध्यान देता हूं। कीपिंग को लेकर जितेश ने कहा कि क्रुणाल पंड्या जैसे गेंदबाजों के साथ विकेटकीपिंग करना चुनौतीपूर्ण से ज्यादा रोमांचक होता है। उन्होंने कहा, क्रिकेट में कुछ नया देखने को मिले तो मजा आता है। हेजलवुड, भुवी भाई और क्रुणाल भाई के लिए कीपिंग करना एक्साइटिंग है। पिच के बारे में उन्होंने कहा कि कोई भी बल्लेबाज या विकेटकीपर पूरी तरह नहीं जान सकता कि विकेट कैसे खेलेगी। मैच आगे बढ़ने के साथ खुद को ढालना पड़ता है। उन्होंने कहा, इरादा सही होना सबसे जरूरी है। आरसीबी का कोचिंग स्टाफ मैदान पर पिच का जायजा लेने पहुंचा। पिच पर हरे और भूरे रंग का मिश्रण नजर आ रहा है, जिससे तेज गेंदबाजों और बल्लेबाजों दोनों को मदद मिलने की उम्मीद है। बारिश के कारण टॉस में देरी हो रही है। बारिश फिलहाल रुक गई है और मैदान पर ऑन-फील्ड अंपायर नितिन मेनन और रोहन पंडित चौथे अंपायर कौशिक गांधी के साथ चर्चा करते नजर आए।

मुंबई के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा पंजाब

धर्मशाला। पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारूप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है। जैसा कि कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा, पंजाब किंग्स की इस मुश्किल स्थिति के लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां सामने नहीं आई लेकिन अब उसके लिए यह चिंता का विषय बन गया है। दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी लेकिन आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी।

अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है। आईपीएल के पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया, लेकिन लॉकी फर्ग्युसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को मैदान पर उतारा, जिनमें बेन ड्वार्शियस भी शामिल थे, जो काफी महंगे साबित हुए। अर्शदीप ने जिन 11 मैचों में हिस्सा लिया है, उनमें से अधिकांश में उन्होंने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं। अगर पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो प्रभसिमरन सिंह को रन बनाने होंगे ताकि वह शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्य का साथ दे सकें। पंजाब की फील्डिंग भी पिछले कुछ मैच में अच्छी नहीं रही और उन्होंने कई कैच छोड़े जिससे टीम को नुकसान हुआ। पंजाब का सामना अब मुंबई इंडियंस से है जिसने अभी तक निराशाजनक प्रदर्शन किया है।

लेकिन पंजाब को उसे किसी भी तरह से हल्के से लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह उसके समीकरण बिगाड़ने में सक्षम है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे और यह देखना बाकी है कि वह पूरी तरह से फिट हो गए हैं या नहीं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार यादव बाकी बचे तीन मैचों का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। र्यान रिकेल्टन और रोहित शर्मा से भी पावरप्ले में तूफानी शुरुआत की उम्मीद की जाएगी। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

संक्षेप

ज्ञानेश्वरी को भारोत्तोलन चैंपियनशिप में दो पदक

गांधीनगर। भारत की भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ने बुधवार को यहां 2026 एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 53 किग्रा वर्ग में रजत और कांस्य पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। ज्ञानेश्वरी ने स्नैच वर्ग में रजत और फिर इसी स्पर्धा में कुल 194 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। चीन की जिनलान झाओ ने कुल 216 किग्रा भार उठाकर इस वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि वियतनाम की होआई हुओंग गुयेन को कुल 195 किग्रा वजन उठाने पर रजत पदक मिला। कोमल कोहर ने सोमवार को महिलाओं की 48 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए पदकों का खाता खोला था। सोमवार से शुरू हुई इस चैंपियनशिप में 28 एशियाई देशों और दो राष्ट्रमंडल देशों के 178 भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं और यह 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है।

गुहान सेंथिलकुमार और संदेश राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में जीते

चेन्नई। गुहान सेंथिलकुमार और संदेश पी आर की तमिलनाडु की जोड़ी ने बुधवार को यहां तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार और संदेश की जोड़ी ने पहले दौर में नमन सुराना और प्रणव अग्रवाल को 11-1, 11-2 से हराया। पुरुष युगल में वेलावन सेंथिकुमार ने अभय सिंह जबकि सिंह मिश्रित युगल में अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ जोड़ी बनाई है। ये जोड़ियां बृहस्पतिवार को चुनौती पेश करेंगी।

ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम अगले महीने न्यूजीलैंड में होने वाले नेशंस कप की तैयारियों के सिलसिले में 21 मई से तीन जून तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी और इस दौरान चार मैचों की श्रृंखला खेलेगी। नेशंस कप की विजेता टीम को प्रतिष्ठित एफआईएच प्रो लीग में जगह मिलती है। पिछले साल प्रो लीग से बाहर होने के बाद भारत को दोबारा इसमें प्रवेश पाने के लिए यह टूर्नामेंट जीतना जरूरी है।

निशानेबाज जोरावर एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशिया में नंबर एक और विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की संभावित शॉटगन टीम में शामिल नहीं किया गया है जबकि वह देश के शीर्ष ट्रैप निशानेबाजों में से एक हैं और उन्होंने पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। राष्ट्रीय चैंपियनशिप और घरेलू चयन ट्रायल के दौरान जोरावर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप फाइनल्स की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद उनके लिए इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में निशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें एशियाई खेलों के लिए संभावित टीम में जगह नहीं मिली है। वह एक महीने पहले तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे। जोरावर ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) से अपने फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने तर्क दिया है कि पिछले छह महीनों में भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया है। एनआरएआई ने हालांकि स्पष्ट किया है कि वह डेढ़ साल पहले लागू की गई चयन नीति का सख्ती से पालन करेगा। एनआरएआई के महासचिव पवन कुमार सिंह ने कहा कि पुरुषों की संभावित ट्रैप टीम में बदलाव होने की किसी भी तरह की संभावना नहीं है। इस टीम में काइनन चेनाई, अहवर रिजवी और शपथ भारद्वाज शामिल हैं, जो 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेंगे।

एशिया के नंबर एक ट्रैप निशानेबाज

47 वर्षीय जोरावर पिछले साल अक्टूबर में एथेंस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर ट्रैप शूटिंग में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय निशानेबाज बने थे। उन्होंने विश्व कप फाइनल्स में भी पदक दौर तक जगह बनाई, लेकिन आखिर में सातवें स्थान पर रहे। जोरावर ने पीटीआई से कहा, एनआरएआई को टीम के चयन पर फिर से विचार करना चाहिए लेकिन उनका फैसला जो भी होगा उसे मुझे स्वीकार करना होगा।

पैट कमिंस पर 12 लाख का जुर्माना

अहमदाबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर यहां गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, आईपीएल की धीमी ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का यह पहला अपराध था इसलिए कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

श्रीकांत, सिंधु और लक्ष्य थाईलैंड ओपन में जीते

बैंकॉक। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदाम्बी श्रीकांत थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि इस पांच लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने चीनी ताइपे की तुंग सियू तोंग को 21-9 21-12 से हराया जबकि सातवें वरीय और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दो बार के फाइनलिस्ट लक्ष्य ने सिंगापुर के जिया हेंग जेसन को 21-16 21-17 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया के पूर्व नंबर एक

खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर किया। श्रीकांत का सामना प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के सू लि यांग से होगा जबकि सिंधु डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता थॉमस कप के दौरान लगी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वह चीनी ताइपे के वांग पो वेई और चीन के झू शुआन चेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। इस साल थाईलैंड मास्टर्स के रूप में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी जापान की नात्सुकी निदाइरा को एक घंटे 11 मिनट में 21-19 13-21 21-15 से शिकस्त दी। एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने कनाडा की वेन यू झेंग को 13-21 26-24 21-13 से हराया लेकिन तन्वी शर्मा को जापान की हीना अकेची के खिलाफ 17-21 8-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: बुमराह शीर्ष पर बरकरार, जायसवाल और गिल शीर्ष 10 में

दुबई। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल बल्लेबाजों की सूची में क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट 880 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। जायसवाल के 750 अंक हैं।

गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है और उनके 730 अंक हैं। हैरी ब्रूक इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं जबकि उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ का नंबर आता है। भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत 2026 में अब तक एक भी मैच नहीं खेला है। टीम ने अपनी पिछली श्रृंखला स्वदेश में

नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर चल रहे बुमराह के 879 अंक हैं। इस सूची में अगला सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज हैं जो 12वें पायदान पर हैं। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमशः 14वें और 15वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस एक-एक स्थान के फायदे से क्रमशः दूसरे और पांचवे पायदान पर हैं। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर एशेज श्रृंखला में हार के मद्देनजर आत्ममंथन के दौर के बाद इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहली बार विदेशी राष्ट्रीय चयनकर्ता नियुक्त किया है और नयी टेस्ट टीम चुनी है।

गुजरात टाइटंस ने पंजाब को चारों खाने चित किया : विटोरी

अहमदाबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में गुजरात टाइटंस की मजबूत टीम ने अपने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से उनकी टीम को चारों खाने चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। साई सुदर्शन (61) और वाशिंगटन सुंदर (50) के अर्धशतकों की बदौलत गुजरात ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए।

अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य समापन

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर (बैडमिंटन/टेबल टेनिस) प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) 2025-26 का भव्य समापन समारोह आज दिनांक 13.05.2026 को मुख्य अतिथि राजीव कृष्ण पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह के दौरान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि देश के विभिन्न राज्यों एवं संस्थाओं से आई 42 टीमों के लगभग 1400 खिलाड़ियों, जिनमें लगभग 300 महिला खिलाड़ी शामिल रहीं, ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, खेल कौशल एवं संघर्ष भावना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मेडल विजेता ही नहीं, बल्कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक खिलाड़ी एक चैंपियन है। खिलाड़ियों ने कठिन परिस्थितियों, समयाभाव एवं चोट जैसी चुनौतियों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित भारत 2047 की परिकल्पना में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ाने में अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कोच, टीम मैनेजरों एवं संस्था प्रमुखों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराकर इस

उत्तर प्रदेश पुलिस में खिलाड़ियों को मिल रहा भर्ती, पदोन्नति एवं प्रोत्साहन का लाभ

मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही दर्शकों एवं आयोजन समिति की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

रामगढ़ताल में गूंजी बेटियों की हुंकार

खेल संवाददाता

गोरखपुर। कहते हैं कि बेटियां अगर ठान लें तो लहरों का रुख मोड़ देती हैं। बुधवार को रामगढ़ताल के किनारे कुछ ऐसा ही नजारा दिखा, जब देश भर से आई जांबाज महिला रोअर्स 'अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग' के उद्घाटन समारोह में अपनी पूरी ऊर्जा के साथ उतरीं। हालांकि, सबसे ज्यादा

अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग' का भव्य आगाज

उत्साह मेजबान 'उत्तर प्रदेश' की टीम को लेकर दिखा, जिन पर घरेलू दर्शकों के सामने अच्छे प्रदर्शन की चुनौती होगी। 'गोरखपुर क्वींस' के रूप में लहरों पर उतरने वाली सूबे की इन जांबाज बेटियों ने आज अपने उत्साह से सबका दिल जीत लिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश खेल विभाग के बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग से आयोजित लीग का आयोजन 12 से 16 मई तक किया जा रहा है। मुख्य अतिथि श्री पुष्पराज

सिंह (सचिव, गोरखपुर विकास प्राधिकरण) ने लीग का उद्घाटन करते हुए कहा कि गोरखपुर अब केवल अपनी विरासत के लिए नहीं, बल्कि वॉटर स्पोर्ट्स के हब के रूप में भी पहचाना जा रहा है।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाते हुए आगे कहा कि अस्मिता लीग जैसी प्रतियोगिताएं न केवल बेटियों को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि खेल संस्कृति को भी नई ऊंचाई देती हैं। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप रामगढ़ताल आज विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह तैयार है। अब ताल की लहरें गवाह बनेंगी उन सुनहरे सपनों की, जिन्हें ये बेटियां अपने चप्पू की ताकत से हकीकत में बदलने आई हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद आरएफआई के महासचिव शुभाशीष मुखर्जी ने लीग के ज्यूरी व ऑफिशियल को एक्रिडिएशन कार्ड प्रदान कर सम्मानित करते हुए कहा कि लीग की सबसे खास बात इसकी इनामी राशि है। पहली बार रोइंग में पदक विजेताओं को ही नहीं, बल्कि आठवें स्थान तक आने वाली टीमों को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा (उपाध्यक्ष, आरएफआई) ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य आकर्षण खिलाड़ियों का शपथ लेना रहा। केरल की 'कोचीन क्वींस' से लेकर मेजबान 'गोरखपुर क्वींस' और अंडमान की 'अचीवर्स' तक, जब 16 टीमों की खिलाड़ी तिरंगे के सम्मान में ताल के किनारे उतरीं, तो पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की लीगल कमेटी के चेयरमैन राकेश शुक्ला, गोरखपुर

ताल की लहरों पर दिखेगा बेटियों का दम, 14 मई से शुरू होंगी रोमांचक रेसें

मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी आले हैदर, समाजसेवी अमित बथवाल व शुभम बथवाल भी मौजूद रहे।

लीग में 14 मई (गुरुवार) को हीट्स की शुरुआत सुबह सात बजे से होगी। सभी स्पर्धाएं 1000 मीटर के ट्रैक पर होंगी। लीग में अंडर-15 आयु वर्ग में सिंगल स्कल (1), डबल स्कल (2), पेयर्स (2-) और कॉक्सलेस फोर्स (4-), अंडर-19 में सिंगल स्कल (1), डबल स्कल (2), पेयर्स (2-) और क्वाड्रुपल स्कल (4), और ओपन वर्ग में डबल स्कल (2), पेयर्स (2-), एलडब्ल्यू डबल स्कल (छह2) और एलडब्ल्यू पेयर्स (छह2-) की स्पर्धाएं होंगी।

प्रदेश का पूर्ण विकास होगा : सीएम विजय

अन्नाद्रमुक के सदस्यों ने की क्रॉस वोटिंग, सरकार के पक्ष में पड़े 144 वोट

चेन्नई। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के 25 बागी सदस्यों द्वारा क्रॉस-वोटिंग किये जाने के बाद सी जोसेफ विजय नीत सरकार के पक्ष में मतों की संख्या 144 तक पहुंच गई, जो विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए आवश्यक जादुई आंकड़े 118 से कहीं अधिक है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने विश्वास प्रस्ताव के दौरान विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लगाए।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि टीवीके सरकार उधार के सहयोगियों के सहारे और अन्नाद्रमुक को विभाजित करके सत्ता में आई है। मुख्यमंत्री विजय द्वारा पेश विश्वास प्रस्ताव के दौरान पूर्व राज्य मंत्रियों एस पी वेलुमणि और सी वे षणमुगम सहित अन्नाद्रमुक के 25 विधायकों ने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) सरकार के समर्थन में मतदान किया। विश्वास प्रस्ताव के दौरान टीवीके के पास सदन में प्रभावी तरीके से 105 विधायक थे। अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (एएमएमके) के एकमात्र विधायक एस कामराज ने भी सरकार के पक्ष में मतदान किया। उन्हें पार्टी प्रमुख टी टी वी दिनाकरन ने टीवीके का समर्थन करने के लिए 12 मई को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के पलनीस्वामी का समर्थन कर रहे 21 विधायकों और स्वयं पलनीस्वामी ने विजय सरकार के खिलाफ मतदान किया, जबकि पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के चार विधायकों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एकमात्र सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए। द्रमुक के सभी 59 विधायकों और उसकी सहयोगी देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कषगम (डीएमडीके) की विधायक प्रेमलता विजयकांत ने सदन से बहिर्गमन किया। मुख्यमंत्री

विजय ने बाद में विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि उनकी सरकार पर्दे के पीछे राजनीतिक सौदेबाजी में संलिप्त होने के बजाय विकास प्रदान करने के लिए पूरी गति से काम करेगी। विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाने की वजह से जेसीडी प्रभाकर, अदालती मामले के कारण आर श्रीनिवास सेतुपति और मुख्यमंत्री द्वारा तिरुचिरापल्ली पूर्व निर्वाचन क्षेत्र खाली करने के कारण टीवीके की विधानसभा में मतदान के लिए प्रभावी संख्या 105 रह गई। हालांकि, क्रॉस-वोटिंग की वजह से नवगठित सरकार को 144 मत मिले जो बहुमत के लिए आवश्यक 118 संख्या से कहीं अधिक है। मतदान से पहले, पलनीस्वामी ने विधानसभा द्वारा मुख्यमंत्री की ओर से पेश विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अन्नाद्रमुक के बागी विधायक एस पी वेलुमणि को आमंत्रित करने पर आपत्ति जताई और कहा कि उनकी पार्टी ने अकेले दम पर 47 सीटें जीती हैं। पलनीस्वामी ने कहा, लोगों ने दो पत्ती के चिह्न पर हमें वोट दिया। मेरे द्वारा पार्टी महासचिव के रूप में यह घोषणा करने के बाद कि हम इस प्रस्ताव पर सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे, उन्हें बोलने के लिए आमंत्रित करना उचित नहीं है।

ट्रंप बीजिंग पहुंचेः चिनफिंग से ईरान युद्ध व्यापार सहित विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

बीजिंग। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को तीन दिवसीय राजकीय दौरे पर चीन पहुंचे। इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ ईरान युद्ध सहित कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर चीन की यात्रा पर आए ट्रंप का हवाई अड्डे पर उपराष्ट्रपति हान झेंग ने स्वागत किया। विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के राष्ट्राध्यक्ष सातवीं बार आमने-सामने की बातचीत करेंगे। इससे पहले ट्रंप-चिनफिंग ने अक्टूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में आमने-सामने की बैठक की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति नौ वर्षों में अपनी दूसरी चीन यात्रा पर बीजिंग पहुंचे हैं ताकि व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जा सके और टैरिफ को लेकर चल रहे तनाव को समाप्त किया जा सके। टैरिफ की वजह से अमेरिका को चीन से होने वाले 525 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के निर्यात प्रभावित हो रहे हैं। ट्रंप शीर्ष कंपनियों के सीईओ के साथ बीजिंग पहुंचे हैं। वह अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में चीन का दौरा करने वाले अंतिम अमेरिकी राष्ट्रपति थे। अमेरिका की प्रधान उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने रविवार को कहा था कि राष्ट्रपति ट्रंप बृहस्पतिवार को शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों नेता शुक्रवार को चाय पर मुलाकात करेंगे और उसी दिन दोपहर के भोज पर भी बैठक करने का कार्यक्रम है। केली के मुताबिक अमेरिका इस साल के अंत में चीन के राष्ट्राध्यक्ष की पारस्परिक यात्रा की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। ट्रंप के बीजिंग पहुंचने से पहले, चीन के उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग और अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने दक्षिण कोरिया में व्यापार वार्ता का अंतिम दौर पूरा किया। हालांकि, इस बातचीत की विस्तृत जानकारी साझा नहीं की गई है, जिसके विवरण ज्ञात नहीं हैं। बातचीत व्यापार और शुल्क, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी, ताइवान और अमेरिका द्वारा ताइवान को हथियारों की बिक्री, ईरान और पश्चिम एशिया की सुरक्षा और दुर्लभ धातुओं और आपूर्ति शृंखलाओं पर केंद्रित किया गया।

संक्षेप

पटना में 15 मिनट का ब्लैकआउट अभ्यास

पटना। बिहार के पटना जिले में 14 मई की शाम विभिन्न शहरी इलाकों में 15 मिनट का सिविल डिफेंस ब्लैकआउट एंड एयर रेड मॉकड्रिल किया जाएगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह अभ्यास शाम सात बजे से सात बजकर 15 मिनट तक पटना नगर निगम क्षेत्र, दानापुर निजामत, खगौल और फुलवारीशरीफ में किया गया। पटना के जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, यह पूर्व निर्धारित अभ्यास केंद्र और राज्य सरकार के निर्देश पर किया जा रहा है। बयान में बताया गया कि इस अभ्यास का उद्देश्य हवाई हमले जैसी आपात स्थिति में प्रशासन, राहत एजेंसियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारी और समन्वय क्षमता की जांच करना था। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार का वास्तविक खतरा नहीं है और लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। प्रशासन के अनुसार, अभ्यास के दौरान सायरन बजते ही लोगों से घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की सभी लाइटें बंद रखने की अपील की गई थी। जिला प्रशासन ने अभ्यास को लेकर विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी थीं।

असम मंत्रिमंडल ने यूसीसी लागू करने की मंजूरी दी

गुवाहाटी। असम मंत्रिमंडल ने बुधवार को राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को मंजूरी दे दी। हालांकि आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल की पहली मंत्रिमंडल बैठक की अध्यक्षता करने के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यूसीसी विधेयक 26 मई को नयी विधानसभा में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया एक महत्वपूर्ण निर्णय है और यह चुनावों के दौरान किए गए हमारे वादे के अनुरूप है। शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड, गोवा और गुजरात पहले ही यूसीसी को लागू कर चुके हैं, लेकिन उनकी सरकार ने इसे असम की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया है। हमने आदिवासी आबादी को यूसीसी के दायरे से पूरी तरह से बाहर रखा है। असम के लोगों द्वारा पालन किए जाने वाले सभी रीति-रिवाज, परंपराएं और प्रथाएं यूसीसी के दायरे से बाहर हैं।

भारत हमेशा से एक हिंदू राष्ट्र रहा है : होसबाले

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शीर्ष पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि आरएसएस हिंदू राष्ट्र का निर्माण नहीं कर रहा है क्योंकि भारत हमेशा से ही एक हिंदू राष्ट्र रहा है। उन्होंने कहा कि गैर-हिंदू अलग नहीं हैं, क्योंकि सभी के पूर्वज और डीएनए एक ही है। आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) होसबाले ने पीटीआई-भाषा को दिये एक विशेष साक्षात्कार में कहा, यहां ब्रिटिश राज था, है ना? ब्रिटिश राज था... तब भी, यह एक हिंदू राष्ट्र था। यह ब्रिटिश राष्ट्र नहीं था।

उन्होंने कहा कि देश में कई धार्मिक समूह हैं, जिन्हें अक्सर अल्पसंख्यक के रूप में वर्णित किया जाता है और उनमें से कोई भी द्वितीय श्रेणी का नागरिक नहीं है। होसबाले ने कहा कि आरएसएस के भीतर भी ऐसे कई लोग हैं जो इन धार्मिक समूहों से आते हैं और संघ स्वयंसेवक हैं। वे हमारे लिए दिखावे की वस्तु नहीं हैं। उनसे पूछा गया कि जब आरएसएस हिंदुत्व या हिंदू राष्ट्र की बात करता है तो संघ अल्पसंख्यकों को कैसे आश्वस्त करेगा

कि वे भारत में सुरक्षित हैं। होसबाले ने कहा कि आरएसएस की स्थापना के 100 साल बाद से ये सवाल अनगिनत बार पूछे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब लोग कहते हैं कि डर है, तो मैं पूछता हूं कि क्या हुआ है? क्या मुसलमानों की संख्या कम हो गई है? उन्होंने कहा कि क्या उन्हें भागना पड़ा? क्या उनके साथ द्वितीय श्रेणी के नागरिकों जैसा व्यवहार किया जाता है? होसबाले ने अपनी बात को पुष्ट करने के लिए महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों का उदाहरण दिया। उन्होंने पूछा कि क्या सरकारी योजनाएं अन्य धर्मों के लोगों तक नहीं पहुंच रही हैं? मुस्लिम और विपक्षी नेताओं का हालांकि कहना है कि आरएसएस समर्थित भाजपा के 2014 में सत्ता में आने के बाद से अल्पसंख्यक समुदाय खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। वे इसके लिए कथित गो-तस्करी के मामलों में भीड़ द्वारा पीट-पीट कर की गई हत्या के मामलों, धर्मांतरण, लव जिहाद और रोजमर्रा के भेदभाव के आरोपों का हवाला देते हैं। होसबाले ने कहा कि इन सवालों को बार-बार उठाने से अल्पसंख्यक समुदायों में अनावश्यक रूप से भय पैदा हो रहा है।

जब राष्ट्रीयता एक है और हमारे पूर्वज एक हैं, तो हम उन्हें अलग नहीं मानते। जो लोग मानते हैं कि दुनिया एक परिवार है, वे दूसरे धर्म के लोगों से कैसे भेदभाव कर सकते हैं? बिल्कुल नहीं। वह भी सिर्फ इसलिए कि कोई दूसरे धर्म का पालन करता है। होसबाले ने कहा कि आरएसएस अल्पसंख्यक समुदायों के नेताओं के साथ निरंतर संवाद करता रहता है। उन्होंने कहा, आरएसएस में हम कहते हैं कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यक की यह अवधारणा ही ठोस आधार पर टिकी नहीं है। जब हम कहते हैं कि हम सब एक हैं।

एटीएस ने 40 स्थानों पर छापेमारी की

मुंबई। महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तान से अपराध को अंजाम देने वाले गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में रहने वाले लोगों की तलाश में बुधवार को मुंबई सहित पूरे राज्य में 40 से अधिक स्थानों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 53 संदिग्धों से पूछताछ की गई। एक अधिकारी ने बताया कि विदेश से अपना गिरोह चला रहा भट्टी सोशल मीडिया के माध्यम से भारत में युवाओं को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल करने की कथित तौर पर कोशिश कर रहा था। उन्होंने बताया कि मुंबई, अकोला, नांदेड, पुणे, मीरा रोड (ठाणे जिले में), नालासोपारा (पालघर), नासिक, जलगांव, नागपुर सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर तड़के छापेमारी की कार्वाई शुरू की गई। अधिकारी ने कहा कि

एटीएस को कुछ व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। उन्होंने बताया कि ये संदिग्ध लोग भट्टी और उसके गिरोह के कथित तौर पर संपर्क में थे। उन्होंने बताया कि पूरे राज्य में ऐसे 53 व्यक्तियों की पहचान की गई और उनके ठिकानों का पता लगाने के बाद उनसे पूछताछ की जा रही है। जांचकर्ताओं ने पिछले हफ्ते पाया कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने शहजाद भट्टी से जुड़े गुर्गों के माध्यम से दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत राजमार्ग पर एक लोकप्रिय ढाबे और हरियाणा में एक सैन्य शिविर पर हमले की कथित तौर पर साजिश रची थी। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैंग बस्ट ऑपरेशन 2.0 के तहत कई राज्यों से गिरफ्तार किए गए मॉड्यूल के नौ कथित सदस्यों से पूछताछ की थी, जिसके दौरान ये खुलासे हुए। दिल्ली पुलिस ने हाल ही में पांच से छह मई तक राष्ट्रीय राजधानी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध गिरोहों तथा उनके सहयोगी नेटवर्क को निशाना बनाकर 48 घंटे का अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान भट्टी से जुड़े नौ गुर्गों सहित 482 कथित गैंगस्टर और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को उत्तर भारत और दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी करने का काम सौंपा गया था।

शुभेंदु के सहयोगी की हत्या से संबंधित मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची सीबीआई टीम

कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक टीम पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को एक बार फिर उत्तर 24 परगना जिले में स्थित घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मामले की जांच का जिम्मा संभालने के बाद से टीम दूसरी बार घटनास्थल पर पहुंची है। सीबीआई ने राज्य सरकार के अनुरोध पर सोमवार को पुलिस से मामले की जांच की जिम्मेदारी ली और प्राथमिकी दर्ज करने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों का सात सदस्यीय जांच दल गठित किया। घटनास्थल पर पहुंची सीबीआई टीम के पास आधुनिक 3डी स्कैनर थे, जिससे यह पता चलता है कि मामले की तकनीकी स्तर पर जांच की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि घटनास्थल का डिजिटल मानचित्र बनाने के लिए स्कैनरों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे जांचकर्ताओं को हत्या के घटनाक्रम के बारे में जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। टीम कई घंटे घटनास्थल पर रही और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की। हत्या के मामले में अब तक उत्तर प्रदेश और बिहार से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक शार्प शूटर भी शामिल है। उनकी पहचान मयंक राज मिश्रा, विक्की मौर्य और राज सिंह के रूप में हुई है। जांचकर्ता पूरी साजिश का पता लगाने और सरगना की पहचान के लिए उनसे पूछताछ कर रहे हैं। छह मई की रात कोलकाता हवाई अड्डे से लगभग सात किलोमीटर दूर मध्यमग्राम के दोहड़िया लेन में गोली मारकर रथ की हत्या कर दी गई थी। भाजपा नेताओं ने इसे "साजिशन हत्यौ बताया है।

इंटरटेनमेंट...

कांस-2026 : आलिया का तीसरा लुक आया सामने

मुंबई। दुनियाभर का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल और कल्चरल इवेंट कांस 12 मई से शुरू हो चुका है। फेस्टिवल 23 मई तक फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में जारी रहेगा। लोरियल पेरिस की तरफ से कांस पहुंचीं आलिया भट्ट के अब तक तीन लुक सामने आ चुके हैं। तीसरे लुक में आलिया डिजाइनर तरुण तहिलियानी की आइवरी साड़ी में दिखाई दीं। वे फ्रेंच रिवेरा में भारत पैवेलियन पहुंचीं, जहां उन्होंने फिल्म मेकर आशुतोष गोवारिकर के साथ 57वें

उर्वशी भी शामिल हुईं, 40 साल पुरानी फिल्म दिखाई जायेगी, चप्पल पहनना, पर्स रखना मना

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और क्रिएटिव विजन लॉन्च किया। आलिया भट्ट और उर्वशी रौतेला के अलावा इस साल भारत से ऐश्वर्या राय, मौनी रॉय, अदिति राव हैदरी और एहसास चन्ना कांस के रेड कार्पेट में पहुंचेंगी। एक्ट्रेस तारा सुतारिया भी कांस रेड कार्पेट पर डेब्यू करने वाली हैं। आलिया भट्ट, लॉरियल पेरिस की तरफ से कांस में आई हैं। तभी से कयास लग रहे हैं कि उन्होंने ऐश्वर्या राय को रिप्लेस किया है। कांस ओपनिंग सेरेमनी के रेड कार्पेट में आलिया भट्ट ने कस्टम तमारा राल्फ गाउन पहनी। आलिया भट्ट ने ब्लश पिंक बॉडी कॉन क्रोसेट



फ्लोर लेंड ड्रेस पहनी। इस लुक को आलिया ने मिनिमल जूलरी के साथ कंप्लीट किया।

भगवान शिव के रोल में दिखेंगे रणवीर सिंह

मुंबई। रणवीर इस ट्रिलॉजी में भगवान शिव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह अपने करियर के एक और बड़े प्रोजेक्ट की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'उन्होंने अपने प्रोडक्शन बैनर 'मां कसम फिल्म' के तहत अमिश त्रिपाठी की लोकप्रिय किताब 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के फिल्मी राइट्स हासिल कर लिए हैं। इस कहानी को एक भव्य ट्रिलॉजी के रूप में बड़े स्तर पर बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए रणवीर ने बिड़ला स्टूडियोज के साथ साझेदारी भी की है। फिलहाल फिल्म का लेखन कार्य शुरूआती चरण में है और स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। मेकर्स पहले कहानी और विजन को पूरी तरह तैयार करने के बाद डायरेक्टर और बाकी टीम को फाइनल करेंगे।

अमिश त्रिपाठी की किताब 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के खरीदे राइट्स

सबसे खास बात यह है कि खबरों के अनुसार 'रणवीर इस ट्रिलॉजी में भगवान शिव का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हालांकि बाकी प्रमुख किरदारों के लिए कास्टिंग अभी तय नहीं हुई है। इस प्रोजेक्ट के राइट्स हासिल करने के लिए रणवीर ने बड़ी रकम खर्च की है, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं की गई है। 'धुरंधर' की सफलता के बाद यह प्रोजेक्ट रणवीर के करियर का सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके अलावा रणवीर सिंह के पास और भी फिल्में हैं।

जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी ली वापस

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने मंगलवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से अपनी वह अर्जी वापस ले ली है, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की मांग की थी। प्रवर्तन निदेशालय ने उनकी

ईडी ने किया था विरोध, 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला

इस अर्जी का कड़ा विरोध किया था। जांच एजेंसी का कहना है कि जैकलीन इस मामले में कोई पीड़ित नहीं बल्कि इस अपराध की मुख्य लाभार्थी रही हैं। ईडी ने क्यों किया

जैकलीन की अर्जी का विरोध? सोमवार को ईडी ने कोर्ट में अपना जवाब दाखिल किया था। जांच एजेंसी ने कहा कि जैकलीन की भूमिका इस केस में बहुत छोटी नहीं है।

प्रोड्यूसर करण जौहर की 'चांद मेरा दिल' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, सोशल मीडिया पर अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। डायरेक्टर और प्रोड्यूसर करण जौहर के धर्मा

लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे पहली बार एक साथ फिल्म में नजर आएंगे

प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'चांद मेरा दिल' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में लक्ष्य लालवानी और अनन्या पांडे मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। दोनों कलाकार पहली बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में अनन्या पांडे 'चांदनी' का किरदार निभा रही हैं, जबकि लक्ष्य 'आरव' के रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है। ट्रेलर की शुरूआत एक 'सॉरी' से होती है, जहां आरव से ऐसी

गलती हो जाती है जिसे चांदनी माफ नहीं कर पाती। इसके बाद आरव उसे दूसरा मौका देने के लिए बार-बार कोशिश करता है, लेकिन चांदनी अपने प्यार से ज्यादा अपनी इज्जत को चुनती है। कहानी दोस्ती, प्यार और हार्टब्रेक के इर्द-गिर्द घूमती है।

दो इंजीनियरिंग छात्रों की यह लव स्टोरी धीरे-धीरे इमोशनल और दर्दभरी मोड़ ले लेती है। ट्रेलर में एक डायलॉग 'इज्जत प्यार से बड़ी होती है' खास तौर पर दर्शकों को प्रभावित कर रहा है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com